kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-262 | सोमवार, 27 अक्टूबर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



'आप सभी को महापर्व छठ की खरना पूजा की असीम शुभकामनाएं। सभी व्रतियों को सादर नमन! श्रद्धा और संयम के प्रतीक इस पावन अवसर पर गुड़ से तैयार खीर के साथ ही सात्विक प्रसाद ग्रहण करने की परंपरा रही है। मेरी कामना है कि इस अनुष्ठान पर छठी मइया हर किसी को अपना आशीर्वाद दें। नरेंद्र मोदी

'मोंथा' के मद्देनजर सेना हाई अलर्ट पर 11
कपिल मिश्रा ने सचदेवा के साथ कई छठ घाटों का किया निरीक्षण 12

## भगवद्गीता आधुनिक विश्व के लिए 'ज्ञान का अमृत' है: चीनी विद्वान

एजेंसी



बीजिंग। चीन के विद्वानों ने भगवद गीता को 'ज्ञान का अमृत' और भारतीय सभ्यता का संक्षिप्त इतिहास बताते हुए आधुनिक दुनिया के लोगों के आध्यात्मिक और भौतिक संकटों के समाधान का स्रोत बताया। यह बातें 'संगम - भारतीय दार्शनिक परंपराओं का संगम' नामक संगोष्ठी में कही गईं, जिसे भारतीय दूतावास ने आयोजित किया। संगोष्ठी में 88 वर्षीय प्रोफ़ेसर झांग बाओशेंग मुख्य वक्ता थे, जिन्होंने भगवद गीता का चीनी भाषा में अनुवाद किया है। उन्होंने गीता को भारत का दार्शनिक विश्वकोष और आध्यात्मिक महाकाव्य बताया, जो आज भी भारतीय जीवन पर गहरा प्रभाव डालता है। प्रो. झांग ने कहा कि उन्होंने 1984-86 के दौरान भारत की यात्रा के दौरान हर जगह भगवान कृष्ण की उपस्थिति का अनुभव किया।

सेंटर फॉर ओरिएंटल फिलॉसफी रिसर्च के डाइरेक्टर प्रो. वांग झी-चेंग ने कहा कि गीता 5,000 साल पहले की प्राचीन भारतीय युद्धभूमि की संवाद है, जो आज भी आधुनिक जीवन की उलझनों और चिंताओं का समाधान प्रस्तुत करती है। उन्होंने गीता की तीन प्रमुख शिक्षाओं कर्म योग, सांख्य योग, और भक्ति योग को आधुनिक जीवन के लिए मार्गदर्शक बताया। प्रो. यू लोंगयू, सेंटर फॉर इंडियन स्टडीज, शेनझेन यूनिवर्सिटी ने कहा कि भारतीय सभ्यता का गहरा दार्शनिक और सांस्कृतिक विरासत अध्ययन के योग्य है और चीनी विद्वानों को इसे समर्पण के साथ सीखना चाहिए। भारतीय दूत, प्रदीप कुमार रावत, ने कहा कि गीता समेत भारत के दर्शनशास्त्र ने हमेशा मानवता के सबसे महत्वपूर्ण प्रश्नों 'सत्य क्या है? वास्तविकता का स्वरूप क्या है? ज्ञान और कर्म कैसे अंतिम मुक्ति की ओर ले जाते हैं?' का उत्तर देने का प्रयास किया है। विद्वानों ने इस ● शेष पेज 11 पर

## उप्र में लोक आराधना का महापर्व डाला छठ पूजन की धूम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व चार दिवसीय डाला छठ रविवार को दूसरे दिन पूरे उत्तर प्रदेश में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। व्रती महिलाओं ने दिनभर निर्जल रहकर संध्या समय खरना पूजा की रस्म निभाई। इस दौरान प्रदेश भर के जिलों में स्थित पवित्र नदियों के घाटों, सरोवरों और तालाबों पर वेदी बनाने की तैयारी चलती रही।

वाराणसी, लखनऊ, प्रयागराज, अयोध्या, गोरखपुर और कानपुर सहित प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों में छठ महापर्व की झलक दिख रही है। गंगा, वरूणा, गोमती और सरयू नदी के घाटों को आकर्षक रोशनी और रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया है। सभी जिलों के जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सफाई और सुचारु व्यवस्था के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। पर्व को लेकर सुबह से ही व्रती महिलाएं व्रत की तैयारी में जुट गईं। पूरे दिन निर्जला उपवास के बाद शाम को स्नान कर छठी मइया की पूजा-अर्चना की गई। पूजन के पश्चात छठी मइया को रसियाव, खीर, घी लगी रोटी, अरवा चावल, गुड़, दूध से बनी बखीर और केला का भोग अर्पित किया गया। इसके बाद व्रती महिलाओं ने यह प्रसाद स्वयं ग्रहण कर परिजनों में वितरित किया। खरना के बाद व्रती महिलाओं ने घर और शुभचिंतक परिवार की सुहागिनों की मांग भर उन्हें सदा सुहागन रहने का आशीष दिया। खरना के साथ ही व्रती महिलाओं का 36 घंटे का निर्जला व्रत प्रारंभ हो गया है। सोमवार अपरान्ह महिलाएं गीत गाते हुए सिर पर पूजा की देउरी रखकर गाजे-बाजे के साथ घाटों की ओर जाएंगी और अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगी। मंगलवार की भोर में उदयाचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ व्रत का पारण होगा। पूरे प्रदेश में छठ पूजा का उल्लास देखने को मिल रहा है। लखनऊ मंडल के रेलवे स्टेशनों, बाजारों और गलियों में कांच ही बांस के बहंगिया, बाट जे पूछेला बटोहिया और बहंगी लचकत जाए जैसे पारंपरिक गीतों की गूंज माहौल को भक्तिमय बना रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छठ पर्व पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष निर्देश जारी किए हैं। घाटों पर सुरक्षा, सफाई, पेयजल, चिकित्सा, शौचालय और भीड़ प्रबंधन की सुदृढ़ व्यवस्था ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### आठवले बिहार में अंबेडकर अनुयायियों से राजग के लिए मांगेंगे वोट

नयी दिल्ली। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) अध्यक्ष तथा केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा है कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ता बिहार विधानसभा चुनाव में गांव-गांव जाकर प्रचार करेंगे और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवारों के लिए वोट मांगेंगे। श्री आठवले ने रविवार को यहाँ जारी एक बयान में कहा कि आरपीआई के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर राजग प्रत्याशियों के समर्थन में सक्रिय रूप से प्रचार कर बिहार में राजग की जीत सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य के अंबेडकर अनुयायियों, अनुसूचित जाति, जनजाति, दलित, पिछड़ा सहित सभी वर्गों से आह्वान किया कि वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व को सशक्त बनाने के लिए राजग प्रत्याशियों को अपना समर्थन दें। केंद्रीय मंत्री ने राजग सरकार की विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के अतिरिक्त आयुष्मान भारत योजना और अन्य जनकल्याणकारी नीतियों के माध्यम से बिहार के हर वर्ग के हित में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं।

### स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ता परिषद-पॉवर कॉर्पोरेशन आमने-सामने

**लखनऊ।** प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के मूल्य को लेकर चल रही लड़ाई तेज होती जा रही है। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद और पॉवर कॉर्पोरेशन प्रबंधन आमने-सामने हैं। दोनों एक दूसरे पर सवाल उठा रहे हैं। परिषद ने पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की है तो कॉर्पोरेशन प्रबंधन पूरी कार्यवाही नियमों के तहत करने की दुहाई दे रहा है। प्रदेश में नए कनेक्शन पर प्रीपेड स्मार्ट मीटर अनिवार्य कर दिया गया है।

## 'आसियान भारत की एक्ट ईस्ट नीति का मुख्य स्तंभ'

एजेंसी

### मोदी ने सम्मेलन को वर्चुअली किया संबोधित



- 21वीं सदी भारत और आसियान की, दोनों की साझेदारी वैश्विक स्थिरता और विकास का आधार: मोदी
- प्रधानमंत्री ने 2026 को आसियान भारत समुद्री सहयोग वर्ष घोषित किया

कुआलालंपुर /नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 21 वीं सदी को भारत और आसियान की सदी करार देते हुए जोर देकर कहा है कि अनिश्चितता के मौजूदा दौर में दोनों पक्षों की यह मजबूत साझेदारी वैश्विक स्थिरता और विकास का सशक्त आधार बनकर उभर रही है। श्री मोदी ने रविवार को मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में 22 वें आसियान-भारत सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लेते हुए अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि भारत आपदा के हर समय में आसियान के अपने मित्र देशों के साथ खड़ा रहा है।

प्रधानमंत्री ने इस मौके दोनों पक्षों के बीच समुद्री क्षेत्र में सहयोग बढाने के लिए वर्ष 2026 को 'आसियान-भारत समुद्री सहयोग ' का वर्ष घोषित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और आसियान मिलकर विश्व की लगभग एक चौथाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं और हम ऐतिहासिक संबंधों तथा साझे मूल्यों की डोर से बंधे हैं। उन्होंने कहा, भारत और आसियान मिलकर विश्व की लगभग एक चौथाई जनसंख्या को रिप्रजेंट करते हैं । हम सिर्फ जियोग्राफी ही शेयर नहीं करते। हम गहरे ऐतिहासिक संबंधों और साझे मूल्यों की डोर से भी जुड़े हुए हैं। हम ग्लोबल साउथ के सहयात्री हैं हम केवल व्यापारी ही नहीं सांस्कृतिक साझेदार भी हैं। श्री मोदी ने कहा कि आसियान भारत की एक्ट ईस्ट नीति का मुख्य स्तंभ है और दोनों पक्षों की साझेदारी अनिश्चितता के दौर में वैश्विक स्थिरता तथा विकास का सशक्त आधार बनकर उभर रही है। उन्होंने कहा आसियान, भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी का मुख्य स्तंभ है। भारत सदैव आसियान सेंट्रलिटी और इंडो पेसिफिक पर आसियान के आउटलुक का पूरा समर्थन करता रहा है। अनिश्चितताओं के इस दौर में भी भारत आसियान समग्र रणनीतिक पार्टनरशिप में सतत प्रगति हुई है और हमारी यह मजबूत साझेदारी वैश्विक स्थिरता और विकास का सशक्त आधार बनकर उभर रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष के सम्मेलन का थीम 'इनक्लूसिविटी और सस्टेनेबिलिटी' है। उन्होंने कहा, यह हमारे साझा प्रयासों में साफ झलकता है - चाहे वह डिजिटल इनक्लूजन हो या मौजूदा चुनौतियों के बीच फूड सिक्योरिटी और मज़बूत सप्लाई चेन सुनिश्चित करना हो। भारत इसका समर्थन करता है और इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत सभी तरह की आपदाओं में आसियान देशों के साथ मजबूती से खड़ा रहा है। उन्होंने कहा ,'' भारत हर आपदा में अपने आसियान मित्रों के साथ मज़बूती से खड़ा रहा है। आपदा के समय मानवीय सहायता अभियानों में, समुद्री सुरक्षा और समुद्री अर्थव्यवस्था में हमारा सहयोग तेज़ी से बढ़ रहा है। इसको देखते हुए, हम 2026 को ''आसियान-इंडिया समुद्री सहयोग वर्ष घोषित कर रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि इसके साथ ही, हम शिक्षा, पर्यटन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, ग्रीन एनर्जी और साइबर सुरक्षा में द्विपक्षीय सहयोग को मज़बूती से बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने दोनों पक्षों के बीच बढते सहयोग के महत्व का उल्लेख करते हुए जोर देकर कहा,'' 21वीं सदी हमारी सदी है। यह भारत और आसियान की सदी है। मुझे विश्वास है ● शेष पेज 11 पर

## ऑपरेशन सिंदूर और नक्सलवाद के खात्मे ने त्योहारों की रौनक बढ़ायी: मोदी

एजेंसी



- वंदे मातरम के 150वें साल को ऐतिहासिक बनाने में हर नागरिक दे योगदान
- छठ महापर्व संस्कृति, प्रकृति और सामाजिक एकता का प्रतिबिंब

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं और कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता और माओवादी समस्या के उन्मूलन के लिए उठाये गए कदमों के कारण इस वर्ष त्योहारों की रौनक पहले से ज्यादा हो गई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मासिक रेडियो संबोधन 'मन की बात' के 127वें संस्करण में कहा कि छठ पूजा भक्ति, स्नेह और परंपरा का संगम है और यह भारत की सामाजिक एकता का सबसे सुंदर उदाहरण है। मोदी ने कहा, ''छठ का महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच की गहरी एकता का प्रतिबिंब है। छठ के घाटों पर समाज का हर वर्ग एक साथ खड़ा होता है। उन्होंने कहा, ''ये दृश्य भारत की सामाजिक एकता का सबसे सुंदर उदाहरण हैं। आप देश और दुनिया के किसी भी कोने में हों, यदि मौका मिले, तो छठ उत्सव में जरूर हिस्सा लें। उन्होंने त्योहारों के इस अवसर पर नागरिकों को लिखे अपने पत्र को याद करते हुए कहा कि देश की उपलब्धियों से इस बार त्योहारों की रौनक पहले से ज्यादा हो गई है। उन्होंने कहा, '' 'ऑपरेशन सिंदूर' ने हर भारतीय को गर्व से भर दिया है। इस बार उन इलाकों में भी खुशियों के दीप

### बेमौसम बारिश की चेतावनी जारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के आसमान पर फिर से बादलों की सक्रियता बढ़ने वाली है। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी- दोनों तरफ से बन रहे मौसम तंत्रों के चलते प्रदेश में अगले कुछ दिनों तक बेमौसम बारिश होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग का कहना है कि सोमवार को बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी के कई जिलों में हल्की बारिश की संभावना है। साथ ही 27 से 31 अक्तूबर के बीच प्रदेश के कई जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि पूर्व-मध्य अरब सागर पर बने लो प्रेशर एरिया से लेकर पश्चिमी मध्य प्रदेश तक फैली द्रोणी के कारण अरब सागर से नमी आ रही है। इसके चलते बुंदेलखंड क्षेत्र और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में 27 अक्तूबर को ● शेष पेज 11 पर

## 21 नक्सलियों ने 18 ऑटोमैटिक हथियारों के साथ किया समर्पण

एजेंसी



- पिछले 10 दिन में बस्तर में ही 231 नक्सलियों ने हथियार के साथ हिंसा का रास्ता छोड़ा

कांकेर। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में नक्सली संगठन के डीवीसीएम सेक्रेटरी मुकेश सहित 21 नक्सलियों ने रविवार को हिंसा का रास्ता छोड़कर हथियारों के साथ समर्पण कर दिया। इनमें 8 पुरुष और 13 महिला नक्सली हैं। इन 21 कैडरों में 4 डीवीसीएम, 9 एसीएम और 8 पार्टी सदस्य कैडर के नक्सली शामिल हैं। यह सभी नॉर्थ सब जोनल ब्यूरो अंतर्गत केशकाल डिवीजन, कुएमारी, किसकोडो एरिया कमेटी में सक्रिय थे। इन 21 कैडरों ने 3 एके-47, 4 एसएलआर, 2 इंसास, 6 नग 303, 2 नग सिंगल शॉट और 1 बीजीएल लॉन्चर जैसे कुल 18 ऑटोमैटिक हथियार जमा किये हैं।

दरअसल, 7 अक्टूबर को नक्सलियों के माड़ डिवीजन की तरफ से एक पर्चा जारी हुआ था, जिसमें कहा गया था कि 15 अक्टूबर को नक्सली हथियार डालेंगे। इसके बाद 17 अक्टूबर को आधिकारिक रूप से सीसीएम रूपेश सहित कुल 210 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर जगदलपुर में डीजीपी, एडीजीपी, बस्तर आईजी के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था। इसके बाद ● शेष पेज 11 पर

## भारत में होगी एशिया-प्रशांत क्षेत्र के विमानन दुर्घटना जांच समूह की बैठक

एजेंसी

नयी दिल्ली। विमानन क्षेत्र के एशिया प्रशांत दुर्घटना जाँच समूह (एपीएसी-एआईजी) की चार दिवसीय बैठक 28 अक्टूबर से भारत में होगी।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय की ओर से विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) 28-31 अक्टूबर 2025 तक इस बैठक और कार्यशाला का आयोजन करेगा। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। एपीएसी-एआईजी की वार्षिक बैठक पहली बार भारत में आयोजित हो रही है। एशिया प्रशांत क्षेत्र के अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन के सदस्य देशों के साथ-साथ विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय संगठन (आईसीएओ) इस बैठक में भाग लेते हैं। आमतौर पर इस बैठक की मेजबानी एपीएसी क्षेत्र के आईसीएओ सदस्य देशों में से किसी एक द्वारा की जाती है। इसमें एशिया प्रशांत देशों के विमान दुर्घटना जांच प्राधिकरणों और आईसीएओ के लगभग 90 प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस बैठक में विमान दुर्घटना जांच के विभिन्न पहलुओं, जैसे प्रक्रियाओं और रिपोर्टिंग, पर चर्चा की जायेगी। समूह की बैठकों का उद्देश्य दुर्घटना/घटना जांच अधिकारियों के बीच विशेषज्ञता, अनुभव और सूचना के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना और एशिया एवं प्रशांत क्षेत्र में दुर्घटना/घटना जांच क्षमता में सुधार हेतु उनके बीच सहयोग को विकसित और सुदृढ़ करना है। कार्यशाला 28-29 अक्टूबर 2025 को आयोजित की जायेगी जिसमें विमान दुर्घटना जांच से संबंधित विषयों पर चर्चा की जायेगी। कार्यशाला में एएआईबी, नागर विमानन महानिदेशालय के अधिकारियों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागी भी शामिल होंगे। एशिया प्रशांत क्षेत्र के आईसीएओ सदस्य देशों के प्रतिनिधि और एएआईबी के अधिकारी 30 और 31 अक्टूबर को चर्चा करेंगे।

### राष्ट्रपति मुर्मु ने अत्याधुनिक अस्पताल यशोदा मेडिसिटी का किया उद्घाटन

## बीमार लोगों को इलाज की सुविधा देना सरकार की पहली प्राथमिकता

एजेंसी



- विकसित देशों की श्रेणी में आने के लिए हर नागरिक को स्वस्थ रहना जरूरी: राजनाथ सिंह
- आठ वर्ष में उत्तर प्रदेश में 42 मेडिकल कॉलेज बनाए गए: योगी आदित्यनाथ

गाजियाबाद। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि देश आज स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में बहुत ही तेज से विकसित हो रहा है। इसमें सरकार का योगदान भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बीमारी से लोगों का बचाव करना और उन्हें बेहतर इलाज की सुविधा देना सरकार की पहली प्राथमिकता है। सरकार इसके लिए स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर को लगातार विकसित कर रही है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु रविवार को गाजियाबाद के इंदिरापुरम में स्थित अत्याधुनिक सुविधायुक्त 1200 बेड के अस्पताल यशोदा मेडिसिटी का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति के यहां पहुंचने पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि हमें जानकर खुशी हुई कि यशोदा हॉस्पिटल ने कोविड दौरान बड़ी संख्या में लोगों की सेवा की और लोगों की जान बचाई। उन्होंने कहा कि मैंने जिंदगी में इस तरह के अत्याधुनिक स्वास्थ्य संस्थान पहली बार देखा है, जहां पर एक छत के नीचे सभी तरह की स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि देश आज स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में बहुत ही तेज गति से प्रगति कर रहा है। इसके लिए सरकार का योगदान भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बीमारी से लोगों का बचाव करना और उन्हें बेहतर सुविधा देना सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार इसके लिए स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर को लगातार विकसित कर रही है।

मुर्मु ने कहा कि सरकार के स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे कार्य स्वस्थ भारत और विकसित भारत में निर्णायक योगदान दे रहे हैं। स्वास्थ्य लाभ सभी का अधिकार है। और सरकार देश के सभी क्षेत्र में अच्छी स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने कहा कि हमें ध्यान रखना चाहिए कि गुणवत्ता से भरे स्वास्थ्य सेवा से कोई भी देशवासी वंचित न हो। उन्होंने देश के सभी स्वास्थ्य संस्थानों से अपील किया कि वे इसमें अमूल्य योगदान दें। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि यशोदा मेडिसिटी भी स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देगी। उन्होंने कहा कि बहुत संख्या मे गरीब लोग देश में रहते हैं। उनको भी स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए।

समारोह में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की स्वास्थ्य व्यवस्था ने एक नया रूप लिया है। पहले स्वास्थ्य गरीबों के लिए चिंता का विषय होता था, वही आज हर व्यक्ति को उपचार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत के माध्यम से देश के 10 करोड़ परिवारों को हर वर्ष 5 लाख रुपये स्वास्थ्य बीमा का कवच दिया गया है। 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को इसमें शामिल किया गया है। क्योंकि इस पड़ाव में उन्हें देखभाल की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। ऐसे में सरकार एक संरक्षक के रूप में उसके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि योजना के माध्यम से लोगों को सस्ती दवांए मुहैया कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि मेडिकल की पढ़ाई के क्षेत्र में भारी संख्या मे सीटें बढ़ाई गई हैं। देश में 22 एम्स बनाए गए हैं, जिनमे 12 एम्स पूरी तरह से कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि हमें भारत को विकसित देशों की श्रेणी में लाना है। यह एक बड़ा लक्ष्य है, इसके लिए हर नागरिक को स्वस्थ रहना अत्यंत जरूरी है। इसके लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यशोदा मेडिसिटी एक विश्व स्तर की हेल्थ सिटी है। इससे बड़ी ● शेष पेज 11 पर

# छठ महापर्व को लेकर मंडलायुक्त ने किया घाटों का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। छठ महापर्व के मद्देनज़र रविवार को मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने नगर आयुक्त गौरव कुमार तथा नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने लक्ष्मण मेला मैदान से निरीक्षण शुरू किया और स्टीमर द्वारा गोमती नदी के घाटों की सफाई, प्रकाश व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की। मंडलायुक्त ने छठ पर्व को श्रद्धा और अनुशासन से जुड़ा उत्सव बताते हुए कहा कि घाटों की साफ-सफाई एवं सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर होनी चाहिए। उन्होंने पुलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, बड़े डस्टबिन रखने, घाटों पर अर्पण कलश स्थापित करने और भीड़ नियंत्रण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सफाई व्यवस्था को सराहनीय बताया, साथ ही जहां आवश्यक था वहां सुधार के निर्देश भी दिए। नगर आयुक्त ने बताया कि गोमती नदी की सफाई के लिए नगर निगम ने 15 नावें और एक स्टीमर तैनात किया है, जिनकी जीपीएस के माध्यम से निगरानी की जा रही है। सभी प्रमुख घाटों पर महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग एवं अस्थायी शौचालयों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। अतिरिक्त सफाई कर्मियों की ड्यूटी के साथ जल पुलिस एवं आपदा प्रबंधन दल को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। मंडलायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी तैयारियां समयबद्ध पूर्ण हों और छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लखनऊ की छवि एक स्वच्छ और संस्कारी शहर के रूप में दिखाई दे, इसके लिए सभी विभाग अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाएं।

## एसीपी मोहनलालगंज विकास पांडेय ने संभाला चार्ज

# निगोहां बाजार में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ। चार्ज संभालने के दूसरे दिन रविवार को मोहनलालगंज के नए एसीपी विकास पाण्डेय ने सक्रियता दिखाते हुए निगोहा कस्बे और बाजार क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसीपी ने बाजार में दुकानदारों और स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं और पुलिस की उपस्थिति से क्षेत्र में सुरक्षा का भरोसा दिलाया। एसीपी विकास पाण्डेय ने थाना प्रभारी अनुज तिवारी को निर्देश दिए कि आगामी छठ पर्व को देखते हुए क्षेत्र में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए। उन्होंने पुलिस बल को भी नियमित गश्त और चेकिंग बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि कोई भी असामाजिक तत्व माहौल बिगाड़ने का प्रयास न कर सके। नए एसीपी के इस सक्रिय रुख से स्थानीय लोगों में सुरक्षा और विश्वास की नई भावना देखने को मिली।

# कचरे का अंबार, भूख से तड़पते गोवंश

## प्रशासन की लापरवाही उजागर, करोड़ों के बजट के बावजूद सड़कों पर पसरी गंदगी, कचरा गाड़ियां नदारद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। यमुनानगर क्षेत्र के नारीबारी में इन दिनों सड़कें कचरे के ढेर से पट चुकी हैं। नगर निगम की कचरा गाड़ियां कई दिनों से नहीं पहुंचीं, जिससे सड़ा हुआ कचरा जगह-जगह फैला है। इन्हीं कचरे के ढेरों में बेजुबान गोवंश पेट की आग बुझाने को मजबूर हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायतें कई बार की गईं, लेकिन न तो सफाईकर्मी पहुंचे और न ही अधिकारी। सड़क किनारे प्लास्टिक और थैलियों के बीच गोवंश को कचरा खाते देखना अब आम बात हो गई है। यह नजारा सीधे अधिकारियों के मार्ग पर मौजूद होने के बावजूद अनदेखा किया जा रहा है।

जानकार बताते हैं कि नगर निगम को सफाई और गोवंश संरक्षण के लिए करोड़ों रुपये का बजट आवंटित होता है, लेकिन कागजों पर चल रही योजनाएं जमीनी हकीकत से कोसों दूर हैं। अधिकांश गौशालाओं में रजिस्टर पर दर्ज संख्या और वास्तविक गोवंशों की स्थिति में भारी अंतर पाया गया है।

स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से तत्काल सफाई अभियान चलाने और भटकते गोवंश के लिए ठोस व्यवस्था करने की मांग की है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो यह स्थिति संक्रमण और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है।

# मिशन शक्ति 5.0–नारी शक्ति का नया आयाम

## महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की दिशा में प्रयागराज पुलिस का सशक्त कदम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना ‟मिशन शक्ति 5.0” के तहत रविवार को गंगानगर जोन के सभी थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया।

यह अभियान पुलिस आयुक्त और अपर पुलिस आयुक्त प्रयागराज के निर्देशन तथा पुलिस उपायुक्त (गंगानगर) और अपर पुलिस उपायुक्त (गंगानगर) के कुशल पर्यवेक्षण में संचालित हुआ। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों के प्रमुख बाजारों, शिक्षण संस्थानों, धार्मिक स्थलों व सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। मिशन शक्ति टीमों ने बालिकाओं को साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक किया और सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। टीमों ने महिलाओं को बताया कि किसी भी तरह की छेड़छाड़ या उत्पीड़न की स्थिति में वे डायल 112 या मिशन शक्ति टीम से तत्काल संपर्क करें। कार्यक्रम के दौरान महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों –पुलिस आपात सेवा 112, वूमेन पावरलाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, सीएम हेल्पलाइन 1076, साइबर हेल्पलाइन 1930 – की जानकारी दी गई तथा पंपलेट वितरित किए गए।

## नर्वदेश्वर लॉ कॉलेज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय विज्ञान दल के तत्वाधान में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को राज्यसभा सांसद अशोक वाजपेई द्वारा सम्मानित किया गया इस अवसर पर प्रतिष्ठित कवियों ने काव्य पाठ कर उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया,विख्यात कवि, आई ए एस,डॉ,अखिलेश मिश्र ने मनमोहक रचना सुनाकर चार चाँद लगा दिए। अखिल भारतीय विज्ञान दल के संस्थापक डॉ, मृदुल शुक्ल, ने अपने संबोधन में आय हुए अतिथियों का परिचय कराया, सम्मानित प्रतिष्ठित गणमान्य लोगों में कवि वैज्ञानिक, समाज सेवी, राजनीतिक पत्रकार ,लोक गायिका,अन्य कार्यकर्ता को,सम्मानित किया,ये कार्यक्रम डॉ, मृदुल शुक्ल के माता पिता की पुण्यतिथि पर नर्वदेश्वर लॉ कॉलेज लखनऊ में आयोजित किया गय।

## रविंद्र पासी की ईंट से कूचकर हत्या का सीसीटीवी फुटेज चार दिन बाद आया सामने

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** धूमनगंज थाना क्षेत्र के मुंडेरा चुंगी पेट्रोल पंप के पास हुई रविंद्र पासी की निर्मम हत्या का मामला अब नए खुलासे के साथ सामने आया है। घटना के चार दिन बाद पुलिस के हाथसीसीटीवी फुटेज लगा है, जिसमें हत्या से एक घंटे पहले रविंद्र पासी की पशु तस्कर अली से पेट्रोल पंप पर कहासुनी होती दिख रही है। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह हत्या पूर्व नियोजित साजिश के तहत की गई। आरोप है कि माफिया अतीक अहमद के करीबी रहे पशु तस्करों के गिरोह ने रविंद्र पासी को रास्ते से हटाने के लिए ईंट से कूचकर मौत के घाट उतार दिया। मृतक के परिवार की तहरीर पर पुलिस ने सात नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मुख्य आरोपी फिलहाल फरार बताए जा रहे हैं, जबकि आरोपियों को शरण देने वाले छह लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस कमिश्नर ने घटना के शीघ्र अनावरण के लिए विशेष टीम गठित की है। मौके से कई अहम सुराग मिले हैं और पुलिस सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

## बढ़ रहा व्हाइटनर का नशा, युवाओं में चिंताजनक लत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहर में युवाओं के बीच व्हाइटनर सूंघने की लत तेजी से बढ़ती जा रही है। आए दिन सुनसान स्थानों, पार्कों और गलियों में किशोर और युवा इसे नशे के रूप में इस्तेमाल करते दिखाई देते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह के नशे से मानसिक असंतुलन और अपराध प्रवृत्ति में वृद्धि हो सकती है। सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से ऐसे नशे के पदार्थों की बिक्री पर सख्त नियंत्रण लगाने की मांग की है। शहर में व्हाइटनर का नशा युवाओं को अपनी चपेट में ले रहा है। पुलिस के अनुसार कई जगहों पर नशे में धुत किशोरों को सुनसान स्थानों पर देखा जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि यह नशा न केवल स्वास्थ्य के लिए घातक है, बल्कि अपराध की प्रवृत्ति को भी बढ़ाता है। पुलिस ने केमिकल दुकानों को निर्देश दिए हैं कि वे व्हाइटनर या सॉल्यूशन बिना उचित कारण न बेचें। प्रयागराज में व्हाइटनर सूंघने का चलन युवाओं में तेजी से फैल रहा है। पार्क, खाली मैदान और सुनसान गलियों में किशोर इसे नशे के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। समाजसेवी संस्थाओं ने इसे एक उभरती सामाजिक समस्या बताते हुए प्रशासन और अभिभावकों से जागरूकता बढ़ाने की अपील की है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस लत से मस्तिष्क और व्यवहार पर गंभीर असर पड़ता है, जिससे अपराध की संभावना बढ़ जाती है।

## सऊदी में फंसे प्रयागराज के युवक की भावुक अपील, मुझे मेरी मां के पास जाना है

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सरायममरेज थाना क्षेत्र के शेखपुर छतौना गांव निवासी अंकित उर्फ इंद्रजीत का एक भावुक वीडियो इन दिनों इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में अंकित सऊदी अरब के रेगिस्तान में ऊंट चराते हुए दिखाई देता है और बार–बार रोते हुए कहता है – मुझे मेरी मां के पास जाना है, मेरा वीडियो सब जगह शेयर कर दो। एक मिनट दो सेकेंड के इस वीडियो में वह अपना गांव बताता है, लेकिन नाम नहीं बताता। वीडियो के वायरल होने के बाद प्रयागराज पुलिस हरकत में आई और गुरुवार को अंकित के घर पहुंची। पुलिस ने परिजनों को बताया कि यदि वह वास्तव में किसी कठिनाई में है तो जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दें, जिससे दूतावास के माध्यम से संपर्क किया जा सके। एसीपी हंडिया सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने परिवार को पूरी जानकारी दी है। पहले सप्ताह में बेहतर रोजगार की उम्मीद में सऊदी अरब की राजधानी रियाद गया था। वहां पहुंचने के बाद उसे ऊंट चराने का काम दे दिया गया। वीडियो में उसने बताया कि उसका पासपोर्ट एक व्यक्ति ने अपने पास रख लिया है। अंकित की पत्नी पिंकी ने बताया कि उनकी रोज़ाना पति से बात होती है और फिलहाल कोई परेशानी नहीं है। वहीं, मां रंजू ने कहा कि बेटा पहली बार विदेश गया है, इसलिए घबराया हुआ है। वीडियो के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का दौर जारी है और लोग उसके सकुशल स्वदेश लौटने की कामना कर रहे हैं।

## किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म व मतांतरण के आरोपित के ढाबे पर चला बुलडोजर

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नैनी यमुनानगर क्षेत्र में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म और जबरन मतांतरण कराने के आरोपित मोहम्मद आलम के ढाबे पर शनिवार को प्रशासन ने बुलडोजर चला दिया। औद्योगिक क्षेत्र स्थित यूनाइटेड कॉलेज के पास कोहिनूर होटल नामक ढाबे को घूरपुर पुलिस और पीडब्ल्यूडी की टीम ने ध्वस्त किया। आरोपित ने सरकारी जमीन पर अवैध रूप से यह ढाबा बना रखा था और यहीं एक अनाथ किशोरी को बंधक बनाकर रखा गया था। किशोरी और उसके भाई से जबरन ढाबे पर काम कराया गया, बाद में नाबालिग भाई को मुंबई भेजकर उसका मतांतरण कर जबरन मजदूरी कराई गई। किशोरी के किसी तरह भागकर गांव पहुंचने पर उसने आपबीती सुनाई, जिसके बाद शाह आलम, उसकी पत्नी रहनुमा, मुमताज अहमद, मोहम्मद आतिफ सहित पांच अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने मुख्य आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष घूरपुर दिनेश सिंह ने बताया कि ढाबा सरकारी भूमि पर अवैध रूप से निर्मित था। यहीं किशोरी को लंबे समय तक रखा गया था, जिसके चलते अधिकारियों के निर्देश पर उसे बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

# तहसीलों में 55 स्थानों से भूमि कब्जा मुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीश कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद प्रयागराज की सभी तहसीलों में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। थाना दिवस (दिनांक 25.10.2025) के अवसर पर जिलाधिकारी ने राजस्व एवं पुलिस विभाग को संयुक्त कार्ययोजना बनाकर बंजर, खलिहान, नवीन परती, चकमार्ग, तालाब, सार्वजनिक स्थल आदि भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में जनपद की सभी तहसीलों में जबरदस्त कार्रवाई करते हुए कुल 55 स्थानों से अवैध अतिक्रमण हटाया गया।

तहसीलवार प्रमुख कार्यवाही इस प्रकार है –

सोरांव तहसीलः ग्राम रामनगर उमरी निजामपुर, बलकरनपुर, कुरेशर उपरहार, अरूआंव, परसूपुर नारी, बरईहरख, रूदापुर, सिंगारपुर, मलाक चौधरी आदि में चकमार्ग, सार्वजनिक भूमि, चारागाह, नाली भूमि एवं खाद गड्ढा से अतिक्रमण हटाया गया।

कोरांव तहसीलः ग्राम कुरहरा, गेरूआडीह, दर्शनी, गजाधरपुर, खजुरी खुर्द, कंचनपुर, बेलहाकला आदि में रास्ता, तालाब, श्मशान एवं नाली भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया।

मेजा तहसीलः गेदुराही, रामनगर, ममोली, मेजा खास, कनेवरा, सुजनी, सिरसा, सलैया कला, सकरी, सिरहिर आदि में चकमार्ग, पहाड़, कब्रिस्तान, मन्दिर व परिक्रमा मार्ग की भूमि मुक्त कराई गई।

फूलपुर तहसीलः कुतुबपट्टी, उस्तापुर, खोजापुर, कंादी, रहिमापुर, कहली, मण्डौर, पदमपुर आदि में चकमार्ग, अस्पताल, परती, भीटा खाते एवं खलिहान भूमि से अतिक्रमण हटाया गया।

हंडिया तहसीलः अर्जुनपट्टी, डुढेहरी, रायपुर, डुबकी खुर्द, जगुआसोधा आदि में मार्ग, खाद गड्ढा, बंजर भूमि को मुक्त किया गया।

बारा तहसीलः जारी, तेलघना, बाराखास, मनकवार, गर्गीज, मवैया कला, जोधीमझियारी आदि में रास्ता, मरघट, श्मशान व पहाड़ी भूमि को मुक्त कराया गया। सदर तहसीलः ग्राम बेली उपरहार में राजकीय आस्थान की भूमि तथा असरावे कला में चकमार्ग भूमि से अतिक्रमण हटाया गया।

जिलाधिकारी मनीश कुमार वर्मा ने सभी उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि अतिक्रमण सम्बन्धी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करें और सरकारी एवं ग्राम सभा की भूमि का नवीन सर्वे कराकर अतिक्रमण की श्रेणियां निर्धारित करें, ताकि स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि अब तक अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं और अतिक्रमण के विरुद्ध यह अभियान आगामी दिनों में और तेज गति से जारी रहेगा।

# अपर सचिव ने की आकांक्षात्मक विकासखंड कोरांव एवं बहरिया की समीक्षा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। भारत सरकार नीति आयोग के अपर सचिव रोहित कुमार एवं परामर्शदाता आदित्य शर्मा ने आज संगम सभागार, प्रयागराज में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह के साथ बैठक कर आकांक्षात्मक विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत कोरांव एवं बहरिया ब्लॉकों के सूचकांकों की समीक्षा की।

बैठक में बताया गया कि विकासखंड बहरिया के 40 में से 30 सूचकांक तथा कोरांव के 27 सूचकांक राज्य एवं राष्ट्रीय औसत से बेहतर पाए गए हैं। सम्पूर्णता अभियान के अंतर्गत बहरिया ब्लॉक में सभी 6 सूचकांकों को शत-प्रतिशत संतृप्त तथा कोरांव ब्लॉक में 6 में से 5 सूचकांकों को संतृप्त पाया गया, जिस पर अपर सचिव ने संतोष एवं प्रसन्नता व्यक्त की। अपर सचिव ने कहा कि कम वजन वाले बच्चों के सूचकांक में सुधार लाया जाए तथा डायबिटीज़ एवं हाइपरटेंशन जांच को मानक के अनुसार शत-प्रतिशत संतृप्त किया जाए। उन्होंने शिक्षा विभाग से विद्यालयों के शौचालयों की नियमित साफ-सफाई एवं अनुश्रवण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने टीकाकरण, बैंकिंग टच प्वाइंट और प्रधानमंत्री आवास योजना में हुई प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि प्रयागराज प्रशासन की टीम उत्कृष्ट कार्य कर रही है।

बैठक में अपर सचिव ने निर्देशित किया कि सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें तथा नए नवाचारों को चिन्हित कर उनकी कार्य योजना बनाकर नीति आयोग को भेजें, जिससे विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। बैठक में जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक (डीआरडीए), मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, तथा दोनों विकासखंडों के खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# नियम क़ानून को ताक पर रखकर संचालन हो रहा लीज, क्रेशर प्लांट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोराव प्रयागराज। कोराव तहसील क्षेत्र के बेलहट मंगलपुरी पसना में लीज व क्रेशर प्लांट के संचालन से ग्रामीणों व स्थानिय लोगो मे काफी नाराजगी है लेकिन चाहकर भी कुछ नही कर पा रहे बता दे कि

क्रेशर व लीज के पास काम कर रहे मजदूरों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हर हप्ते लगभग ब्लास्ट पत्थर निकालने के लिए किया जाता है आसपास के लोगो ने बताया कि बाहर से लोगो की हत्या कर लाश लाकर इस कुंड में फेंक देते है चुकी सुनशान व काफी गहरा है अंदर घुसने की हिम्मत कोई नही जुटा पाता जबकि खुदाई करने पश्चात कन्ट्रक्सन कम्पनी को मिट्टी डालकर जमीन के लेबल में करना चाहिए लेकिन ऐसा न करके लगभग डेढ़ या दो सौ गहरा खुदाई बड़े पैमाने पर करके कई जगह बेलहट मंगलपुरी में छोड़ दिया गया जिस कारण आयेदिन फालतू जानवर खाई में गिरने से मौत हो जाती है सुरक्षा का कोई इंतजाम किसी के द्वारा नही किया गया साथ ही समीप में बना अस्थाई बेलहट गाव में गौशाला के अंदर रह रहे गौवंश के ऊपर पत्थर गिरता है जिससे चोटहिल होते है व बेजुबान हमेसा भय में जीवन जीने को लाचार है साथ ही थोड़ी दूर पर बना मंडल स्तर का अटल आवाशिय विद्यालय में भी ब्लास्टिंग के समय कम्पन्न की स्थिति आती है जिस कारण विद्यालय में पठन -पाठन कर रहे छात्र छात्राओ के मन भी डर बना रहता है चुकी ब्लास्टिंग ज्यादातर दोपहर में किया जाता है व करोड़ो की लागत से बना भवन कम्पन्न से भी जर्जर हो सकता है ऐसा मानना है लोगो का साथ ही पर्यावरण दूषित होने के साथ साथ पशु पक्षी जंगली जानवर पलायन हो रहे आसपास वन विभाग द्वारा रोपे गए पौधो का भी विकास नही हो पा रहा कुछ वर्ष पहले एक व्यक्ति की खाई में गिरने से मौत भी हो चुका है बेलहट मंगलपुरी गाव के रहने वाले प्रकाश हरिजन पुत्र हीरा लाल ने बताया कि हम लोगो के आसपास बने पक्के मकान की छत में दरारें आ रही आयेदिन जानवर खाई गड्ढे में गिर जाते है आसपास के लोगो ने बताया कुल तीन लीज है वर्ष 2026 में समयावधि भी खत्म हो रहा है गिट्टी स्टोन डस्ट का परिवहन धड़ल्ले से पूरे क्षेत्र में व्यापक स्तर पर रहा अमोनिया सल्फर से पानी दूषित हो रहा चुकी यही दूषित पानी छोटी नहर से होकर बड़ी नहर में जा रहा उसी पानी मे लोग स्नान व जीव जंतु पशु पक्षी जानवर सब पी रहे है इससे खतरा बना हुआ है इस मामले में उपजिलाधिकारी कोराव को फोन किया उन्होंने बताया डीएम साहब के मीटिंग में है सामाजिक कार्यकर्ता पंडित महेंद्र प्रसाद शुक्ला ने जिलाधिकारी प्रयागराज का ध्यान आकृष्ट कराते हुए औचक निरीक्षण व जाँच कार्वाही की माँग की है।

### पर्यावरण विभाग एनओसी देकर नही ले रहा सुध

कोराव तहसील क्षेत्र के बेलहट पसना व आसपास लगे क्रेसर प्लांट व ब्लास्टिंग करके पर्यावरण दूषित किया जा रहा साथ ही आसपास रह रहे गरीब तपके के लोगो को टीबी जैसी गंभीर बीमारी की चपेट मे आ रहे है लेकिन गरीब कमजोर होने के कारण कोई शिकायत भी नही करते स्थानिय जिम्मेदार शासन प्रशासन भी कार्रवाही नही कर रहा स्थानिय लोगो ने उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट करातेहुए जाँच कार्रवाही की माँग की है।

### आखिर किसके शह पर चल रहे बिना वैध प्रपत्र के वाहन

बिना दुरुस्त कागजात व बिना प्रॉपर नंबर प्लेट के बड़े बड़े वाहन धड़ल्ले से क्रेसर प्लांट में फर्राटा भर रहे आसपास गाव के लोग बगल से ऐसे वाहनों से पास भी नही लेते डर बना रहता है कही सिर पर बोल्डर पत्थर न गिर पड़े चुकी बॉडी के ऊपर ओबर लोड बड़े बड़े पत्थर ट्राली खुली लेकर फर्राटा भरते है जो गाव में टीबी दमा के मरीज है उनको धूल धक्कड़ प्रदूषण से काफी परेशानी उठाना पड़ रहा

### क्या कह रहे स्थानीय

स्थानीय लोगो ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इस खेल में शासन प्रशासन खनन पर्यावरण प्रदूषण व स्थानिय जिम्मेदार की मिलीभगत से ब्लास्टिंग व परिवहन का खेल बतस्तुर जारी है नियम कानून को ताक पर रखकर लीज क्रेशर प्लांट का संचालन किया जा रहा इस पर जाँच कार्वाही की माँग की है

# जहानाबाद में लगा 141वां जनसुनवाई शिविर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। क्षेत्र के जहानाबाद में रविवार को जनभावनाओं का मेला लगा लोग अपनी समस्याएँ लेकर आए, और समाधान लेकर लौटे। यहां विधायक डॉक्टर राजेश्वर सिंह द्वारा लगवाए जा रहे आपका विधायक आपके द्वारा अभियान का 141वां जनसुनवाई शिविर लगा था जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, हैंडपंप, सड़क, नाली और सोलर लाइट जैसी स्थानीय समस्याओं से जुड़ी 30 शिकायतें और सुझाव प्राप्त हुए, जिनका तत्काल संज्ञान लिया गया।

सन आई हॉस्पिटल के सहयोग से हेल्थ कैंप -जनकल्याण के इस प्रयास में स्वास्थ्य भी एक अहम आधार रहा। सन आई हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 35 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण, 60 ग्रामीणों का नेत्र परीक्षण, तथा 50 ज़रूरतमंदों को चश्मे प्रदान किए गए। इसके साथ ही 2 ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड बनवाकर उन्हें



स्वास्थ्य सुरक्षा से जोड़ा गया - यह सुनिश्चित करते हुए कि सरोजनीनगर का हर नागरिक सुरक्षित, स्वस्थ और समर्थ बने।

ग्राम की शान : मेधावियों के चेहरे पर गर्व की मुस्कान -'गाँव की शान' पहल के तहत चार बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राएँ -रोली (74%), निधि गौतम (73%), मोहित (72%), और अंजलि (71%) को साइकिल, घड़ी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान केवल अंकपत्रों का नहीं, बल्कि उस उजले भविष्य का अभिनंदन था जो गाँवों से निकलकर भारत को नया आकार दे रहा है।

3 यूथ क्लबों का गठनः युवा सशक्तिकरण की दिशा में शिविर बना नई पहल का गवाह - शिविर के दौरान जहानाबाद में 90वां गर्ल्स यूथ क्लब तथा 153वां और 154वां बॉयज़ यूथ क्लब गठित किए गए। इन क्लबों को कैरम, वॉलीबॉल, फुटबॉल और क्रिकेट किटें प्रदान की गईं ताकि गाँव का हर युवक न केवल खेल में आगे

## सन आई हॉस्पिटल के सहयोग से 95 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण

बढ़े, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व में भी निखरे।

प्रबुद्ध जनों का सम्मान -ग्राम समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने वाले प्रबुद्ध नागरिकों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इनमें प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष विवेक राजपूत, सभासद बृजेश कुमार, सेक्टर संयोजक शिव सागर सिंह, बूथ अध्यक्ष शिव प्यारी रावत, मंडल मंत्री बीना श्रीवास्तव, मुकेश कुमार श्रीवास्तव, विकास सिंह, आकाश सिंह, अंकित सिंह, मोनू, अमरजीत, विक्रम सिंह, राजरानी, राजकुमारी, मंजू, किरन, नीतू, सुशीला, कृष्णावती, गिरधारी, गंगा प्रसाद सहित कई अन्य गणमान्य नागरिक शामिल रहे। यह सम्मान उनके उस सतत योगदान का प्रतीक है जो गाँव की प्रगति को जनांदोलन में बदल देता है।

# पुलिस लाइन में तैनात संविदा कर्मी की गोली मारकर हत्या,संदिग्ध हिरासत में

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी, लखनऊ । शनिवार रात्रि को बख्शी का तालाब थाना के समीप ही पुलिस लाईन में तैनात संविदा कर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी और हत्यारे संविदाकर्मी की स्पलेंडर मोटरसाइकिल लेकर मौके से फरार हो गए थे,वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल उसे ईलाज के लिए अस्पताल भेजा था,जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था,वही घटना को लेकर मृतक के परिजनों में आक्रोश का माहौल बन गया था,लेकिन पुलिस ने घटना के खुलासे लेकर तत्काल तीन टीमें गठित कर जांच में जुट गई थी और इस घटना को लेकर कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी हुई थी लेकिन अभी तक कोई सफलता उनके हाथ लगी थी और रविवार शाम को मृतक का अंतिम संस्कार परिजनों ने पुलिस की मौजूदगी में कर दिया था।वही थाना प्रभारी बीकेटी संजय कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस जांच में जुटी हुई है जल्द आरोपी पुलिस के शिकंजे में होंगे और



घटना का सफ़ल अनावरण होगा।प्राप्त जानकारी के अनुसार बख्शी का तालाब थाना अंतर्गत मामपुर बाना निवासी प्रदीप गौतम (27) पुत्र मंगलू कि शनिवार शाम को किसान पथ बाना मोड़ के पास अज्ञात युवकों द्वारा शराब पीने के बाद हुए विवाद में प्रदीप की गोली मारकर हत्या कर उसकी स्पलेंडर बाइक यूपी 32केटी 0932 को आरोपी मौक़े से लेकर फरार हो गए वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल उसको ईलाज के लिए अस्पताल भिजवाया जहां डॉक्टरों ने प्रदीप गौतम को मृतक घोषित कर दिया।वही मृतक की पत्नी चांदनी ने घटना को लेकर बीकेटी पुलिस को लिखित तहरीर देकर जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग किया वही बीकेटी पुलिस ने तहरीर के आधार पर एफआईआर द़र्ज कर जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी कर कठोर कार्यवाही का आश्वाशन मृतक के परिजनों को दिया।वहीं रविवार शाम को मृतक का शव उसके घर पहुंचने पर ग़मगीन माहौल था और मृतक की पत्नी,बच्चों तथा अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था।वही घटना को लेकर पुलिस भी एक्टिव मोड़ में रही।

# काकोरी प्रकरण पर वैश्य समाज में आक्रोश, एसआईटी जांच की मांग

## दलित-वैश्य समाज को बांटने की साजिश का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। काकोरी प्रकरण में एक गरीब दलित व्यक्ति को आगे कर सम्मानित वैश्य परिवार को फंसाने और समाज में वैमनस्य फैलाने की साजिश के विरोध में भारतीय दोसर वैश्य महासमिति के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता के नेतृत्व में काकोरी पहुंचकर जांच की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जिस व्यक्ति को पीड़ित बताया जा रहा है, वह पहले मंदिर में नौटंकी कराकर धन जुटाता था, और शिकायत के बाद झूठा आरोप लगाकर बदनाम करने की कोशिश की गई। स्थानीय



लोगों ने स्पष्ट किया कि न किसी को पेशाब पिलाया गया, न अपमान किया गया – पूरा मामला राजनीति से प्रेरित ड्रामा है। सुनील कुमार गुप्ता ने कहा कि ‌‌दलित समाज को साजिशों में मोहरा न बनने दें, सत्य के लिए सभी समाजों को एकजुट रहना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री से एसआईटी जांच की मांग की और चेतावनी दी कि न्याय में देरी हुई तो वैश्य समाज लोकतांत्रिक आंदोलन करेगा। प्रतिनिधिमंडल में श्याममूर्ति गुप्ता, संगमलाल गुप्ता, संजय गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, अरविंद गुप्ता, प्रज्ज्वल गुप्ता, अनूप गुप्ता, राहुल गुप्ता व आशीष गुप्ता सहित कई पदाधिकारी शामिल रहे।

# राजधानी ग्रुप का पांचवां वर्षगांठ: सपनों और सफलता का उत्सव

## लखनऊ में भव्य आयोजन ने दिखाया कंपनी का विजन और जोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, : राजधानी ग्रुप ने अपने पांचवें स्थापना दिवस को होटल डैमसन पाम, सुशांत गोल्फ सिटी में शानदार मेगा सेमिनार और जय घोष कार्यक्रम के साथ मनाया। चेयरमैन श्री संजय सिंह ने दीप प्रज्वलन कर आयोजन शुरू किया, जिसमें निदेशक श्री शुएब अहमद, वाइस चेयरपर्सन श्रीमती सरिता सिंह और बिजनेस हेड श्री दिग्विजय नाथ गुप्ता शामिल रहे।

पांच साल की उपलब्धियों और भविष्य के सपनों पर चर्चा हुई। श्री संजय सिंह ने कहा, ‌हमारा सफर विश्वास, मेहनत और एकजुटता का उत्सव है। हम बड़े लक्ष्यों के लिए तैयार हैं।‌ श्रीमती सरिता सिंह ने महिला सशक्तिकरण और सामाजिक कार्यों की योजनाएं साझा कीं। श्री शुएब अहमद ने गुणवत्ता और विस्तार पर जोर दिया, जबकि श्री दिग्विजय नाथ गुप्ता ने हर व्यक्ति तक विश्वास पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

सिल्वर, गोल्डन, डायमंड, प्लैटिनम,




सफायर और जोनल क्लब लीडर्स को पुष्प गुच्छ और प्रतीक चिन्ह देकर श्री शुएब अहमद ने सम्मानित किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह को जीवंत बनाया, जिसमें कर्मचारियों और सहयोगियों ने उत्साह दिखाया। टारगेट हासिल करने वाले लीडर्स को पुरस्कार दिए गए, जो कंपनी की प्रेरणा और विजन को दर्शाते हैं। यह आयोजन राजधानी ग्रुप के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक बना।

# कांटा करौंदी गांव स्थित श्री ब्रह्मा देव मंदिर में में भव्य मेले का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहा, लखनऊ। कांटा करौंदी गांव स्थित श्री ब्रह्मा देव मंदिर स्थल पर शनिवार को आस्था और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब अर्धशताब्दी पुराना एकदिवसीय भव्य मेला एवं रामलीला मंचन एवं रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। मेला के आयोजन में सतीश त्रिवेदी, मंसाराम रावत, शीतला प्रसाद, बद्री विशाल बाजपेई, सचिन द्विवेदी सहित पूरे ग्रामवासी तन-मन-धन से जुटे रहे। बताया जा रहा है कि यह मेला लगातार पिछले 50 वर्षों से आयोजित होता आ रहा है, जो अब क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष ललित सिंह, निगोहा मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा,

## मेला प्रांगण में नवीन मिश्रा ने लगवाई चार लाइटें, जगमगाया परिसर

व्यापार मंच (अपना दल एस) से विकास पटेल, करन शुक्ला , चंदन समेत विनोद शाहू शामिल हुए। मेला कमेटी द्वारा अतिथियों का अंगवस्त्र पहनाकर और माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। मुख्य अतिथि नवीन मिश्रा ने सर्वप्रथम श्री ब्रह्मा देव बड़े बाबा के मंदिर में माथा टेका और आशीर्वाद लिया। उन्होंने मेला मेला कमेटी के लिए अलग धन राशि के साथ साथ मेला प्रांगण में चार विद्युत लाइटें केबल समेत लगवाकर रोशनी की व्यवस्था बेहतर कराई, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का रंग और निखर उठा। दिन में आयोजित रामलीला मंचन एवं रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# अवैध व्यवसायिक निर्माण बेलगाम, एलडीए की कार्यवाही पर उठ रहे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी में लखनऊ में एलडीए द्वारा अवैध निर्माण रोकने के लिए लगातार सख़्त निर्देश और नियम लागू किए जाने के बावजूद जमीनी स्तर पर स्थिति जस की तस है। ज़ोन-7 के थाना सआदतगंज क्षेत्र अंतर्गत अंबर गंज वार्ड की कैंपवेल रोड पर राज ट्रेडर्स के सामने तथा प्रधान दूध डेरी के ठीक बगल वाली तंग गली में आवासीय आबादी के बीच महीनों से एक अवैध व्यवसायिक निर्माण धड़ल्ले से जारी है। स्थानीय निवासियों के अनुसार निर्माण बिना एलडीए से नक्शा स्वीकृत कराए ही कराया जा रहा है और निर्माण के दौरान निर्धारित सेटबैक तक की अनदेखी की गई है। आरोप यह भी हैं कि संबंधित अवर अभियंता या तो इस अवैध निर्माण के बारे में जानते हुए भी आंख मूंदे बैठे



हैं या फिर इस मामले की जानकारी तक नहीं ले रहे, जिससे एलडीए की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। रिहायशी क्षेत्र में चल रहे इस निर्माण के कारण निर्माणकर्ता ने पूरी गली घेर कर मौरंग-बालू व अन्य सामग्री फैला दी है, जिसके चलते नगर निगम की नालियां तक बंद हो गई हैं और आसपास गंदगी पनप रही है। साथ ही, स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि यदि यहां व्यवसायिक मार्केट विकसित हो गया तो इस तंग गली में पार्किंग की कोई व्यवस्था संभव नहीं होगी, जिससे आने-जाने वाले वाहनों से गलियां पूरी तरह जाम और अतिक्रमण का शिकार हो जाएंगी। जनहित को दृष्टिगत रखते हुए ऐसे अवैध निर्माण पर तत्काल रोक लगाई जाए ताकि आवासीय इलाकों की संरचनात्मक सुरक्षा, स्वच्छता और आमजन की सुविधा प्रभावित न हो।

## पत्रकार अमरेन्द्र सिंह बने करणी सेना के प्रदेश मीडिया प्रभारी

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। काकोरी क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी वरिष्ठ पत्रकार अमरेन्द्र सिंह चौहान को श्री राजपूत करणी सेना उत्तर प्रदेश का प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह ‘दीपू’ ने यह नियुक्ति पत्र जारी करते हुए श्री सिंह पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि ‌अमरेन्द्र सिंह एक निष्पक्ष पत्रकार होने के साथ ही समाज और संगठन के लिए समर्पित व्यक्तित्व हैं। हमें भरोसा है कि वे मीडिया के माध्यम से करणी सेना की विचारधारा को सशक्त रूप से आगे बढ़ाएंगे। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह तथा प्रदेश संगठन मंत्री विकास सिंह ने नवमनोनीत मीडिया प्रभारी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके जुड़ने से संगठन की कार्यशैली और जनसंपर्क तंत्र को नई ऊर्ज़ा मिलेगी। अमरेन्द्र सिंह चौहान ने संगठन द्वारा जताए गए विश्वास के लिए आभार जताते हुए कहा कि वे अपने पद की गरिमा, सम्मान और जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि ‌मीडिया समाज की आवाज है, और मैं इस दायित्व को जनहित और संगठनहित दोनों के लिए सार्थक रूप में निभाने का प्रयास करूंगा।

## किसान नेता राकेश अवस्थी पर जानलेवा हमला, एक आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना दुबग्गा क्षेत्र के यादव बाजार मोड़ पर शुक्रवार को कुछ दबंगों ने सैथा निवासी किसान नेता राकेश अवस्थी पर जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने न केवल लाठी-डंडों और अवैध असलहों से हमला किया बल्कि उनकी गाड़ी तोड़ दी और जेब में रखी करीब 5215 रुपये की नकदी भी छीन ली।घटना के बाद पीड़ित राकेश अवस्थी ने थाना दुबग्गा में नामजद तहरीर दी। तहरीर में उन्होंने कल्लू उर्फ राजेश यादव, मुन्ना गाजी, कल्लू यादव पुत्र जाटू यादव, सर्वेश यादव, सोनू यादव, बब्लू सेमी सहित 5 से 8 अज्ञात लोगों पर हमला करने, छिनैती, रंगदारी और धमकी देने का आरोप लगाया।पीड़ित के अनुसार, हमलावरों ने कहा कि अब बहुत बड़े किसान नेता बन गए हो, अगर इलाके में काम करना है तो हर महीने वसूली देनी पड़ेगी।थाना प्रभारी दुबग्गा के अनुसार, प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए नामजद आरोपियों में से एक आरोपी सर्वेश यादव को शनिवार को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।पुलिस ने बताया कि इस मामले में जल्द ही सभी दोषियों को गिरफ्तार कर कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत आई.टी. कॉलेज में क्विज़ प्रतियोगिता का सफल आयोजन

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश सरकार के ‌मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम के तहत ईसाबेला थार्बन डिग्री कॉलेज (आई.टी. कॉलेज) में क्विज़ प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में जागरूकता, आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता और आत्मरक्षा की भावना को सशक्त बनाना था।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. डेविड चार्ल्स उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. (मेजर) नीरजा मैसी एवं सह-प्राध्यापक डॉ. उमेश प्रसाद ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर नेचुरल टच `लफ़ेयर सोसाइटी की अध्यक्ष श्रीमती स्मृति शर्मा को गेस्ट स्पीकर के रूप में आमंत्रित किया गया। उन्होंने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, आत्मविश्वास और समाज में महिलाओं की सक्रिय भूमिका पर प्रेरणादायक विचार साझा किए।क्विज़ प्रतियोगिता में छात्राओं ने अत्यंत उत्साह और प्रतिभा का परिचय दिया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए, जबकि प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की शिक्षिकाओं एवं आयोजन समिति द्वारा सुचारू रूप से किया गया। समापन सत्र में सभी प्रतिभागियों ने ‌मिशन शक्ति‌ के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# एडूलीडर्स अवॉर्ड से सम्मानित किए गए राजधानी के दो शिक्षक

लखनऊ। एडूलीडर्स द्वारा विकसित उत्तर प्रदेश - विकसित भारत 2047 विषयक शिक्षक शिक्षक संगोष्ठी एवं एडूलीडर्स सम्मान 2025 कार्यक्रम का आयोजन नेडा प्रशिक्षण केंद्र लखनऊ में किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के सभी 75 जनपद से उत्कृष्ट कार्य कर रहे 164 शिक्षकों को एडूलीडर्स अवार्ड 2025 प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव पशुपालन एवं दुग्ध विकास श्री मुकेश मेश्राम ने कहा कि शिक्षक होना बहुत ही पवित्र और चुनौतीपूर्ण कार्य है। शिक्षक पद की गरिमा के अनुकूल शिक्षकों को कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न देशों में शिक्षकों का जो सम्मान है वह भारत में पुनर्जीवित करने के प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने अपने शिक्षक जीवन के विभिन्न संस्मरणों के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी चर्चा की।उन्होंने एडूलीडर्स के कार्यों की



सराहना की। सेवानिवृत आईएएस तथा विवेकानंद संस्थान लखनऊ के अध्यक्ष डीएनलाल ने शिक्षकों को उनके दायित्व से अवगत कराते हुए का संस्कारयुक्त शिक्षा पर बल दिया। संस्कृति विभाग द्वारा संचालित अंतरराष्ट्रीय अयोध्या शोध संस्थान के सलाहकार आशुतोष द्विवेदी ने एडूलीडर्स से जुड़े शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि एडलीडर्स द्वारा बच्चों में संस्कारयुक्त शिक्षा देने के लिए अयोध्या शोध संस्थान के सहयोग से सभी 75 जनपदों में रामायण आधारित कार्यशालाओं का आयोजन कर संस्कार युक्त शिक्षा को बढ़ावा देने का कार्य किया है। इससे पूर्व प्रथम सत्र में पूर्व शिक्षा निदेशक और शिक्षाविद डॉक्टर सर्वेंद्र विक्रम बहादुर सिंह ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों द्वारा किए जा रहे विभिन्न नवाचारों व प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों पढ़ने लिखने की आदत जिंदा रखना चाहिए और अपने बारे में में भी लिखते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि कहानियां बहुत कुछ सीखने का अवसर देती हैं इसलिए शिक्षकों को विभिन्न कहानियों के लेखन पर कार्य करते रहना चाहिए। कार्यक्रम में 55 शिक्षकों की सफलता की

## प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम व पूर्व शिक्षा निदेशक डॉ सर्वेंद्र विक्रम बहादुर सिंह आईएएस डीएन लाल ने किया सम्मानित

## एडूलीडर्स द्वारा नेडा प्रशिक्षण केंद्र में विकसित उत्तर प्रदेश – विकसित भारत 2047 विषयक शिक्षक संगोष्ठी एवं एडूलीडर्स सम्मान 2025 कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कहानियों, उनके नवाचारों तथा गतिविधियों पर केंद्रित डॉ सर्वेष्ट मिश्र के संपादन में प्रकाशित पुस्तक एडूलीडर्स शिक्षा के दीपस्तंभ का विमोचन डॉक्टर सर्वेंद्र विक्रम बहादुर सिंह और अन्य अतिथियों ने किया। कार्यक्रम में मैं एडूलीडर्स के संस्थापक डॉक्टर सर्वेष्ट मिश्र ने प्रतिदिन एडूलीडर्स द्वारा तैयार किया जा रही शैक्षिक सामग्री और उन्हें लगभग डेढ़ लाख शिक्षकों तक भेजे जाने की प्रक्रिया तथा प्रतिवर्ष एडूलीडर्स सम्मान देने के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने इस अवार्ड हेतु सभी शिक्षकों को बधाई दी। कार्यक्रम में इससे पूर्व सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में सभी 75 जनपदों से चयनित 164 शिक्षकों को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र देकर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षक डॉ सर्वेष्ट मिश्र ने किया। कार्यक्रम का प्रबंधन संतोष कुमार द्वारा किया गया।राजधानी के पूर्व मध्यमिक विद्यालय महपत मऊ की शिक्षिका सुरभि सक्सेना को एड्यूलीडर्स अवॉर्ड से तथा प्राथमिक विद्यालय बखारी के शिक्षक संतोष कुमार को कर्मयोगी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# सीएम आज आएंगे विश्व कल्याण आश्रम मुस्तफाबाद, चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी पुलिस, कार्यक्रम स्थल पर अधिकारियों की हुई ब्रीफिंग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर खीरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को लखीमपुर खीरी के दौरे पर आ रहे हैं। सीएम के आगमन को लेकर पुलिस-प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने ड्यूटी में तैनात सभी अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल में ब्रीफिंग की। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट है। सीएम की सुरक्षा एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी तरह की त्रुटि नहीं रह सके, इसको लेकर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी एक-एक बिन्दु पर काम कर रहे है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने सीएम के कार्यक्रम के एक दिन पूर्व पुलिस एवं प्रशासनिक अफसरों के साथ ब्रीफिंग की। डीएम-एसपी सहित एडीएम-



एएसपी ने पुलिस एवं प्रशासनिक अफसरों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया। डीएम-एसपी ने कहा कि सीएम के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा में किसी भी तरह की सुस्ती नहीं होनी चाहिए।

बैठक के दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों, कार्मिकों को उनके कार्य व कर्तव्यों के बारे में भी बोध कराया और

### डीएम-एसपी ने भ्रमणशील रहकर परखी तैयारिया, दिए निर्देश

सभी को पूरी निष्ठा से ड्यूटी करने को कहा। एसपी संकल्प शर्मा ने ड्यूटी पर लगे समस्त पुलिसकर्मियों को पूरी मुस्तैदी और सतर्कता के साथ अपने तैनाती स्थल पर ड्यूटी करने के निर्देश दिए। बाहर से आए अधिकारियों को स्थानीय अधिकारियों से पहले ही संपर्क स्थापित कर अपने तैनाती स्थलों का निरीक्षण और तैयारी समय से पूर्व कर लेने के निर्देश दिए। इस दौरान सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे, एएसपी पवन गौतम, अमित राय, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने भी अपने सरकार के विचार व्यक्त किए।

# पुलिस सिपाहियों की समस्याओं एवं शंकाओं के समाधान हेतु सिपाही सम्मेलन का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर । महर्षि दधीचि सभागार पुलिस लाईन सीतापुर पर पुलिस अधीक्षक जनपद सीतापुर अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में सिपाहियों की समस्याओं एवं शंकाओं के समाधान हेतु सिपाही सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर विनायक भोसले द्वारा की गई।

सम्मेलन के दौरान सिपाहियों ने अपने कार्यक्षेत्र से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर सुझाव एवं समस्याएँ प्रस्तुत कीं जिनमें ड्यूटी प्रबंधन, आवास सुविधाएँ, स्वास्थ्य देखभाल, और तकनीकी प्रशिक्षण जैसे विषयों पर चर्चा हुई। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रत्येक बिंदु पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश एवं समाधानात्मक सुझाव




दिए गए। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा बताया कि ऐसे सम्मेलन नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि पुलिस बल के सभी सदस्यों को संवाद एवं सहयोग का अवसर प्राप्त हो सके। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस बल में पारदर्शिता, अनुशासन एवं मनोबल को सुदृढ़ करना है।

अंत में इस सम्मेलन के माध्यम से पुलिस बल को एकजुटता एवं आपसी सहयोग की भावना को और सशक्त बनाने का संदेश दिया गया तथा पुलिस स्टॉफ को आमजन के बीच अपने काम और व्यवहार से अच्छी छवि बनाने हेतु प्रेरित किया।

### रिटायर्ड फौजी की हत्या में वांछित दो भतीजे गिरफ्तार

गौतमबुद्ध नगर । उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जनपद में थाना दनकौर अंतर्गत रिटायर्ड फौजी की ईट मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने उनके दो भतीजों को गिरफ्तार कर लिया है। यह हत्या पटाखा जलाने को लेकर हुए विवाद के चलते हुई थी। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने रविवार को बताया कि 20 अक्टूबर को थाना दनकौर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मुतैना में रहने वाले सतपाल पुत्र चतर सिंह (62) को उनके बराबर में रहने वाले सगे भतीजे सुभाष व कुलदीप पुत्रगगण रिशिपाल ने ईट मारकर हत्या कर दी है। इस मामले में थाना पुलिस ने मृतक के परिजनों की ओर से मिली तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही थी। घटना के बाद से आरोपित भतीजे फरार चल रहे थे। दनकौर थाना पुलिस ने आज आरोपित भतीजे कुलदीप को गिरफ्तार कर लिया, जबकि बीती रात शनिवार को पुलिस ने हत्यारोपी सुभाष को गिरफ्तार कर लिया गया था। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त ईट भी बरामद कर ली है।

### कानपुर में अब तक 1500 दिव्यांगों का घर बसायाः वीरेंद्र कुमार

कानपुर । उत्तर प्रदेश के कानपुर नगर में 14 फरवरी 2026 को दिव्यांगों का सामूहिक विवाह आयोजन होगा। अब तब 1500 दिव्यांगों का घर बसाया जा चुका है। यह बातें रविवार को विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने शास्त्री नगर के बड़ा सेंट्रल पार्क बगिया में एक बैठक में कही है।

उन्होंने कहा कि एसोसिएशन प्रतिवर्ष दिव्यांगजनों का सामूहिक विवाह समारोह पिछले 30 वर्षों से आयोजित कर रहा है। अगले साल 14 फरवरी 2026 को दिव्यांगजनों का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित होगा। इसके लिए नियमित रूप से शास्त्री नगर बड़ा सेंट्रल पार्क में पंजीकरण शिविर लगाया जाएगा। वीरेन्द्र ने समाज के सभी संभ्रांत नागरिकों, उद्योगपतियों से अपील है कि कि इस सामूहिक विवाह में बढ़ -चलकर हिस्सा लें। जिससे दिव्यांगजनों के सामूहिक विवाह में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सके। बैठक में एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, महासचिव अरविन्द सिंह, अल्पना कुमारी, गुड्डी दीक्षित, वैभव दीक्षित, गौरव कुमार आदि शामिल थे।

# अवैध संबंधों में हत्या का खुलासाः प्रेमी गिरफ्तार जेवरात और धारदार हथियार बरामद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

धौरहरा (खीरी)। सड़क किनारे मिली युवती की लाश के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में एक युवक को करीब छह लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात एवं हत्या में प्रयुक्त हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।शनिवार की सुबह धौरहरा थाना क्षेत्र के रेहुवाऽसरसवा मार्ग स्थित एलिमेंट्री स्कूल के पास एक युवती का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। गले पर धारदार हथियार से गहरे वार के निशान थे। मृतका की पहचान नीलम यादव (25) पत्नी श्याम यादव, निवासी ग्राम वाली थाना धौरहरा के रूप में हुई थी। प्रारंभिक जांच में मामला अवैध संबंधों के विवाद से जुड़ा सामने आया था।पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक



(पूर्वी) तथा क्षेत्राधिकारी धौरहरा के पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी शिवाजी दुबे के नेतृत्व में कोतवाली धौरहरा टीम ने रविवार दोपहर 1:25 बजे रसूलपुर मोड़ के पास आरोपी अनिल कुमार यादव पुत्र स्व. सुरेश कुमार यादव, निवासी ग्राम सलारपुर थाना लहरपुर जनपद सीतापुर (उम्र लगभग 29 वर्ष) को गिरफ्तार किया।टीम को आरोपी के कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात बरामद हुए जिनकी कीमत लगभग छह लाख रुपये बताई गई है। इनमें एक चांदी का आधा कमरबंद, एक जोड़ी चांदी के हाथफूल, एक जोड़ी चांदी की पायल, एक चांदी का हेयरपिन, पांच जोड़ी चांदी की बिछिया, सोने का हार, दो मंगलसूत्र, नथ और एक जोड़ी टॉप्स शामिल हैं। साथ ही हत्या में प्रयुक्त ब्लेडनुमा लोहे का कांटेदार तार और हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल (संख्या यूपी34एआर2009) भी बरामद की गई।थाना प्रभारी शिवाजी दुबे ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा संख्या 688/2025 अंतर्गत धारा 103(1)/315 भादंवि में दर्ज कर विधिक कार्रवाई के लिए न्यायालय भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।थाना प्रभारी शिवाजी दुबे के अनुसार हत्यारा पहले से शादीशुदा था और प्रेमि का नीलम द्वारा साथ रहने की जिद बनी जान की दुश्मन।

### सफाई करते समय कंपनी के सीढ़ियों से गिरा श्रमिक, उपचार के दौरान मौत

गौतम बुद्ध नगर । थाना फ़ेस-2 क्षेत्र के सेक्टर 80 में स्थित एक कंपनी में सफाई करते समय 25 वर्षीय युवक सीढ़ियों से नीचे गिर गया। उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना फ़ेस -2 के प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने रविवार को बताया कि राहुल उम्र 25 वर्ष सेक्टर 80 के ए -ब्लॉक स्थित मोजर बेयर कंपनी में सफाई का काम करने के लिए शनिवार को आया था। उन्होंने बताया कि काम करते समय वह सीढ़ियों से नीचे गिर गया। उसे गंभीर चोट लगी। उसे कंपनी के अधिकारी सुमित और शहजाद ने उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। उन्होंने बताया कि उपचार के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। अगर वे इस मामले में कोई शिकायत करेंगे तो पुलिस घटना की

# आखिर कैसे पूरा होगा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का स्वप्नः हरिओम राजेंद्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। जनपद के मुख्यालय पर शिक्षा के मंदिर महिला महाविद्यालय के गेट में वर्षों से ताला पड़ा हुआ है बताते चलें कि जिला मुख्यालय के बीचो-बीच काजियारा चौराहा पुराना सीतापुर में सन 2017 में राजकीय महिला महाविद्यालय बनकर तैयार हो चुका था सभी कमरों में समुचित व्यवस्था है महाविद्यालय प्रांगण में बेहतरीन छात्रावास भी है आवागमन की भी सुगम व्यवस्थाएं हैं, फिर भी यह लंबे समय से बंद पड़ा हैं लोक निर्माण संघ के संस्थापक हरिओम मिश्रा राजेंद्र ने इस समस्या के समाधान के लिए पुरजोर तरीके से आवाज उठाई है उन्होंने कहा है कि हमारी बहन बेटियों को इसके अभाव में लखनऊ के साथ अन्य जिलों के चक्कर लगाने पड़ते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी




आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना एवं अभियान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का सपना कैसे पूरा होगा जब सीतापुर जनपद के जनप्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारी को ना समझे सीतापुर जनपद के सभी जागरूक भाइयों बहनों सामाजिक संगठनों से निवेदन है कि इस शिक्षा के इस द्वार को खोलने के लिए एक सार्थक संघर्ष किया जाए जब तक समाज का एक-एक व्यक्ति मुखर होकर अपनी समस्याओं को लेकर आवाज बुलंद नहीं करेगा तब तक जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी अपना काम इमानदारी से नहीं करेंगे। हरिओम ने यह भी कहा विगत वर्षों में कई समाजसेवी और सामाजिक संगठनों ने आवाज उठाई तो जिम्मेदारों ने उन्हें कागजी कार्यवाही कर आश्वासन प्रदान करते रहे लेकिन इस बार हमें कागजी कार्यवाही नहीं बल्कि सार्थक समाधान के लिए कार्य करना है।

# काशी में छठ महापर्व की सुगंधः बाजारों में रौनक मौसमी फलों और गन्ना की हो रही खरीदारी

**एजेंसी**

वाराणसी। लोक आस्था का महापर्व डाला छठ वाराणसी सहित पूर्वांचल के जिलों में गहरी आस्था का प्रतीक के रूप में अपनी खास पहचान बना चुका है। वाराणसी जनपद के ग्रामीण और शहर इलाके के कोने-कोने में पर्व की सुगंध बिखर गई है। घरों से लेकर बाजारों में दूसरे दिन रविवार को खरना की रस्म निभाने के साथ बाजारों में फलों, दौरा-सूप और पूजन सामग्री की खरीदारी के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है। शहर के लंका, बीएचयू, भेलूपुर, गुरूधाम ,विजया चौराहा,चेतमणी चौक, चितईपुर, सिगरा सहित प्रमुख बाजारों में फलों अस्थाई दुकानें सज गई है। छठ पूजा के दौरान उपयोग होने वाले मौसमी फलों में केला, सेब, मौसमी, अनार, अमरूद, सिंघाड़ा, नारियल, कच्ची हल्दी और अदरक की मांग सबसे अधिक है। हालांकि, इस बार महंगाई का असर बाजार में दिख रहा है, लेकिन श्रद्धालु आस्था को सिरमाथे रख फलों की खरीदारी कर रहे है। पर्व पर तीसरे दिन सोमवार को संध्या अर्घ्य के समय भगवान भाष्कर को विशेष प्रकार का पकवान ्ठेकुवाङ्क और मौसमी फल चढ़ाया जायेगा। घरों में पूरे दिन व्रती महिला और उनके परिजन विशेष पकवान ्ठेकुवाङ्क बनाने में जुटे रहे। इसको लेकर हुकुलगंज की व्रती सीमा तिवारी, गुड़िया यादव ने बताया कि ठेकुआ चढ़ाने से छठी मैया बहुत प्रसन्न होती हैं और आशीर्वाद प्रदान करती हैं। मूलतः ठेकुआ गेहूं, गुड़, और घी आदि से मिलकर बना होता है। छठ पूजा में छठी मैया को ठेकुआ का प्रसाद इसलिए चढ़ाया जाता है, क्योंकि उनको भी ये प्रिय है। ऐसा लोगों में विश्वास है। बताते चलें कि छठ में व्रती स्वयं अपने हाथों से ठेकुआ बनाती हैं। ठेकुआ घर की रसोई में नहीं, बल्कि घर में ही स्वच्छ स्थान पर बनता है। माना जाता है कि इसमें स्वयं सूर्य की आशीर्वाद रूपी ऊर्जा समाहित रहती है। ज्योतिषविद रविन्द्र तिवारी बताते हैं कि छठ पर्व ही ऐसा पर्व है जिसमें पंडित और कर्मकांडी के साथ मंत्रोच्चार की जरूरत ही नही पड़ती। सबकुछ आस्था के वशीभूत होता है।

### चैन स्नैचिंग की घटना कारित करने वाला शातिर अपराधी गिरफ्तार लूटी गयी चैन बरामद

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद सीतापुर में लूट/चोरी/नकबजनी/छिनैती व अन्य जघन्य अपराध में संलिप्त/वांछित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवम् विधिक कार्यवाही के निर्देश दिये गये है । उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी कपूर कुमार के निर्देशन में कोतवाली सिधौली पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 418/2025 धारा 309(4)/317(2) बीएनएस कोतवाली सिधौली सीतापुर से सम्बन्धित अभियुक्त सब्बीर पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम हुसैनगंज थाना सिधौली सीतापुर को चूडी वाली गली के पास के सामने से मय लूटे गयी चैन के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई । गिरफ्तार शुदा अभियुक्त सब्बीर उपरोक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय सीतापुर पेश किया जा रहा है।

### अवैध शस्त्र सहित शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी महोली नागेन्द्र चौबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना इमलिया सुल्तानपुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान शातिर अभियुक्त मोबीन पुत्र अनीस निवासी ग्राम लक्ष्मणपुर थाना इमलिया सुल्तानपुर जनपद सीतापुर को 01 अदद नाजायज तमंचा 315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में मु0अ0सं0 240/2025 धारा 25(1-3) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया।

# नीमगांव थाना मुख्यालय के करीब खुलेआम बिकती है अवैध कच्ची शराब

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कैनविज टाइम्स,सपना कश्यप

लखीमपुर खीरी। जिले के अंतर्गत थाना क्षेत्र नीमगांव में अवैध शराब का का कारोबार दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। थाना मुख्यालय से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित लोनपुरवा में अवैध रूप से कच्ची शराब बेचने का सिलसिला कुछ अलग ढंग से ही चल रहा है। जहां पर महिलाओं द्वारा थैलों में कच्ची शराब भरकर घर,खेत, दुकान, पशुबाड़े में कहीं भी छिपाकर अवैध कच्ची शराब रख दी जाती है और वहां से खुलेआम बैठकर महिलाएं कच्ची शराब बेचने का कार्य कर रही है। आबकारी पुलिस द्वारा अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है जबकि जिले के पुलिस कप्तान द्वारा जिले में अवैध कच्ची शराब को लेकर अभियान चलाया जा रहा है और बड़े बड़े दावे किए जा रहे हैं,लेकिन नीमगांव थाना क्षेत्र से सटा



लोनपुरवा गांव में अवैध कच्ची शराब बेचने का कुछ अजब तरीका चल रहा है,यहां के बाशिंदे अवैध कच्ची शराब को लेकर परेशान है,वैसे तो यह ग्राम पंचायत नीमगांव के अंतर्गत आता है यहां पर अवैध कच्ची शराब बेची जा रही है। कच्ची जहरीली शराब अवैध रूप से बिक रही है। शासकीय मदिरा ठेकेदार बताते हैं कि मुझे लाइसेंस फीस जमा करने में परेशानी हो रही है,स्थानीय पुलिस कम स्टाफ होने का रोना रोते हैं जिससे थाना क्षेत्र में अवैध शराब व देशी शराब का बोलबाला चल रहा है,आबकारी विभाग द्वारा कार्रवाई करने में निष्क्रियता दिखाई जाती है उन्हीं के पास मद्य भण्डार एवं क्षेत्र का प्रभार है। जिससे वह भी कही दबिश के लिए नहीं जाते देख रहे है। कच्ची शराब अवैध रूप से उक्त स्थानो पर बिक रही है जैसे लोनपुरवा,रामनगर,तिगोड़वा, सुजौलापुर, लल्लहनपुर, सीताराम पुरवा,रामनगर मुड़िया,व्यासपुर, रमुआपुर गुलौला इन ग्रामों से बड़ी मात्रा में कच्ची जहरीली शराब बनाकर बेची जाती है।

# छठ पर्व पर घाटों की सफाई, बिजली और जल निकासी को लेकर सपा नेताओं ने नगर निगम को सौंपा ज्ञापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोरखपुर। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा, जो आगामी 27 और 28 अक्टूबर को मनाया जाएगा, उसकी तैयारी को लेकर समाजवादी पार्टी महानगर के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सचिव आफ़ताब अहमद और शहर विधानसभा महासचिव अनिल कुमार यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त कार्यालय में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

नगर आयुक्त की अनुपस्थिति में प्रतिनिधिमंडल ने अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्रा को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि शहर के प्रमुख छठ घाटों – रामगढ़ताल, गोरखनाथ, शाहपुर, मोहद्दीपुर, असुरन तालाब आदि स्थलों पर गंदगी, जलभराव, टूटी लाइटें और अव्यवस्थित व्यवस्थाओं के कारण श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

सपा नेता आफ़ताब अहमद एवं



गोलू यादव ने मांग की कि छठ पर्व से पूर्व सभी घाटों की पूरी तरह सफाई, चूना छिड़काव, बिजली व्यवस्था और जल निकासी का कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि छठ पर्व लोक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक है, ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्रा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि नगर निगम की टीमें सक्रिय हैं और सभी घाटों पर सफाई, कूड़ा निस्तारण, चूना छिड़काव तथा लाइटिंग व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से अनिल कुमार यादव, उमेश निषाद, गोलू यादव, अक्षबर कनौजिया, आफ़ताब अहमद, अनूप यादव, विनोद विश्वकर्मा, शुभम यादव, विजय यादव, शहाबुद्दीन घोषी, नदीम अहमद, इरफान उल्लाह आदि मौजूद रहे।

# जनआस्था के सम्मान में कोई कमी न रहे : एके शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए. के. शर्मा ने आगामी छठ पर्व के दृष्टिगत प्रदेश के सभी नगरीय निकायों की तैयारियों की समीक्षा हेतु आज एक वर्चुअल बैठक की। इस बैठक में नगर विकास विभाग, ऊर्जा विभाग, जल निगम, नगरीय निकाय निदेशालय सहित प्रदेश के सभी नगर आयुक्त, नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी, अभियंता तथा संबंधित अधिकारीगण वर्चुअल माध्यम से जुड़े।



बैठक की शुरुआत में मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि छठ पर्व केवल आस्था का नहीं, बल्कि अनुशासन, स्वच्छता और सामूहिक जिम्मेदारी का पर्व है। उन्होंने कहा कि यह अवसर समाज के समर्पण, सफाई, श्रद्धा और एकजुटता को प्रदर्शित करता है, इसलिए प्रशासनिक दृष्टि से इसकी तैयारियों में किसी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई स्वीकार्य नहीं होगी।मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि छठ पर्व के अवसर पर लाखों श्रद्धालु घाटों पर जाकर सूर्य उपासना करते हैं, ऐसे में सभी निकाय यह सुनिश्चित करें कि सभी घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, फॉगिंग, जल निकासी, और सुरक्षा प्रबंध पूरी तरह दुरुस्त रहे। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन स्थानों पर छठ पूजा होती है, वहां की सड़कें समतल और सुरक्षित हों, रास्तों पर स्ट्रीट लाइटें कार्यशील रहें और बिजली की तारें खुले में न लटकें। उन्होंने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को यह निर्देश दिए कि छठ पर्व के दौरान किसी भी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए सभी फीडरों का निरीक्षण कर लिया जाए और आवश्यक मरम्मत समय रहते कर ली जाए। मंत्री श्री शर्मा ने पेयजल व्यवस्था पर भी विशेष बल देते हुए कहा कि नगर निकायों के वाटर स्टेशन और हैंडपंपों की कार्यशीलता सुनिश्चित की जाए, घाटों के समीप पेयजल टैंकरों की व्यवस्था की जाए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि निकाय अपने स्तर से स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर घाटों पर प्राथमिक उपचार केंद्र भी स्थापित करें, जिससे किसी आकस्मिक स्थिति में तत्काल मदद दी जा सके। उन्होंने कहा कि यह पर्व सिर्फ साफ-सफाई का नहीं, बल्कि जन आस्था के सम्मान का भी पर्व है। इसलिए सभी नगर आयुक्त और अधिशासी अधिकारी व्यक्तिगत रूप से भ्रमण कर तैयारियों की समीक्षा करें और आवश्यकतानुसार सुधार कराएं। मंत्री ने कहा कि छठ पूजा के मार्गों पर यातायात व्यवस्था भी सुव्यवस्थित रहे, इसके लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ तालमेल बनाकर योजना बनाई जाए।उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश के सभी नगरों में छठ पर्व पूरी शांति, स्वच्छता और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होना चाहिए।सभी अधिकारी अपने-अपने जिलों में स्थलीय निरीक्षण करें, मीडिया व जनप्रतिनिधियों से संवाद बनाए रखें और जनता एवं श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराएं। बैठक के दौरान प्रमुख सचिव नगर विकास श्री पी गुरु प्रसाद, निदेशक श्री अनुज झा,अपर निदेशक डॉ असलम अंसारी सहित अन्य सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन में तिलहर से पहुंचेंगे 500 आर्य समाजी

शाहजहांपुर। आचार्य जितेंद्र सिंह आर्य ने कहा कि आत्मा अजर ,अमर और अविनाशी है, वह अपने किए गए कर्मों के अनुसार नवीन शरीर को धारण करती है। रविवार को आर्य समाज तिलहर में विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जितेन्द्र सिंह आर्य ने कहा कि शरीर के मृत होने पर शरीर जलता है, आत्मा नहीं, इसलिए जब जीवात्मा शरीर से अलग जाए, तब शरीर को भस्म कर देना चाहिए। आर्य समाज के मंत्री लोकेश आर्य ने आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानन्द सरस्वती द्वारा लिखित श्रीमद दयानंद प्रकाश और सत्यार्थ प्रकाश पुस्तक को पढ़कर सुनाते हुए लोगों से वैदिक मार्ग पर चलने का आवाहन किया। कहा कि 30 अक्टूबर से 02 नवंबर तक दिल्ली के रोहिणी पार्क में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन में तिलहर तहसील क्षेत्र से कई जत्थों में लगभग 500 आर्य समाजी प्रस्थान कर रहे हैं। इनमें प्रमुख रूप से आर्य समाज तिलहर, तहसील आर्यसभा, गुरुकुल महाविद्यालय रुद्रपुर, आर्यवीर दल सहित अन्य लोग भी भाग ले रहे हैं। बताया कि महासम्मेलन में 31 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे।

# कांग्रेस से समाज का हर वर्ग जुड़ा : सुरेंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरदोई। संडीला में आयोजित कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित कार्यकर्ता पदाधिकारी सम्मेलन में कॉग्रेस के बालामऊ विधान सभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सुरेन्द्र कुमार ने कहा कॉग्रेस पार्टी का देश की आजादी में बहुत बड़ा योगदान रहा था। जब जब कंाग्रेस की सरकार देस और प्रदेश सरकार बनी थी उस समय विकास हुए और सर्व समाज का विकास हुआ जैसे इंदिरा आवास योजना, जवाहर रोजगार योजना , किसानों का कर्ज माफी योजना आदि योजनाओं को पूरा करके समाज की आवश्यकता को पूरा किया । इस समय राहुल गांधी पूरे देश अपनी यात्रा से नई दिशा दे रहे हैं और कंाग्रेस पार्टी हर नागरिक जुड़ रहा हैं शिक्षक स्नातक विधान परिषद चुनाव में अधिक से अधिक मतदाता बनवाने में सहयोग की अपील किया। इस मौके पर काग्रेस के जिला अध्यक्ष विक्रम पाण्डेय साहित अन्य नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किए सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता पदाधिकारी सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



# न्यायमूर्ति अरूण कुमार ने राजकीय संप्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। न्यायमूर्ति अरूण कुमार सिंह देशवाल, प्रशासनिक न्यायमूर्ति संभल, मा. उच्च न्यायालय इलाहबाद द्वारा जिला कारागार संभल स्थित मुरादाबाद एवं राजकीय संप्रेक्षण गृह संभल स्थित मुरादाबाद का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान माननीय न्यायमूर्ति महोदय द्वारा परिसर की स्वच्छता, बंदियों की आवासीय व्यवस्था, भोजन, चिकित्सीय सुविधा तथा सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया गया तथा बंदियों के पुनर्वास एवं सुधार हेतु चल रहे कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की। उक्त के संबंध में कारागार प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। माननीय न्यायमूर्ति महोदय ने कहा कि कारागार केवल दंड देने का स्थान नहीं, बल्कि सुधार गृह है जहाँ बंदियों को समाज में पुनः स्थापित होने का अवसर मिलता है

न्यायमूर्ति महोदय ने महिला बंदियों हेतु पौष्टिक भोजन उनके साथ रह रहें बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था, शिक्षण हेतु व्यवस्था, साफ-सफाई एवं दवा की व्यवस्था कराने के भी निर्देश दिए तथा जेल लीगल एड क्लिनिक के प्रपत्रों का निरीक्षण करते हुए कहा कि यदि किसी बंदी को निःशुल्क विधिक सहायता की आवश्यकता हो तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में एक प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्या का निस्तारण करा सकता है।

राजकीय संप्रेक्षण गृह में रह रहे बालकों से भी माननीय न्यायमूर्ति महोदय ने संवाद किया एवं उनके रहन-सहन, शिक्षा तथा प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बालकों के पुनर्वास एवं मनौवैज्ञानिक परामर्श हेतु आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने एवं बच्चों के समग्र विकास हेतु बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान माननीय न्यायमूर्ति महोदय ने प्रत्येक बंदी एंव बालक को उनके विधिक आधिकारों की जानकारी एवं सहायता समय पर उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उक्त के निरीक्षण के दौरान माननीय जनपद न्यायाधीश संभल, डॉ. विदुशी सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल, श्री विभांशु सुधीर, प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड संभल श्री ललित कुमार, जिलाधिकारी संभल, श्री राजेन्द्र पैंसिया, पुलिस अधीक्षक संभल, श्री कृष्ण कुमार, जेल अधीक्षक, जिला कारागार मुरादाबाद, श्री आलोक सिंह, डिप्टी जेलर, श्री मूल कुमार राही व गीतिका भारद्वाज, जिला प्रोबेशन अधीकारी संभल, श्री चंद्रभूषण, यह जानकारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल, श्री विभांशु सुधीर द्वारा दी गई।

# बालिकाओं के सशक्तिकरण में मीना मंच बना सशक्त माध्यम : श्रद्धा सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। प्रदेश सरकार द्वारा नवरात्रि के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

जनपद में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह के मार्गदर्शन में आज जनपद के केजीबीवी छतोह मे मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थाना नसीराबाद की महिला हेल्प डेस्क तथा मिशन शक्ति टीम द्वारा बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। जिला प्रोबेशन कार्यालय द्वारा संचालित सखी वन स्टाफ सेंटर की काउंसलर श्रद्धा सिंह ने कहा कि बालिकाओं के सशक्तिकरण में मीना मंच एक सशक्त माध्यम बना है उन्होंने सखी वन स्टाफ सेंटर के बारे में विस्तृत जानकारी दी साथ में चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर के बारे में तहसीना द्वारा विधिवत बालिकाओं को बताया गया। जनपद से बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बालिकाओं हेतु संचालित योजनाओं के बारे में एस.एस पाण्डेय द्वारा बालिकाओं को आत्मरक्षा हेतु जूडो कराटे तथा उन्हें स्वास्थ्य शिक्षा एवं सुरक्षा की जानकारी के लिए मीना मंच तथा उनके जीवन कौशल विकास हेतु योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर थाना नसीराबाद से इंस्पेक्टर विमल कांत गोयल तथा महिला आरक्षी सोनम एवं रेनू के अलावा विद्यालय की वार्डन श्वेता कौशल ज्योति तिवारी वंदना चौधरी रूपा सिंह सुनीता सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के दौरान जूडो कराटे का प्रशिक्षण हेल्पलाइन से संबंधित चार्ट एवं रंगोली तथा स्पीच में बालिकाओं द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया।



# सपा नेताओं ने मनाई संत शिरोमणि नामदेव की जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर संत शिरोमणि नामदेव की जयंती बिजलीपुरा स्थित पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाई गई। इस दौरान पार्टी के सभी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर सपा के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी में तनवीर खां ने कहा कि संत नामदेव का जीवन दलितों, पिछड़ों और शोषितों के लिए समर्पित रहा। उन्होंने पूरे देश में भ्रमण कर सामाजिक चेतना जगाई और समता, समानता तथा सद्भावना का संदेश दिया। सपा नेता विक्रांत चैधरी ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पहली बार पूरे प्रदेश में पार्टी के नेताओं ने संत शिरोमणि नामदेव की जयंती मनाई है। जबकि इतनी बड़ी संख्या में होने के बाबजूद भी आज तक किसी पार्टी ने हमारे समाज को सम्मान नहीं दिया। कहा कि अखिलेश यादव ने संत नामदेव की जयंती मनाकर हमारे समाज को जो सम्मान दिया। उसके लिए हमारा समाज एकजुट होकर आगामी 2027 के विधानसभा में पिछड़ों के नेता अखिलेश यादव का समर्थन करेगा। कहा कि आगामी 2027 में अखिलेश यादव ही प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे। हमारा समाज पूरे प्रदेश में संदेश देने का काम करेंगी। इस मौके पर पूर्व विधायक राजेश यादव, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, विजय सिंह, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष चैधरी रामकुमार भोजवाल, सपा नेता लखन प्रताप सिंह, सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश पाल, सत्येंद्र यादव, सपा अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष मुकेश यादव, रघुवीर सक्सेना, नितिन सक्सेना, उमेश सक्सेना, आकाश, अभिषेक, सरताज, संतोष पाल, हफीज अंसारी, गुफरान, पप्पू यादव, जुबेर, इमरान, रानू खान, असलम, अजीम, सुरजीत, आरिफ, सिद्दीक खान, अफाक, तालिब, राजू कनौजिया, महिला सभा की महानगर अध्यक्ष जाफरीन, नीलम, सपा जिलाध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि कई लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने साइक्लोथॉन-2025 को दिखाई हरी झंडी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा और जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने रविवार को साइक्लोथॉन-2025 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

वाराणसी जिला प्रशासन की ओर से सांसद खेल प्रतियोगिता काशी-2025 के तहत उदय प्रताप कॉलेज में आयोजित इस प्रतियोगिता में 18 वर्ष या इससे कम आयु के बच्चों ने हिस्सा लिया। यह साइक्लोथॉन यूपी कॉलेज खेल मैदान से शुरू होकर भोजूबीर, अर्दली बाजार, पुलिस लाइन चौराहा, मकबूल आलम रोड, चौकाघाट होते हुए सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर समाप्त हुई। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, यूपी कॉलेज के प्रधानाचार्य सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# आशीष जैन ने हरदत्तपुर रेलवे स्टेशन का किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी आशीष जैन ने रविवार को मंडल के राजातालाब एवं हरदत्तपुर रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन की स्वच्छता के साथ-साथ केन्द्रीकृत स्टेशन पैनल, वीडर काउन्टर, रिले रूम, संरक्षा उपकरणों यथा लॉक एण्ड ब्लॉक इंस्ट्रूमेंट, एक्सल काउंटर इत्यादि को देखा गया । इसके अलावा स्टेशन अभिलेखों यथा विफलता रजिस्टर, अनुरक्षण रजिस्टर, रिले रूम चाभी हस्तांतरण रजिस्टर, पॉइंट्स एण्ड क्रासिंग रजिस्टर, स्टेशन वर्किंग रूल इत्यादि की जाँच की । प्लेटफार्म सहित अन्य यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने राजातालाब स्टेशन यार्ड में लूप लाइन संख्या 1 के वर्क के दौरान रेलवे ट्रैक के बदलाव एवं रेल वेल्डिंग का निरीक्षण किया साथ वेल्डिंग की गुणवत्ता तथा रेलवे ट्रैक की मानक दूरी की जांच भी की ।



मंडल रेल प्रबंधक द्वारा हरदत्तपुर रेलवे स्टेशन के औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन की स्वच्छता के साथ-साथ केन्द्रीकृत स्टेशन पैनल, वीडर काउन्टर, रिले रूम, संरक्षा उपकरणों यथा ब्लॉक इंस्ट्रूमेंट, एक्सल काउंटर,डाटा लॉगर इत्यादि को देखा गया । इसके अलावा स्टेशन अभिलेखों यथा विफलता रजिस्टर, अनुरक्षण रजिस्टर, रिले रूम चाभी हस्तांतरण रजिस्टर, पॉइंट्स एण्ड क्रासिंग रजिस्टर, स्टेशन वर्किंग रूल इत्यादि की जाँच की ।साथ ही प्लेटफार्म सहित अन्य यात्री सुविधाओं का निरीक्षण कर स्टेशन पर उपकरणों के यथोचित रख-रखाव एवं साफ-सफाई के सम्बंध में निर्देश दिया ।

## कैथल के निकट अवैध खनन करते एसडीएम ने किये दो डंपर जब्त

**चंदौसी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गांव एतौल कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कैथल में रात के अंधेरे में चल रहे अवैध खनन पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। शुक्रवार देर रात अवैध खनन की सूचना पर उप जिलाधिकारी आशुतोष तिवारी ने टीम के साथ मौके पर छापेमारी की। मौके पर पहुंचते ही प्रशासनिक टीम को देख खनन माफिया हड़कंप में आ गए। कुछ लोग अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए, जबकि दो डंपरों को कब्जे में लेते हुए चार लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया। उप जिलाधिकारी आशुतोष तिवारी ने बताया कि मौके से पकड़े गए डंपरों को पुलिस थाने में खड़ा करा दिया गया है और हिरासत में लिए गए चार व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## पेट्रोल पंप से सेल्समैन की बाइक चोरी

**शिकारपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शिकारपुर स्थित फूल सर्विस स्टेशन पर सेल्समैन की अज्ञात चोरों द्वारा बाइक चोरी कर ली गई। अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के दौलतपुर खुर्द गांव निवासी नवाब खान पुत्र शरीफ अहमद ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

## होटल पर खाने के पैसे मांगने पर पिटाई की

**शिकारपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शिकारपुर बाईपास पर सोनू होटल पर मारुति सुजुकी में सवार होकर पहुंचे 5 लोगों ने खाना खाने के बाद पैसे मांगने पर होटल संचालक शिकारपुर की शिवलोक कॉलोनी निवासी सोनू पुत्र चंद्रपाल सिंह के साथ मारपीट की। होटल स्वामी के साथ मारपीट किए जाने के दौरान अन्य होटल कर्मी संतोष, संजू, राजू और संजय ने विरोध किया तो कार सवारों ने उनके साथ भी मारपीट की। होटल संचालक सोनू ने कार सवार पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## घर में घुसकर मारपीट कर घायल किया

**शिकारपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली शिकारपुर क्षेत्र के रामनगर गांव में एक घर में घुसकर गांव निवासी दो युवकों ने मारपीट कर दो बहनों को घायल कर दिया। अजीत पुत्र हरपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह खुर्जा से अपनी पत्नी की दवा लेकर लौट रहा था। रास्ते में गांव निवासी कृष्णा ने बाइक से टक्कर मारने की कोशिश की। गांव पहुंचने पर जब उसने लोगों से शिकायत की तो कृष्णा और सोनू ने उसके घर पहुंच कर गालीऽगलौज की और लाठी डंडों से उस पर, बहन मुकेश उर्फ मिथिलेश, रमा, गोलो, मां शीला और बहनोई पर हमला कर दिया। जिसमें उसकी दो बहनें मुकेश उर्फ मिथलेश और रमा घायल हो गईं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

## शराब तस्कर गिरफ्तार

**शिकारपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अहमदगढ़ थाना पुलिस ने बाइक सवार एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रेमचंद शर्मा ने बताया कि गंगावास गांव पेट्रोल पंप के पास से पौंडरी गांव निवासी कपिल पुत्र सलेख चंद को गिरफ्तार किया गया है। वह बाइक पर एक प्लास्टिक के कट्टे में मिस इंडिया देसी शराब के 45 पैकेट ले जा रहा था। कपिल ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह उक्त शराब को शिकारपुर में एक होटल पर सप्लाई करने ले जा रहा था।

## रंजिशन मां बेटे पर हमला

**शिकारपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के मामयू गांव में जग्गी के नलकूप के पास गांव के ही तीन लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते श्रीमती प्रमोद देवी और उनके पुत्र विपिन को रोककर गालीऽगलौज की। विरोध करने पर मारपीट की गई, जिसमें विपिन घायल हो गया। श्रीमती प्रमोद देवी द्वारा पुलिस में दर्ज कराए गए मामले में रोहित, गुड्डू और डब्लू को नामजद किया गया है।

## महिला लापता

**शिकारपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के कन्हेरा गांव में अपने मायके आई महिला अहमदगढ़ सामान खरीदने आई थी कि लापता हो गई। 30 वर्षीया प्रीति करीब 20 रोज पहले अपनी ससुराल से मायका आई थी। अहमदगढ़ सामान खरीदने जाने के बाद घर नहीं लौटी। परिजनों द्वारा काफी तलाश किए जाने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा है। लापता प्रीति के पिता प्रकाश ने गुमशुदगी दर्ज कराई है।

## युवती ने अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया

**शिकारपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सलेमपुर थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती ने गांव निवासी एक युवक पर पांच सौ रुपए दिखाकर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा कराया है। युवती ने पुलिस को तहरीर दी है जिसमें कहा है कि गांव निवासी सबरजीत द्वारा अश्लील हरकत की शिकायत उसने जब घर आकर अपने माता-पिता से की। तब वह उसके घर गए और शिकायत की। जिस पर सबरजीत और उसके दोनों भाइयों गजेंद्र और ब्रह्मजीत ने गालीऽगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों भाइयों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

## बाइक पिकअप टक्कर में बाइक सवार मजदूर की मौत

**अनूपशहर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गांव लोधई के निकट बाइक तथा पिकअप की आमने-सामने की भिड़ंत में बाइक सवार मजदूर की मृत्यु हो गई। तथा पिकअप में सवार तीन लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को सुबह लगभग 8:00 बजे जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव नूरपुर करनपुर शिव नंगला निवासी 52 वर्षीय डालचंद पुत्र राम भूल अपनी बाइक से गांव भैलई मजदूरी के लिए जा रहे थे। गांव लोधई के निकट दौलतपुर की ओर से तेज गति से आ रही पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे डालचंद गंभीर रूप से घायल हो गए। अनूपशहर पुलिस ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पिकअप के घायलों को जहांगीराबाद सीएससी पहुंचाया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर डालचंद के परिजन अनूपशहर सीएससी पहुंचे, पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। तथा पिकअप को अपने कब्जे में ले लिया है। ग्रामीणों के अनुसार डालचंद के दो पुत्र तथा दो पुत्रियां हैं। दो पुत्री तथा एक पुत्र की शादी हो चुकी है। एक पुत्र अविवाहित है। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा का कहना है, कि पीड़ित परिवार की ओर से तहरीर आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## सांसद खेलकूद स्पर्धा संपन्न

**अनूपशहर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डीपीबीएस कालेज में न्याय पंचायत स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया। युवाओ ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रविवार को डीपीबीएस कालेज के खेल मैदान पर न्याया पंचायत स्तर की सांसद खेल कूद प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। जिसका शुभारंभ अनूपशहर विधानसभा प्रभारी अभय गर्ग ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में युवाओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बालक कबड्डी टीम पचदेवरा प्रथम, 100 मीटर दौड़ सौरभ प्रथम, 100 मीटर बालिका वर्ग में साक्षी प्रथम, 400 मीटर बालक वर्ग धरमवीर प्रथम, 400 मीटर बालिका वर्ग खुशी प्रथम रही। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक मुनेश शर्मा, सहसंयोजक पं पवित्र कौशिक, लोकेश चौधरी, अभिषेक त्यागी, बुन्दू सैफी, राहुल वाल्मीकि आदि मौजूद रहे। खेल कूद प्रतियोगिताओ में दौड़, कब्बड्डी, वॉलीबॉल, जैवलिन, डिसकस, शाटपुट आदि बालक/बालिका वर्ग में खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी खेल प्रतियोगिताएं क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी कुलदीप चौहान, शुभम राणा एवं बेसिक शिक्षा विभाग के पीटीआई की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

## श्री रामचरित मानस प्रचार समिति ने निकाली दुग्ध अर्पण

**अनूपशहर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** श्रीरामचरित मानस प्रचार समिति के तत्वावधान में गंगा के स्तवन का पावन कार्यक्रम 'दुग्धार्पणम' यात्रा धूमधाम से निकालकर गंगा में 171 किलो दूध अर्पित किया। रविवार को श्रीरामचरित मानस प्रचार समिति के पदाधिकारियों व राम भक्तों व गंगा भक्तों ने मुहल्ला केदारशाह स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से द्वितीय 'दुग्धार्पणम' शोभा यात्रा निकाली। यात्रा इमली बजरिया, कलां बाजार, शिव चौक होते हुए जाह्नवी द्वार गंगा तट पहुंची। मार्ग में श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा पर पुष्प बरसा कर स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने मां गंगा मे 171 लीटर दूध अर्पित किया। प्रसाद के रूप में बनाई गई 100 ली दूध की खीर वितरित कर क्षेत्र की उन्नति व शांति की कामना की। कार्यक्रम मे राजेंद्र गौड़ व सतीश शर्मा का विशेष योगदान रहा। दुग्धार्पणम यात्रा में समिति के अध्यक्ष सौरभ गौड़, महासचिव जयप्रकाश सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष बृजेश गोयल, सोमेश शर्मा, ललित गुप्ता, दिगंबर सिंह, पीके शर्मा, पिंटू गोयल, जीवाराम गौड़, सुषमा, प्रीति सुधा शर्मा सचिन गौड़, ऋतुराज गौड़, ध्रुव, श्याम रस्तोगी डा. मुकेश गुप्ता, पराग गर्ग, होम निधि वार्ष्णेय, सी पी सिंह आदि मौजूद रहे।

## 27- 28 अक्टूबर को जीआईसी तिराहे से हथौड़ा चैराहे तक वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** छठ पूजा के चलते 27 अक्टूबर और 28 अक्टूबर को जीआईसी तिराहे से हथौड़ा चैराहे तक वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। दरअसल, लोधीपुर खन्नौत घाट पर छठ पूजा का कार्यक्रम होता है। जिसमें हजारों श्रद्धालु पूजा करने घाट पर आते हैं। श्रद्धालुओं को काई असुविधा न हो, इसलिए प्रशासन ने वाहनों का यातायात डायवर्जन किया है।

# सपा के पूर्व विधायक ने बीजेपी के विधायक व उनके बेटे पर भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले के कटरा बाजार विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक विवाद तेज हो गया है।समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक बैजनाथ दुबे ने बीजेपी विधायक बावन सिंह और उनके पुत्र वैभव सिं ह उर्फ मोनू पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगा ए हैं।वैभव सिंह हलधरमऊ ब्लॉक के प्रमुख प्र तिनिधि हैं।पूर्व विधायक बैजनाथ दुबे ने अपने फ़ेसबुक पोस्ट में लिखा कि कटरा बाजार का हलधरमऊ ब्लॉक पूरी तरह भ्रष्टाचार में लिप्त है।उन्होंने आरोप लगाया कि पिता-पुत्र मिलकर ब्लॉक को लूट रहे हैं।अपने पोस्ट में उन्होंने गों डा जिलाधिकारी को भी टैग किया है।इस माम ले पर बीजेपी विधायक बावन सिंह ने कैमरे के सामने कोई बयान देने से इनकार किया और क हा कि जो कुछ कहना था वह उन्होंने फ़ेसबुक पर ही लिख दिया है।पूर्व सपा विधायक के आ रोपों का जवाब भी फ़ेसबुक पर ही आया था भाजपा विधायक के बेटे वैभव सिंह ने लिखा ''एक रुपये का भ्रष्टाचार साबित करो और राज नीति व ब्लॉक दोनों से इस्तीफा ले लो।अगर य ह आरोप अनर्गल साबित हुए,तो अब चार धाम की यात्रा पर निकलने का विचार करो।'' उन्होंने अपनी पोस्ट में हंसने वाली इमोजी भी लगाई। वैभव सिंह ने भी कैमरे पर बोलने से मना कर दिया और कहा कि फ़ेसबुक के माध्यम से ज वाब दे दिया गया है।बताया जा रहा है कि पूर्व सपा विधायक बैजनाथ दुबे और वर्तमान भाज पा विधायक बावन सिंह के बीच लंबे समय से राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता चल रही है। दोनों नेता अक्सर विधानसभा चुनाव में एक-दूसरे के खि लाफ कड़ी टक्कर लेते हैं हाल ही में कटरा बा जार ब्लॉक परिसर में हुए एक विवाद को लेकर भी पूर्व सपा विधायक ने बीजेपी विधायक और उनके पुत्र पर गंभीर आरोप लगाए थे।इस विवा द ने क्षेत्र में राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है और दोनों पक्षों के समर्थक फ़ेसबुक पर ही अपने-अ पने रुख को साझा कर रहे हैं।

# महिला की गुहार पर हरकत में आया प्रशासन, मंडलायुक्त ने दिलाया न्याय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । महिला उत्पीड़न का एक मामला प्रकाश में आने पर आयुक्त देवीपाटन के निर्देश पर पु लिस अधीक्षक ने तत्काल एफआईआर दर्ज क रा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।दरअसल श हर में रहने वाली एक विवाहिता ने मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल को प्रार्थना पत्र देकर घर के सामने रहने वाले युवक पर यौन उत्पीड़न, गाली गलौज और धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए थे। पीड़िता ने बताया कि आरोपी उनके घर के सामने रहता है और आए दिन उनका पीछा कर ता है, छेड़छाड़ करता है तथा अभद्र टिप्पणियां करता है। महिला के अनुसार, जब वह अपनी छत पर जाती है तो युवक भी अपनी छत पर जाकर अश्लील इशारे करता है।महिला ने बता या कि कि कुछ दिन पहले जब वह अपने बच्चे को स्कूल छोड़ने गई थीं,तब आरोपी युवक रा स्ते में मिला और मारपीट करने की धमकी दी। इसके बाद से वह अपने घर से बाहर निकलने में भय महसूस कर रही हैं और मानसिक रूप से अत्यंत उत्पीड़ित हैं।पीड़िता ने मंडलायुक्त से अनुरोध किया कि युवक के खिलाफ शीघ्र कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि उसे न्याय मिल सके और वह सुरक्षित रह सके।प्रार्थना पत्र का संज्ञा न लेते हुए मंडलायुक्त ने तत्काल पुलिस अधीक्ष क गोण्डा को आवश्यक कार्यवाही करने के नि र्देश दिए।निर्देश मिलते ही एसपी गोण्डा ने संबं धित थाने को मुकदमा दर्ज कराया जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि महिलाओं की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा कि प्रशासन महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।सरकार की ड्डमि शन शक्तिड्ड अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।मंडलायुक्त ने यह भी चे तावनी दी कि महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार क रने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाए गा और ऐसे मामलों में तत्काल कानूनी कार्रवा ई की जाएगी।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हुए मिस्टर इंडिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । शांति फाउंडेशन अशोकपुर टिकिया वजीरगंज द्वारा शांति फाउंडेशन, इंडिया की राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी देवी की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय कलाकार दिवस के अवसर पर एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस मौके पर कला और संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए इंटरनेशनल जादूगर मिस्टर इंडिया परसपुर गोण्डा को ड्डइंटरनेशनल आर्टिस्ट अवॉर्ड 2025ड्ड से सम्मानित किया गया।उक्त समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उमेश कुमार यादव (लुंबिनी, नेपाल) उपस्थित रहे, जिन्होंने पुरस्कार प्रदान किया।बताते चलें कि शांति फाउंडेशन जो पूरे भारत में कला, संस्कृति और समाजसेवा के क्षेत्र में कार्यरत है, इस अवसर पर कलाकारों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सम्मान कला कारों को नई ऊर्ज़ा और प्रेरणा प्रदान करते हैं। इस दौरान इंटरनेशनल जादूगर मिस्टर इंडिया ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण है, और वे आगे भी भारतीय कला और संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने का प्रयास जारी रखेंगे।संस्थान द्वारा कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों और प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## सड़क हादसे में समाचार पत्र विक्रेता की मौत

गौतम बुद्ध नगर,। थाना सेक्टर 58 क्षेत्र में रविवार सुबह को हुए एक सड़क हादसे में एक समाचार पत्र विक्रेता की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सेक्टर 58 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि माया राम पुत्र आसाराम यादव उम्र 55 वर्ष निवासी अनिल बिहार खोड़ा कॉलोनी समाचार पत्र बांटने का काम करते थे। रविवार सुबह को वह पेपर लेकर बांटने के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह सेक्टर 57 के पास पहुंचे एक अज्ञात वाहन चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दिया। उन्हें अत्यंत गंभीर हालत में उपचार के लिए उनके भाई पवन और भतीजे रामकिशोर ने नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। उन्होंने बताया कि उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# भू - माफिया अंकुर अग्रवाल ने मूकबधिर की करोड़ों की जमीन को करा लिया बैनामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा । जिले की करनैलगंज तहसील अंतर्गत कादीपुर गाँव में जड़बुद्धि नाम का एक व्यक्ति रहता था,जो मूक-बधिर था।उसकी सारी संप त्ति के संरक्षक जिलाधिकारी गोण्डा थे।ऐसे में जिले का भू-माफिया अंकुर अग्रवाल ने तहसी ल कर्मियों की साठगांठ से मूकबधिर व्यक्ति की करोड़ों की जमीन को कूटरचित तरीके से अप ने पार्टनर अतुल अग्रवाल व भावना अग्रवाल के साथ मिलकर मूक-बधिर की जमीन को उस के रिश्तेदार के नाम करवा कर खुद बैनामा क रा लिया,जब कि उक्त जमीन का बैनामा बिना जिलाधिकारी के परमिशन के नहीं हो सकता था, लेकिन करनैलगंज तहसील प्रशासन और भू-माफिया की गठजोड़ के चलते यह खेल ब हुत ही आसानी से हो गया।इस मामले को जब एक समाजसेवी ने जिलाधिकारी तक पहुंचाया, तो तत्कालीन जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने पूरे मा मले को सीआरओ गोण्डा को नामित करते हुए जांच करने का आदेश दिया।सीआरओ ने जांच करते हुए अपनी रिपोर्ट में लिखा कि प्रथम दृष्टया हल्का लेखपाल और राजस्व निरीक्षक की मिलीभगत से यह कृत्य हुआ है।उन्होंने उक्त रि पोर्ट लगाते हुए जिलाधिकारी को दे दिया, लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी लेखपाल व राजस्व निरीक्षक के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं हुई। सूत्रों की मानें तो इस प्रकरण में कुछ सफ़े दपोश भी 60 बीघे जमीन की अहमियत को स मझ गए और मामले को करनैलगंज तहसील से लेकर जिला प्रशासन तक रफा-दफा करवा कर फाइल को बंद कर दिया गया है।बताते च लें कि यह वही अंकुर अग्रवाल है, जिस पर पूर्व जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने रेलवे और ग्राम समा ज की जमीन का कूटरचित ढंग से एग्रीमेंट कर वा लेने तथा प्लाटिंग के फिराक में होने के माम ले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। जिले के एक वरिष्ठ पत्रकार ने इस प्रकरण को कमिश्नर के समक्ष पेश किया,जिस पर कमि श्नर ने जिला अधिकारी प्रियंका निरंजन से पूरी मामले की जांच रिपोर्ट मांगी,वहीं जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने पूरे प्रकरण की जानकारी ज ब सीआरओ से मांगी तो उन्होंने फिर से जांच शुरू कर दी है। इस प्रकरण में चौंकाने वाली बा त यह है कि मूकबधिर जड़बुद्धि नाम के व्यक्ति के चाचा गोमती प्रसाद का कहना है कि गोण्डा के अंकुर अग्रवाल, अतुल अग्रवाल व भावना अग्रवाल ने मिलकर उसका 60 बीघा जमीन बैनामा करवा लिया है। कैसे करवा लिया, यह हमको खुद नहीं पता है।वहीं चौंकाने वाली बात यह है कि उक्त जमीन की जिलाधिकारी गोण्डा संरक्षक थीं,तो मूक-बधिर व्यक्ति की जमीन का बैनामा कैसे हो गया यह सब संदेह के घेरे में है।

**मूक-बधिर व्यक्ति के मामले में सालभर से चल रही जांच-दर-जांच फिर भी दोषियों पर नहीं आ रही कोई आंच**

**क्या कहती हैं जिलाधिकारी गोण्डा**

इस पूरे प्रकरण के बारे में जब जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन से बात की गयी तो उन्होंने ब ताया कि प्रकरण गंभीर है।तत्काल इसकी जां च कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

# आईजी ने छठ घाट का किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक ने आगामी छठ पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं सुरक्षा व्यवस्था,यातायात प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के मद्देनजर गोण्डा शहर स्थित खैरा भवानी मंदिर घाट का भ्रमण,निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान रूट बैरिकेटिंग, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, जल पुलिस की तैनाती,गोताखोरों की उपलब्ध ता पार्किंग स्थलों के निर्धारण,यातायात व्यव स्था तथा भीड़ नियंत्रण के उपायों का निरीक्षण किया गया।आईजी देवीपाटन परिक्षेत्र के द्वारा निर्देशित किया गया कि छठ पूजा के अवसर प र घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा ए वं सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चा हिए, सभी व्यवस्थाएं पूर्व निर्धारित योजना के अनुरूप समय से पूर्ण की जाएं व ड्यूटी में तैना त पुलिस बल द्वारा सतर्क दृष्टि रखते हुए घाट क्षेत्र,मार्गों एवं पार्किंग स्थलों की निगरानी की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की अ सुविधा न हो तथा पर्व शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हो।इस मौके पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर व अन्य अधि कारी,कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# ग्राम भंगहा में स्थापित मत्स्य बीज हैचरी का सीडीओ ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं अन्तर्गत तहसील कैसरगंज के ब्लाक हुजूरपुर के ग्राम भंगहा में स्थापित मत्स्य बीज हैचरी का मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने स्थलीय निरीक्षण कर मत्स्य बीच उत्पादन सम्बन्धी बूडर, स्पान, फ्राई, फिंगर्लिंग मछली से संबंधित निर्मित समस्त इकाइयों, ब्रीडिंग स्पानपुल एवं नर्सरियों का अवलोकन कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। मौके पर मौजूद मत्स्य बीज हैचरी संचालक आशाराम द्वारा बताया गया कि इकाई के संचालन से उन्हें प्रति वर्ष लगभग 25-30 लाख रूपये की आय प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त स्थानीय स्तर पर लगभग 20-25 लोगों को रोज़गार भी प्राप्त हो रहा है। हैचरी संचालक ने बताया कि उनके द्वारा इंटीग्रेटेड फिश फार्मिंग के अंतर्गत गौशाला डेयरी, बकरी पालन व कुक्कुट पालन का भी कार्य किया जा रहा है। सीडीओ श्री चन्द्र ने सुव्यवसिथत ढंग से संचालित हैचरी के लिए संचालक आशाराम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि दूसरे कृषकों को खेती-किसानी के साथ-साथ कृषि आधारित उद्योगों के लिए प्रेरित करें। सीडीओ ने प्रभारी सहायक निदेशक मत्स्य बाबू राम को निर्देश दिया कि जनपद के अन्य लोगों को भी मत्स्यपालन के लिए प्रेरित कर उन्हें विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से आच्छादित कराएं। इस अवसर पर मत्स्य निरीक्षक दीपक मिश्रा व स्थानीय ग्रामवासी में उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार सरकारी एंबुलेंस ने बाइक सवार को 50 मीटर तक घसीटा. मौत



गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले में एक सड़क हादसे में 18 वर्षीय अंकित वर्मा की मौत हो गई। यह घटना आज परसपुर-भौरीगंज मार्ग पर पसका मोड़ तिराहा के पास रवि वार सुबह सात बजे हुई है जब ए क तेज रफ्तार सरकारी एंबुलेंस ने उसकी मोट रसाइकिल को टक्कर मार दी।अंकित वर्मा सुब ह करीब सात बजे अपने चाचा को परसपुर चौ राहे से लेने जा रहा था।रास्ते में ही यह हादसा हो गया। वह मधईपुर कर्मी गांव का रहने वाला था।स्थानीय लोगों ने अंकित को तत्काल सामु दायिक स्वास्थ्य केंद्र परसपुर पहुंचाया,लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के बाबा,पूर्व प्रधान आ दित्य वर्मा,अस्पताल पहुंचे।परिजनों ने सरकारी एंबुलेंस चालक के खिलाफ परसपुर थाने में त हरीर दी है और कार्रवाई की मांग की है।परिज नों का आरोप है कि एंबुलेंस चालक ने अंकित की मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मारी और उसे रौंद दिया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्क र के बाद मोटरसाइकिल लगभग 50 मीटर त क घिसटती चली गई,लेकिन एंबुलेंस चालक ने वाहन नहीं रोका।परसपुर थानाध्यक्ष अनुज त्रि पाठी ने बताया कि दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।पुलिस ने श व को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमा र्टम के लिए भेज दिया है।आगे की जांच जारी है।

## गौशालाओं को पराली दान करने की डीएम ने की अपील

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जिले के किसानों से अपील की है कि अपने फसल अवशेष को खेतों में जलाये नहीं बल्कि अपने आस-पास स्थित गोआश्रय स्थल में संरक्षित निराश्रित गोवंशों के लिए अधिकाधिक मात्रा में पराली/फसल अवशेष व हरा चारा का दान करके गो संरक्षण जैसे पुण्य कार्य में सहयोग प्रदान करें। डीएम श्री त्रिपाठी ने जिला पंचायत राज अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा व मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया है कि फसल कटाई सीजन के दृष्टिगत जनपद के ग्राम प्रधानों तथा प्रगतिशील कृषकों एवं दानवीरों से सम्पर्क कर जिले में संचालित गौ आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों के लिए अधिकाधिक मात्रा में फसल अवशेष एवं पराली तथा हरा चारा प्राप्त कर आश्रय स्थलों को भिजवाएं। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि गौशालाओं को प्रतिदिन पराली भिजवाये जाने की सूचना उप कृषि निदेशक को उपलब्ध करायी जाये तथा पराली के परिवहन में होने वाले व्यय का भुगतान मनरेगा योजना से कराया जाय।

## योजनाओं के लाभ से वंचित होंगे फार्मर रजिस्ट्री न कराने वाले किसान

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि फार्मर आईडी बनवाने में रूचि न लेने वाले किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में असुविधा होगी। कृषि विभाग द्वारा निरन्तर जागरूकता अभियान संचालित किये जाने के बावजूद अभी भी शत प्रतिशत किसानों की फार्मर आईडी नहीं बन पायी है। जिले में कुल 05 लाख 08 हज़ार 600 किसानों की फार्मर आईडी बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष 02 लाख 80 हजार 733 किसानों की फार्मर आईडी बनाई गयी है, जो कि लक्ष्य का मात्र 55 प्रतिशत है। श्री वर्मा ने बताया कि फार्मर आईडी न बनवाने वाले किसानों को निकट भविष्य में सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि योजना सहित अन्य सभी विभागीय योजनाओं के लाभ से वंचित किया जा सकता है।

उप कृषि निदेशक ने जिले के कृषकों से अपील की है कि कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों, राजस्व लेखपाल से सम्पर्क कर अथवा स्वयं अपने नजदीकी जन सेवा केंद्र पर जाकर फार्मर आईडी बनवा लें। जिससे कि उन्हें कृषि योजनाओं सहित अन्य सभी सरकारी योजनाओं ,किसान क्रेडिट कार्ड व भूमि सम्बन्धी अन्य लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। फार्मर आईडी बनवा लेने से किसानों को खाद, बीज व कृषि निवेशों में अनुदान प्राप्त करने में आसानी होगी। फार्मर आईडी किसानों की पहचान होगी। फार्मर आईडी के यूनिक कोड की मदद से कृषक सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकेंगे।

डीडी एग्री श्री वर्मा ने बताया कि फार्मर आईडी बनवाने के बाद कृषक को एक क्लिक पर ही इंटरनेट के माध्यम से सम्पूर्ण भारत में कृषक का पूरा ब्यौरा उपलब्ध हो सकेगा। जिससे किसान को कहीं भी अपने अभिलेख व कागज़ात साथ लेकर नहीं जाना पड़ेगा। श्री वर्मा ने बताया कि फार्मर आईडी बनवाने वाले किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, केसीसी तथा अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता रहेगा। श्री वर्मा ने किसानों को सुझाव दिया है कि शीघ्र से शीघ्र फार्मर आईडी बनवा लें ताकि उन्हें सभी प्रकार की योजनाओं का लाभ मिलता रहे।

# सरकारी संपत्ति पर कड़ा रुख, एसडीएम मोनालिसा जौहरी का अतिक्रमण के खिलाफ अभियान तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। तहसील नानपारा क्षेत्र में प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकारी चकरोडों को कब्जामुक्त कराने का अभियान तेज कर दिया। एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी के नेतृत्व में चलाई गई इस कार्रवाई के तहत एक ही दिन में कुल 18 चकरोडों से अवैध कब्जा हटवाया गया। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने सख्त रुख अपनाते हुए सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराने का विशेष अभियान चलाया। इस दौरान तहसील नानपारा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम शिवरामपुर की गाटा संख्या-97/0.031, 108/0.018, ग्राम बरुही की गाटा संख्या-256/0.077, 377/0.059, 88/0.056, ग्राम रामपुर मुन्ना पाठक की गाटा संख्या-447/0.108, ग्राम नब्बा की गाटा संख्या-87/0.075, ग्राम सोरहिया की गाटा संख्या-39/0.061, बाबागंज की गाटा संख्या-493/0.127, बड़ेहरा की गाटा संख्या-137/0.081, असवा मोहमदपुर की गाटा संख्या-1638/0.041, 1592/0.025 तथा कोयलहवा की गाटा संख्या-583/0.080, 628/0.018, 680/0.041 सहित कुल 18 चकरोडों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। ये सभी भूमि राजस्व अभिलेखों में शासकीय संपत्ति (चकमार्ग) के नाम दर्ज थीं। पैमाइश कराकर उपरोक्त चकरोडों को कब्जामुक्त कराया गया तथा उन पर मिट्टी आदि का कार्य कराने के लिए संबंधित खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए।एसडीएम के सख्त तेवरों से अवैध कब्जेदारों में हड़कंप मच गया है। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने बताया कि सरकारी चकमार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए एक विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है, जो एक माह तक चलेगा। इस अवधि में तहसील नानपारा क्षेत्र की सभी शासकीय संपत्तियों को कब्जामुक्त कराया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी संपत्ति पर किसी का भी अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, साथ ही संबंधित विभागों को निर्माण कार्यों के लिए पत्राचार भी किया गया है।

# सदर सांसद रवि किशन शुक्ला ने शहर के प्रमुख छठ घाटों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । लोकआस्था के महापर्व छठ के शुभ अवसर पर गोरखपुर शहर में सभी घाटों पर सुरक्षा, स्वच्छता और सुविधाओं को लेकर व्यापक तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। शहर के 110 स्थानों, जिनमें मुख्य रूप से 46 घाट—जैसे राजघाट, गोरक्षघाट, रामघाट, टकिया और हनुमान गढ़ी—पर पूर्ण व्यवस्थाओं का क्रियान्वयन किया गया है। इन घाटों पर एक डेडिकेटेड कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है ताकि सुरक्षा और सुविधा से जुड़ी सभी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा सके। प्रशासन ने इन घाटों पर 3200 से अधिक सफाई कर्मियों को तैनात किया है। इसके अलावा, 110 पानी के टैंकर, लगभग 20,000 स्ट्रीट लाइट और रोड लाइट, और 180 से अधिक एप्रोच मार्ग एवं तालाबों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। कुल लागत लगभग 150 करोड़ रुपये है। गौरतलब है कि गुरु गोरक्षघाट पर विशेष तैयारी की गई है। यहाँ '0 वेस्ट' मॉडल अपनाया गया है, जिसमें अर्पण कलश के माध्यम से श्रद्धालुओं द्वारा छोड़े गए अपशिष्टों को एकत्र कर निस्तारित किया जाएगा। यह व्यवस्था छठ महापर्व को स्वच्छ और व्यवस्थित रूप से मनाने के उद्देश्य से की गई है। सांसद रवि किशन शुक्ला ने किया घाटों का निरीक्षण लोकआस्था के इस महापर्व पर सांसद रवि किशन शुक्ला ने रविवार को शहर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई, प्रकाश और सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। सांसद रवि किशन शाम 4 बजे राजघाट पहुंचे, जहां उन्होंने घाट पर चल रही व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया। उन्होंने कहा, ड्डयह पर्व जन-जन की आस्था से जुड़ा है।

# शारदकाल में रोगरोधी अगेती गन्ना किस्मों की बुवाई करे किसान : के आर भार्गव : जिला गन्ना अधिकारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पीलीभीत।जनपद के जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव पीलीभीत द्वारा गन्ना विकास परिषद् बीसलपुर के ग्राम भसूड़ा मे आधार पौधशाला का सत्यापन किया यह पौधशाला बसंतकाल मे उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद् शाहजहांपुर से गन्ना किस्म कोशा. 18231 का बीज लाकर स्थापित की गयी थी। यह गन्ना किस्म जल्दी पकने वाली अगेती गन्ना किस्म है। इसमें टिलरिंग बहुत अच्छी होती है।जिससे मिल योग्य स्वास्थ्य गन्ने अधिक प्राप्त होते है।गन्ने की सूखी पत्तियाँ आसानी से उतर जाती है। यह किस्म लाल सड़न रोग व स्मट रोग के प्रति मध्यम रोगरोधी है।वर्तमान मे शरदकालीन गन्ना बुवाई तेजी से हो रही है।किसान शरदकालीन गन्ना बुवाई के लिये गन्ना किस्मो का चयन बहुत सावधानी पूर्वक करे।यदि सही किस्मो का चयन नहीं किया तो साल भर पछताना पड़ेगा।शरदकाल मे गन्ना किस्म कोशा 18231,को लख.14201, कोशा. 17231,को लख. 16202,को लख. 94184,कोशा. 08272 का चयन करने से अच्छी पैदावार मिलती है। जनपद के गन्ना किसान को लख. 14201 को शरदकाल मे बुवाई हेतु काफी पसंद कर रहे है।इसका मुख्य कारण है कि यह किस्म 10 से 11 महीने मे तैयार हो जाती है। इसमें चीनी पर्ता 10.5 से 11.50 प्रतिशत तक होता है द्य इसका गन्ना लम्बा, मोटा होता है तथा गांठे समान दूरी पर होती है।इसमें लाल सड़न रोग व पोक्का बोईंग का प्रकोप कम होता है। जहाँ पर मध्यम जलभराव होता है वहाँ पर भी यह किस्म अच्छी पैदावार देती है। किसान भाई बीज का चयन करते समय यह जरूर देख ले की पौधशाला मे कोई कीट या बीमारी तो नहीं लगी है।8 से 10 महीने के गन्ने का 1/2 ऊपर का गन्ना ही बुवाई मे प्रयोग करे।दो आँख के टुकड़ो से बुवाई करे।आजकल किसान भाई गन्ने की पौध तैयार करके पौध को खेत मे रोपते है जिससे 15 से 20 कुं बीज एक हे. मे लगता है। किसान भाई गन्ने की पौध गन्ना विकास परिषद् पीलीभीत, मझोला, बरखेड़ा, पूरनपुर एवं बीसलपुर के महिला स्वयं सहायता समूहों से भी ले सकते है। इसके लिये अपने सर्किल के गन्ना पर्वेक्षक या ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक से संपर्क करे।

# पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार दो चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर।कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की वारदातों पर नकेल कसते हुए बड़ी सफलता हासिल की है शहर में मोटरसाइकिल चोरों के आगे नगर पुलिस बेबस नजर आ रही थी। एक के बाद एक मोटरसाइकिल चोरी हो रही है।लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।एक भी मामले का खुलासा अब तक नहीं किया गया था औसतन प्रत्येक चार दिन पर शहर में एक बाइक चोरी की घटना हो रही थी लगातार हो रही मोटरसाइकिल चोरी से चालक भी परेशान थे। लगभग आधा दर्जन बाइक चोरी हो चुकी है।कहने को नगर में पुलिस की तीन गश्ती पार्टी के अलावा पीसीआर व चीता मोबाइल भी है। लेकिन चोर सभी को गच्चा देकर मोटरसाइकिल उड़ाने में सफल रहते हैं। पुलिस बरामदगी तो दूर किन कारणों से चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं इसका भी अब तक पता नहीं लगा पाई है। कई मौके पर चोरी की प्राथमिकी नहीं लेने की शिकायत भी लोग करते नजर आ रहे बताया जाता है।शहर में मोटरसाइकिल का गिरोह है जो घटना को अंजाम दे रहा है। चोर पहले रेकी करता है फिर घटना को अंजाम देता है।कुछ मामले में मोटरसाइकिल चालक की लापरवाही का फायदा भी चोरों को मिला है। हालांकि चोरी गये अधिकतर बाइक मालिक का कहना है।लाक रहने के बाद भी बाइक चोरी हो गयी चोरी की घटनाएं पूर्व में होती रही हैं लेकिन हाल के दिनों में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं में अप्रत्याशित तेजी आ गई है और पुलिस से ज्यादा चुस्त चोर हो गये है जो आसानी से अपना काम कर रहे हैं। दूसरी ओर पूर्व में समय-समय में स्थान बदलकर नियमित रूप से वाहन चेकिंग होती थी जो अब बहुत कम हो रही है यदा कदा होती भी है तो खानापूात तक सीमित कर जाती है दूसरी ओर शहर में मोटरसाइकिल चोरी की वारदात भीड़भाड़ वाले इलाके मे ज्यादा हो रही है इसके अलावा कालेज हाट, पथराहाट में भी मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं हुई हैं। इस संबंध में पुलिस ने दो मोटरसाइकिल चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। इस कार्रवाई से लोगों में पुलिस की सक्रियता को लेकर कुछ विश्वास बढ़ा है।जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल रजिस्ट्री ऑफिस के पास और कलीनगर रोड से चोरी की थी वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी के नेतृत्व में लगातार चोरों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा था मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने संदेहियों को घेराबंदी कर पकड़ा पूछताछ के दौरान चोरों ने दोनों चोरी की वारदातों को स्वीकार कर लिया। उनकी निशानदेही पर चोरी की दोनों मोटरसाइकिलें बरामद कर ली गईं।पुलिस ने गुरसेवक सिंह पिता बलविंदर सिंह (उम्र 22 वर्ष) निवासी ग्राम हरसिंहपुर थाना पूरनपुर एवं लवप्रीत सिंह पिता गुरुपाल सिंह (उम्र 21 वर्ष) निवासी ग्राम दिलीपपुर इटोरिया माधोपुर को गिरफ्तार किया है गिरफ्तार करने वाली टीम मे प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय, उपनिरीक्षक मंजीत कुमार, उपनिरीक्षक सुनील कुमार पाण्डेय, कांस्टेबल सुमित, कांस्टेबल कुशल कुमार लोग शामिल थे

# सपा कार्यालय पर संत शिरोमणि नामदेव की मनाई जयंती



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर शिरोमणि नामदेव की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह ने कहा संत शिरोमणि नामदेव भारत के एक महान भक्त कवि संत और समाज सुधारक थे,वे भक्ति आन्दोलन के लिए प्रमुख संतों में से एक माने जाते थे।उनका जन्म स्थान नरसी बामनी महाराष्ट्र है। नामदेव का परिवार एक दर्जी या वस्त्र व्यापार करने वाले वर्ग से था।देश भक्ति आंदोलन के उन संतों में से थे जिन्होंने सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक समानता की नींव रखी,उनके समकालीन संतों में संत ज्ञानेश्वर, संत गोरा कुम्हार,संत चोखामेला आदि प्रमुख हैं,नामदेव जी के विचारों ने कबीर जी सहित कई जैसे संतों को प्रभावित किया था।ईश्वर हर प्राणी में बसता है सभी में उसी का अंश है, उनका कहना था की भक्ति केवल हृदय की शुद्धता और प्रेम से ही संभव है।इस दौरान सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी जी एवं सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर बालक राम सागर काशीराम सरोज ने कहा भगवान बाहर नहीं, अपने हृदय में ही बसते हैं सच्चे भक्त और प्रेम से उन्हें पाया जा सकता है, नामदेव महाराज जी ने कहा कि ईश्वर हर जीव में विद्यमान है, उन्होंने बाहरी पूजा पाठ से अधिक अंतरात्मा की सच्ची भक्ति पर जोर दिया सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर एवं सपा जिला उपाध्यक्ष काशीराम सरोज ने कहा संत शिरोमणि नामदेव ने मूल संदेश था ईश्वर हर प्राणी में बसता है सभी में इस का आंसर वे जाति - पाति के भेदभाव, ब्रह्मचार और पाखंड के विरोधी थे, उनका कहना था कि भक्ति केवल हृदय की शुद्धता और प्रेम से ही संभव है।

## राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की रजत जयंती पर प्रदेश भर के नेता हुये शामिल

पूरनपुर।राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की स्थापना दिवस के अवसर पर विशाल सभा का आयोजन हुआ सभा को लेकर पूरे जिले से भारी संख्या में किसान पहुंचें इसको लेकर मंच से बताया कि राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की स्थापना सरदार वीएम सिंह के द्वारा 25 वर्ष पूर्व की गई थी। न्यूनतम समर्थन मूल्य की पहली लड़ाई पूरनपुर से शुरू की थी। उस आंदोलन में पीलीभीत,बरेली,शाहजहांपुर,लखीमपुर तक समस्त यातायात बंद थे। यहां तक किसानों ने रेल तक रोक दी थी। इसी आंदोलन के कारण बीजेपी के पूर्व मुख्यमंत्री राम प्रकाश गुप्ता को त्यागपत्र देना पड़ा था।और राजनाथ सिंह को मुख्यमंत्री बनाया गया था। न्यायालय के आदेश से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीद शुरू की गई। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के 25 वर्ष बेमिसाल रहे और जिसपर एक पुस्तक 25 साल बेमिसाल का विमोचन भी मंच के माध्यम से किया गया और किसानों को न्याय पालिका और संगठन के माध्यम से अनगिनत लाभ पहुंचाने का ऐतिहासिक काम भी संगठन द्वारा किया गया ।

# सपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद हरेंद्र मलिक का पूरनपुर आगमन कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पूरनपुर।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद मुज़फ़्फ़रनगर हरेंद्र मलिक का पूरनपुर आगमन हुआ। इस दौरान समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष की अगुवाई में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में पार्टी संगठन, किसानों की समस्याओं और आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। सासंद हरेंद्र मलिक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी की ताक़त उसका संगठन और समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि बूथ स्तर पर बीएलए की मज़बूत नियुक्ति, घर-घर संपर्क अभियान और जनसरोकारों से जुड़ी सक्रियता ही 2027 में सपा की सरकार की नींव बनेगी।उन्होंने प्रदेश और देश में किसानों की दुर्दशा पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि किसान आंदोलन के दौरान जिन किसानों ने अपनी जान गंवाई, उन्हें शहीदों का दर्ज़ा मिलना चाहिए। साथ ही, वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आज किसानों, नौजवानों और आम जनता की आवाज़ को दबाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन समाजवादी पार्टी हर हाल में इन वर्गों की आवाज़ बनेगी। सांसद ने आगे कहा कि 2027 का चुनाव सिर्फ़ सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि देश, संविधान और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। समाजवादी पार्टी का हर कार्यकर्ता इस मिशन में अपना योगदान दे, यही सच्ची श्रद्धांजलि है।हमारे महान नेता नेता मुलायम सिंह यादव की विचारधारा को उन्होंने साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी से एकजुट होने को कहा ये भी कहा कोई भी संभावित या पूर्व प्रत्याशी अपने आप को पक्का मान कर ना चले इस पर एक एक सीट पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जी गंभीर रूप से कार्य करा रहे है सभी लोग पार्टी हित मे कार्य करे।इस अवसर पर समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ''राजू'',जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह यादव,सछास पूर्व प्रदेश सचिव नोमान अली वारसी,नजमूल हसन खा,हाजी लाडले इमरान वली खा,दिनेश वर्मा, वरिष्ठ समाजवादी नेता, विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी, नगर, ब्लॉक और बूथ स्तर के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर हरेंद्र मलिक का फूलमालाओं से स्वागत किया और पार्टी को मज़बूत करने का संकल्प लिया है।

## गुरु पर्व की धूमधाम से हुई शुरुआत

सुल्तानपुर। नगर में गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व को लेकर श्रद्धा और उत्साह का माहौल है। पंजाबी कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा साहिब से रविवार सुबह निकाली गई प्रभात फ़ेरी ने नगर को भक्ति रस में रंग दिया। संगत में शामिल महिलाओं ने मधुर स्वर में ल्लसत नाम वाहेगुरु, सत नाम वाहेगुरुङ्ख के शब्द कीर्तन गाकर वातावरण को गुंजायमान कर दिया। प्रभात फ़ेरी जैसे-जैसे आगे बढ़ी, जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा और माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। रविवार को तीसरे दिन प्रभात फ़ेरी कमलजीत सिंह बग्गा, आकाश बग्गा और प्रीतम कौर के आवास पहुंची, जहां संगत का आदरपूर्वक सत्कार किया गया। इस दौरान ल्लजो बोले सो निहाल, सत श्री अकालङ्ख के जयकारे गूंजते रहे। कार्यक्रम के समापन पर लंगर प्रसाद का वितरण किया गया। श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर आयोजित यह उत्सव नगर में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहा। श्री गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा आगामी 2 नवंबर को नगर कीर्तन निकाले जाने की तैयारी की जा रही है। इसके साथ ही पूरे पखवाड़े भर गुरुद्वारा साहिब और नगर में विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन किए जाएंगे।

## कलयुगी बहन ने जमीन के टुकड़े के लिये भाई की करा दी हत्या

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना अमेठी पुलिस ने हत्या का खुलासा करते हुये हत्या में शामिल पांच लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवकों की निशानदेही पर तीन डण्डा ढबका बरामद किया है। थाना क्षेत्र संग्रामपुर के ग्राम टीकरमाफी निवासी वादी धर्मराज पुत्र स्व. शिवचरन द्वारा थाना अमेठी पर लिखित तहरीर दी गयी कि उनके बड़े भाई निर्मल मजदूरी करके घर आ रहे थे कि पूरे तिवारी गांव विद्युत पावर हाउस के पास उनके पड़ोस के रवि, उनकी बहन सतना के दामाद हुबलाल अपने साथियों के साथ मिलकर लाठी डण्डों से पीटकर हत्या कर दिया है तथा यह भी बताया की उन्हें पूर्ण विश्वास है कि हत्या की घटना में उनकी बहन सतना व उनकी पुत्री शोभा व करमइता भी साजिश में शामिल हैं। इस मामले को गम्भीरता से लेते हुये पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना के शीघ्र अनावरण व घटना में शामिल अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु संबंधित को आवश्यक निर्देश दिये गये थे।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना अमेठी पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज, अन्य माध्यमों व मुखबिर की सूचना पर हत्या में शामिल दिवाकर पुत्र कृष्णदेव,शिव प्रसाद पुत्र राम प्रताप,वंशराज उर्फ बंटू पुत्र लाल जी,अरुण कुमार पुत्र स्व. कड़ेदीन, सतना पत्नी स्व. शिवरतन को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ से ज्ञात हुआ कि अरुण व सतना का पारिवारिक संबंध है व मुहबोली बुआ हैं। सतना व उनके भाई निर्मल के मध्य जमीनी विवाद था इसीलिये सतना अरुण के साथ मिलकर निर्मल (मृतक) को मारकर जमीनी विवाद से छुटकारा पाना चाहती थी। अरुण ने अपने तीन साथी दिवाकर, शिव प्रसाद व वंशराज उर्फ बंटू को सतना के घर बुलाकर सतना के साथ बैठकर निर्मल को मारने की योजना बनाई थी। इसी योजना के तहत दिनांक तेइस अक्टूबर को दिवाकर, शिव प्रसाद व वंशराज उर्फ बंटू ने मिलकर मजदूरी करके वापस लौट रहे निर्मल को रास्ते में पूरे तिवारी गांव विद्युत पावर हाउस के पास डण्डा/ढबका से मार कर भाग गये थे। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी रवि कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार लोगों की निशानदेही पर घटनास्थल के पास झाड़ियों से हत्या में प्रयुक्त तीन डण्डे ढबका बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि पांचों लोगों को जेल भेज दिया गया है।

## परिषदीय जूनियर विद्यालय में चले लात-घूंसे, प्रभारी अध्यापक हुए जख्मी

लम्भुआ कैनविज टाइम्स संवाददाता। गुरु जी सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं वाकया जूनियर हाईस्कूल तातो मुरैनी लम्भुआ का है जहां बच्चों को ज्ञान देने वाले गुरु जी आपस में भिड़ गए और देखते ही देखते स्कूल मारपीट का अखाड़ा बन गया लात-घूसे चले जमकर गालियां एक दूसरे के साथ ही साथ अधिकारियों को भी दी गई। विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को कुछ समझ में आता इससे पहले गुरु जी एक दूसरे को पीटने में लगे रहे। विभागीय निर्देशों के अनुपालन कराने हेतु आदेश पंजिका पर हस्ताक्षर कराने गए प्रभारी अध्यापक अशोक कुमार विश्वकर्मा को पूर्व से चर्चित अध्यापक 'रामगोपाल' ने लात-घूंसो से पिटाई कर दी । ईंट से गंभीर रूप से घायल कर दिया। फलस्वरूप कंधा फ्रैक्चर हो गया। सभी अध्यापकों ने मिलकर बीच-बचाव किया। सहायक अध्यापक राम गोपाल ने आदेश पंजिका को फाड़कर बाहर फेंक दिया। उक्त अध्यापक पूर्व में कंपोजिट विद्यालय पटखौली में मार-पीट प्रकरण में निलंबित होकर इस विद्यालय में कार्यरत है। बच्चों को पीटने व विभागीय उच्च अधिकारियों को गाली देने की शिकायत पूर्व में समस्त स्टाफ द्वारा विभाग को की जा चुकी है। उक्त घटना की शिकायत प्रभारी अध्यापक ने विभाग से की है। खण्ड शिक्षा अधिकारी लम्भुआ अजय सिंह ने बताया कि शिक्षक रामगोपाल गुप्ता का आचरण शिक्षकोचित नहीं है,सम्पूर्ण प्रकरण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रेषित किया गया है।

## मिशन 'ज्ञान दीप' अभियान की शुरुआत

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। घर सुल्तानपुर फाउंडेशन टीम ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल की शुरुआत करते हुए मिशन ज्ञान दीप शिक्षा, संस्कार, अधिकार का अभियान का शुभारंभ किया। अभियान के तहत रविवार को वल्लीपुर स्थित निषाद बस्ती में बच्चों का पंजीकरण किया गया। संस्था की टीम ने बताया कि इन बच्चों को मौलिक एवं नैतिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक कंप्यूटर प्रशिक्षण और अन्य कौशल आधारित शिक्षा भी दी जाएगी। यह शिक्षा अभियान प्रत्येक रविवार वल्लीपुर ग्राम स्थित पंचायत भवन में नियमित रूप से संचालित किया जाएगा। टीम का उद्देश्य है कि समाज के उस वर्ग तक शिक्षा की रोशनी पहुँचे, जहाँ नैतिक और आधुनिक शिक्षा का अभाव है। संस्था का मानना है कि ल्लजिस समाज में नैतिक शिक्षा और आधुनिक शिक्षा की कमी होती है ।

# बाप और बेटी का संसार में सबसे पवित्र रिश्ता है : आचार्य शान्तनु जी महाराज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी । गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह के आवास पर चल रही श्रीराम कथा के चतुर्थ दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि गुरुदेव विश्वामित्र जी के साथ भगवान राम और लक्ष्मण जनकपुर में प्रवेश किये हैं जनकपुर क्या है जनकपुरी विशेष प्रकार का नगर है जिसमें साक्षात भक्ति महारानी बैठी और भगवान भक्ति को प्राप्त करने के लिए जा रहे हैं इसलिए जब भी जीवन में भक्ति अध्यात्म की यात्रा करनी हो तो गुरु का सानिध्य में चाहिए भगवान राम और लक्ष्मण जनकपुर भ्रमण के लिए गुरु की आज्ञा से चले और इनके इस रूप को देखकर पूरे जनकपुर में शोर हो गया भगवान ने सब को दर्शन देकर आनंदित किया।उन्होंने कहा कि पुष्पवाटिका वह स्थल है जहां पर भगवान और भक्ति का पहली बार मिलन हुआ जिनको भी भगवान का दर्शन करना है उनको बाग में आना ही पड़ेगा और बाग मानस में संतों की सभा को कहा है। कथा व्यास ने कहा कि भगवान और जानकी जी दोनों की अवस्था किशोरावस्था है और यह अवस्था जीवन की सबसे महत्वपूर्ण और सबसे खतरनाक होती है इसलिये यह अवस्था सुधरे सदी रहे इसके लिये बालकों को गुरु पूजा एवं बालिकाओं को गौरी पूजा करना चाहिए गुरु यानी क्या गुरु यानी शुभ मर्यादा आज्ञाकारीता आदि ऐसे गुणवाचक शब्द जो भी हैं और गौरी अनी गुणों की खान वह पत्थर की प्रतिमा नहीं अपितु गौरी रानी गरिमा महिमा वात्सल्य करूना दया आदि रंगभूमि जब भगवान का प्रवेश हुआ तो सभी राजा अपनी अपनी भावना के अनुसार भगवान का दर्शन करने लगे धनुष यज्ञ के प्रसंग में महाराज जी ने कहा बहुत सारे राजाओं ने धनुष को तोड़ने का प्रयत्न किया लेकिन किसी से नहीं टूटा क्योंकि यह सभी ए राजा मोर थे और भगवान धनुष को क्षण भर में भी तोड़ दिए क्योंकि धनुष अहंकार का प्रतीक होता है और भगवान क्षणभर से कम में तोड़ देते हैं और भगवान के द्वारा धनुष टूटते ही सारे जग में शोर हो गया खुशियां मनाई जाने लगी और मानव धनुष टूटने के साथ ही भगवान का विवाह पूर्ण हो गया। लक्ष्मण परशुराम संवाद को भी महाराज जी ने सुनाया अयोध्या से बारात आई और भगवान का सुंदर विवाह महाराज जनक के आंगन में हुआ आज भगवान और भक्ति का मिलन हो गया और सखियों ने मंगल गीत गाकर बधाई दी महाराज जी ने जानकी जी के विदाई के प्रसंग में कहा कि बेटियां ही घर की लक्ष्मी होती है जब बेटी विदा होती है कठोर से कठोर दिल का बाप ही पड़ता है क्यों क्योंकि बाप और बेटी का रिश्ता संसार में सबसे पवित्र है बाप बेटी से ही अपने मन की बात तथा बेटी बाप से ही अपने मन की बात करती है।यजमान मुकेश प्रताप सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ व्यास पीठ का पूजन कर कथा व्यास का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की मासिक बैठक सम्पन्न




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुल्तानपुर। पुलिस लाइन स्थित सभागार में रविवार को व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सीओ लंभुआ रमेश कुमार ने की। इस दौरान जनपद के समस्त सम्मानित व्यापारी बंधु उपस्थित रहे। बैठक में व्यापारियों की समस्याओं व सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। सीओ लंभुआ ने व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि पुलिस हर समय उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है। उन्होंने व्यापारियों से पुलिस का सहयोग करने और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सूचना देने की अपील की। इस मौके पर ज़िला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डलवरिष्ठ ज़िला उपाध्यक्ष एजाज़ अहमद, अज़मत खान, ज़ुबैर अहमद, अफ्तार अहमद मीडिया प्रभारी, अरबाब अहमद, सईद अहमद, सलमान खान,अनूप श्रीवास्तव, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवींद्र त्रिपाठी,भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, प्रदेश संगठन मंत्री आदि मौजूद रहे।

# मझोला दिवाली फ़ेस्ट हुआ सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।मझोला में चल रहे तीन दिवसीय दशहरा एवं दीपावली मेले ल्लद्धद्ब क्द्बथद्यद्ब क्ष्पप्ङ्क का गत रात्रि बड़े ही धूमधाम से समापन हो गया जाते जाते यह आयोजन ना सिर्फ इस क्षेत्र में अब तक हुए सबसे बड़े आयोजन के रूप में दर्ज हो गया बल्कि पहली बार क्षेत्र को लोगों ने अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों द्वारा दी गयीं प्रस्तुतियों का भी बढ़ चढ़ कर आनंद लिया और तीन दिन इस महा आयोजन में आयोजित हुए अनेकों सांस्कृतिक, रंगारंग कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं झूलों और स्टाल्स का भरपूर लुत्फ़ उठाते हुए हजारों लोगों मीठी यादों के साथ अगले वर्ष फिर एक और महा आयोजन में मिलने की उम्मीद के साथ इस विराट और भव्य आयोजन को अलविदा कहते हुए अपने अपने घरों को गए ऋ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा अति विशिष्ट अतिथि विजय गंगवार और मुख्य विकास अधिकारी पीलीभीत आर के श्रीवास ने विशिष्ट अतिथि पूर्व चेयरमैन राम औतार अग्रवाल, मुख्य चिकित्साधिकारी पीलीभीत आलोक शर्मा, पीलीभीत बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्र, उत्तराखंड के दर्ज़ा राज्यमंत्री राजपाल सिंह,ब्लाक प्रमुख पूरनपुर मानसी अपूर्व सिंह, मंत्री के पीआरओ चमकौर सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी गायत्री यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख खटीमा रंजीत सिंह नामधारी, प्रदेश विस्तारक प्रमुख भाजपा उत्तर प्रदेश अलंकर शर्मा, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू वाल्मीकि के साथ मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम के समापन सत्र का शुभारम्भ किया ऋ सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर और बैज और पटका देकर सम्मानित किया गया ऋ कार्यक्रम में सरस्वती विद्या मंदिर मझोला के विद्यार्थियों ने सामाजिक मूल्यों पर आधारित विशेष नाट्य प्रस्तुति बागवां का मंचन कर उपस्थित जनसमूह को भाव विभोर कर दिया और लोगों को अपने माता पिता के सम्मान करने का सन्देश दिया तो वहीं उत्तराखंड के बनबसा और चम्पावत से आये डीडीआर ग्रुप और खटीमा से आये स्टेप ट्यून डांस ग्रुप ने अपनी डांस प्रस्तुतियों से वातावरण में जोश का संचार कर दिया ऋ खटीमा से आये उत्तराखंड के प्रसिद्ध बाल गायक शिवांशु मेहता ने प्रभु श्री राम के भजन प्रस्तुत कर सभी के दिल को जीत लिया ऋ यूरोप से आई कलाकार एमिना ने कई हिंदी गानों पर और विंग्स पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत करके समां बाँध दिया।दिल्ली से आयीं आईपीएल होस्ट मनीषा पाण्डेय ने तारे गिन गिन याद च तेरी मैं ता जागां रातां नूं गाने पर विशेष फ़्लैश लाइट गेम करवा कर लोगों को थिरकने पर विवश कर दिया तो वहीँ उपस्थित दर्शकों के मध्य अनेकों गेम करवाकर सबका खूब मनोरंजन किया और लोगों को खूब गुदगुदाया। वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व चेयरमैन राम औतार अग्रवाल का कल जन्मदिन होने के चलते सभी अतिथियों ने मंच पर इसका जश्न मनाया और उनको बधाई दी ऋ कार्यक्रम में हुई आरती थाल सजाओ प्रतियोगिता में दर्जनों बच्चों ने बहुत सुंदर तरीके से थाल सजाया जिनमे प्रथम स्थान हिमाचली द्वितीय तन्वी गोयल और तृतीय स्थान नंदिनी बरोई ने प्राप्त किया मझोला में पहली बार हुई मझोला आइडल प्रतियोगिता में काठगोदाम से आयीं दिव्यांशी गुसैन प्रथम स्थान प्राप्त कर बनीं मझोला आइडल तो वहीँ अकरम पाशा ने द्वितीय और अनमोल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा बेहद सराहनीय प्रस्तुति हेतु उत्कर्ष को विशेष पुरुस्कार दिया गया जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान पीलीभीत से आयीं अनंदिता मिश्रा ने प्राप्त किया और द्वितीय स्थान पर आर्यंश अग्रवाल और तृतीय स्थान पर अद्वैत नाथ मिश्र रहे तथा बेहद सराहनीय प्रस्तुति हेतु रमेश को विशेष पुरुस्कार दिया गया ऋडांस मझोला डांस प्रतियोगिता में सिंगल डांस के सीनियर वर्ग में सोनू टाइगर प्रथम प्रिंस द्वितीय और अक्षरा कश्यप तृतीय रहीं और जूनियर वर्ग में फ्यूचर इंटरनेशनल स्कूल पीलीभीत की छात्र मनरूप कौर ने जबरदस्त प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और लोगों की खूब तालियाँ बटोरीं और अपने प्रदर्शन से सबका मन मोह लेने वाली सनाया और याशिका गंगवार ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया ऋग्रुप डांस में कलीनगर से आये यूपी 26 फ्लिपर ग्रुप ने जोरदार प्रस्तुति देकर पहले स्थान पर कब्ज़ा कर लिया और सोनिया ग्रुप तथा अनुष्का और सोनाक्षी ग्रुप ने भी लोगों की भरपूर सराहना प्राप्त करते हुए क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया ऋसभी प्रतिभागियों को समीति द्वारा पुरुस्कृत किया गया ऋ कार्यक्रम के अंत में लकी ड्रा किया गया जिसमे दर्जनों इनाम निकले गये और प्रथम पुरुस्कार एक फ्रिज करन गुम्बर का निकला तो वहीँ अनेकों अन्य आकर्षक पुरुस्कारों की निकलने के बाद घोषणा हुई ऋ कार्यक्रम में खटीमा से आये अमन अग्रवाल और राकेश रोक्सी को उनके विशेष सहयोग हेतु सम्मनित किया गया ऋ कार्यक्रम में राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन अजय गोयल,अवधेश सिंह, संदीप अग्रवाल, खटीमा के सभासद सचिन अग्रवाल, विनीत मित्तल, नितिन गोयल, मनोज वाधवा, मनजिंदर सिंह,अजय शर्मा, अमन शर्मा मोहित गोगिया, गुलशन स्वर्णकार, चरणजीत सिंह, कारज गिल, कल्याण सिंह, पलविंदर सिंह, प्रवीन बंसल, दिलीप वर्मा, रविन्द्र सिंह नेगी,अवधेश सिंह, सतनाम सिंह, चन्दन बेदी, गुरप्रीत सिंह गोपी, सूर्य प्रकाश वर्मा समेत पूरी आयोजन समिति और हजारों लोग सम्मिलित रहे ।

## सम्पादकीय

# लोकतंत्र का पाठ

विश्वविद्यालय शिक्षा का वह केंद्र है जहां असंख्य सपने पलते और सच होते हैं। स्कूल से निकलकर विद्यार्थी अपने सपनों की नई दुनिया साथ लिए विश्वविद्यालय में प्रवेश करते है। उनके साथ उनके परिवार और समाज के सपने भी जुड़े होते हैं। विश्वविद्यालय जितना प्रतिष्ठि हो, महाविद्यालय की रैंकिंग जितनी अच्छी हो, सपने उतने ही बड़े दिखाई देते हैं। चाहे एक शिक्षक के रूप में सोचा जाए या अभिभावक के रूप में, ऐसा लगता है कि विश्वविद्यालय केवल शिक्षा प्राप्त करने का स्थान नहीं होता है, बल्कि यह युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण का भी केंद्र होता है। इस व्यक्तित्व निर्माण की प्रकिया का एक पहलू चुनाव प्रक्रिया भी है। विश्वविद्यालय में छात्र संघ के चुनाव तथा महाविद्यालयों में छात्र संघों के चुनाव के माध्यम से विद्यार्थी राजनीति की व्यावहारिक जमीन का ककहरा सीखते हैं। इस सीखने की प्रक्रिया का एक अन्य पहलू शिक्षक संघों के चुनाव भी हैं, जिसमें विद्यार्थी आमतौर पर दर्शक और प्रभावित पक्ष के रूप में होते हैं। पूरी चुनाव प्रक्रिया लगभग एक महीने चलती है और इस एक महीने सभी कालेजों की शिक्षा- दीक्षा कमोबेश प्रभावित होती है। शिक्षकों की राजनीति के अपने दांवपेच होते हैं और चाहे अनचाहे विद्यार्थी देखकर सीखते हैं कि किन बातों को मुद्दा बनाया जा सकता है। इस प्रक्रिया में कालेज प्रशासन से अध्यापकों की लड़ाई कई बार राजनीतिक लड़ाई में बदल जाती है और असली मुद्दे पृष्ठभूमि में चले जाते हैं। ऐसा किसी एक पक्ष में नहीं होता है। सभी पक्ष किसी न किसी रूप में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए ऐसे वादे कर जाते हैं, जिन्हें खयाली पुलाव कहा जा सकता है। हालांकि सभी इसी समाज और समाज व्यवस्था का अंग हैं। राजनीति में स्वार्थपूर्ति के लिए दोषारोपण, अतिश्योक्ति और चरित्र हनन एक सार्वजनिक तथ्य बन गए हैं। पर समस्या यह है कि राजनीति का ककहरा सीखने वाले विद्यार्थी इन शिक्षक संघों के चुनाव से सीधे-सीधे सीखते हैं। इस प्रकार शिक्षक संघ के 'चुनाव में फैलता जाल छात्र संघों को भी अपनी गिरफ्त में ले लेता है। इसका सीधा असर विद्यार्थियों की उपस्थिति और पढ़ाई पर पड़ता है। जो शिक्षक महीने भर शिक्षक संघ के चुनाव में अपनी व्यस्तता की वजह से कक्षाओं से अनुपस्थित रहते हैं, वे विद्यार्थियों को चुनाव छोड़कर कक्षा में उपस्थित रहने की हिदायत कैसे दे सकते हैं। जैसे शिक्षकों की उनके चुनाव से उपस्थिति प्रभावित होती है, वैसे ही छात्र संघों के चुनाव में बच्चे कक्षाओं से बाहर प्रचार-प्रसार में लिप्त रहते हैं। यों चुनाव व्यवस्था शुरू की गई थी विद्यार्थियों में लोकतंत्र के संस्कार डालने के लिए, लेकिन पैसे और राजनीतिक प्रभाव ने छात्र संघों की चुनाव प्रक्रिया को काफी प्रभावित कर दिया है। यह जगजाहिर हकीकत है कि कई बार विद्यार्थियों के चुनावी प्रदर्शन के कारण कालेज में प्रवेश करना भी मुश्किल हो जाता है और वे सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक, जो इससे सीधे तौर पर न भी जुड़े हों, वे भी इससे प्रभावित होते हैं। चुनावी शोर-शराबे और गहमा-गहमी में कभी-कभी विद्यार्थी समूह आपस में भिड़ जाते हैं और पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ता है। कभी-कभी तो विद्यार्थी अपने मत से अलग मत रखने वाले शिक्षकों को निशाना बनाने से नहीं चूकते हैं। चुनाव आयोजित करना कालेज प्रशासन के लिए एक बड़ा मुद्दा रहता। इस प्रक्रिया में महाविद्यालयों और विश्वविद्यालय की शिक्षा- दीक्षा कभी शिक्षकों के चुनाव की वजह से तो कभी विद्यार्थियों के चुनाव की वजह से प्रभावित होती रहती है। हालांकि लिंगदोह समिति ने छात्र संघों के चुनाव के नियमन के लिए कई यथोचित सुझाव दिए थे और उनकी सिफारिशें सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्वीकृत होने के बाद सरकारी आदेशों द्वारा लागू भी की गई, लेकिन राजनीतिक यथार्थ के धरातल पर अभी भी बहुत पारदर्शिता की आवश्यकता है। खासतौर पर चुनावों के कारण एक से दो माह के शैक्षिक वातावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए इसकी जरूरत ज्यादा महसूस होती है। एक वर्ष में एक से दो महीने का समय कम नहीं होता।

# छठ पूजा: सूर्य देवता को समर्पित महापर्व

छठ पर्व की सांस्कृतिक परम्परा में चार दिनों का व्रत रखा जाता है। यह व्रत भैया दूज के तीसरे दिन यानि शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से आरंभ हो जाते है। व्रत के पहले दिन को नहाय-खाय कहते हैं, जिसका शाब्दिक अर्थ है स्नान के बाद खाना। इस दिन पवित्र नदी में श्रद्धालु स्नान करते हैं। वैसे तो यह पर्व मूल रूप से गृहिणियों द्वारा मनाया जाता है लेकिन पुरुष भी इसमें समान रूप से सहयोग देते हैं। ऊर्जा का सबसे बड़ा स्रोत सूर्य है। इस कारण शास्त्रों में सूर्य को भगवान मानते हैं। सूर्य के बिना कुछ दिन रहने की जरा कल्पना कीजिए। इनका जीवन के लिए इनका रोज उदित होना जरूरी है। कुछ इसी तरह की परिकल्पना के साथ लोग छठ महोत्सव के रूप में इनकी आराधना करते हैं। सामान्यता यह त्योहार बिहार, झारखण्ड और पूर्वी उत्तर-प्रदेश में बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश और बिहार में छठ पूजा को महापर्व घोषित कर सरकारी छुट्टी भी लागू कर दी गई है। छठ पूजा का व्रत सूर्य भगवान, उषा, प्रकृति, जल, वायु आदि को समर्पित है। इस व्रत को करने से निःसंतान दंपत्तियों को संतान सुख प्राप्त होता है।छठ पर्व को किसने शुरू किया इसके पीछे कई ऐतिहासिक कहानियां प्रचलित हैं। लंका विजय के बाद रामराज्य की स्थापना के दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को भगवान राम और माता सीता ने उपवास किया और सूर्यदेव की आराधना की थी। सप्तमी को सूर्योदय के समय अनुष्ठान कर सूर्यदेव से आशीर्वाद प्राप्त किया था। इसी के उपलक्ष्य में छठ पूजा की जाती है। छठ का पौराणिक महत्व अनादिकाल से बना हुआ है।

दिवाली के बाद छठ पूजा का त्योहार बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस पर्व के दौरान घर से लेकर घाटों तक बेहद खास रौनक देखने को मिलती है। छठ पूजा की शुरुआत कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से होती है और समापन सप्तमी तिथि पर होता है। इस दौरान छठी मैया की पूजा-अर्चना करने का विशेष महत्व है। इस व्रत को निर्जला किया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसर छठी मैया की उपासना और व्रत करने से संतान को दीर्घायु का आशीर्वाद प्राप्त होता है और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। छठ पूजा भगवान सूर्य की उपासना का पर्व है। भारत में सूर्य पूजा की परम्परा वैदिक काल से ही रही है। बिहार और उत्तर प्रदेश में मनाया जाने वाला यह बेहद अहम पर्व है जो देश के बड़े हिस्से में धूमधाम से मनाया जाता है। छठ पूजा केवल एक पर्व नहीं है बल्कि महापर्व है जो कुल चार दिनों तक चलता है। नहाय खाय से लेकर उगते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य देने तक चलने वाले इस पर्व का अपना ऐतिहासिक महत्व है। हमारे देश में सूर्य उपासना के कई प्रसिद्ध लोकपर्व हैं जो अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग रीति-रिवाजों के साथ मनाए जाते हैं। सूर्य षष्ठी के महत्व को देखते हुए इस पर्व को सूर्य छठ या डाला छठ के नाम से संबोधित किया जाता है। इस पर्व को बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और नेपाल की तराई समेत देश के उन तमाम महानगरों में मनाया जाता है, जहां-जहां इन प्रांतों के लोग निवास करते हैं। यही नहीं, मॉरिशस, त्रिनिडाड, सुमात्रा, जावा समेत विदेशों में भी भारतीय मूल के प्रवासी छठ पर्व को बड़ी आस्था और धूमधाम से मनाते हैं। डूबते सूर्य की विशेष पूजा ही छठ का पर्व है। चढ़ते सूरज को सभी प्रणाम करते हैं। छठ पर्व की सांस्कृतिक परम्परा में चार दिनों का व्रत रखा जाता है। यह व्रत भैया दूज के तीसरे दिन यानि शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से आरंभ हो जाते है। व्रत के पहले दिन को नहाय-खाय कहते हैं, जिसका शाब्दिक अर्थ है स्नान के बाद खाना। इस दिन पवित्र नदी में श्रद्धालु स्नान करते हैं। वैसे तो यह पर्व मूल रूप से गृहिणियों द्वारा मनाया जाता है लेकिन पुरुष भी इसमें समान रूप से सहयोग देते हैं। ऊर्जा का सबसे बड़ा स्रोत सूर्य है। इस कारण शास्त्रों में सूर्य को भगवान मानते हैं। सूर्य के बिना कुछ दिन रहने की जरा कल्पना कीजिए। इनका जीवन के लिए इनका रोज उदित होना जरूरी है। कुछ इसी तरह की परिकल्पना के साथ लोग छठ महोत्सव के रूप में इनकी आराधना करते हैं। सामान्यता यह त्योहार बिहार, झारखण्ड और पूर्वी उत्तर-प्रदेश में बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश और बिहार में छठ पूजा को महापर्व घोषित कर सरकारी छुट्टी भी लागू कर दी गई है। छठ पूजा का व्रत सूर्य भगवान, उषा, प्रकृति, जल, वायु आदि को समर्पित है। इस व्रत को करने से निःसंतान दंपत्तियों को संतान सुख प्राप्त होता है।छठ पर्व को किसने शुरू किया इसके पीछे कई ऐतिहासिक कहानियां प्रचलित हैं। लंका विजय के बाद रामराज्य की स्थापना के दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को भगवान राम और माता सीता ने उपवास किया और सूर्यदेव की आराधना की थी। सप्तमी को सूर्योदय के समय अनुष्ठान कर सूर्यदेव से आशीर्वाद प्राप्त किया था। इसी के उपलक्ष्य में छठ पूजा की जाती है। छठ का पौराणिक महत्व अनादिकाल से बना हुआ है। रामायण काल में सीता ने गंगा तट पर छठ पूजा की थी। महाभारत काल में कुंती ने भी सरस्वती नदी के तट पर सूर्य पूजा की थी। इसके परिणाम स्वरूप उन्हें पांडवों जैसे पुत्रों का सुख मिला था। द्रौपदी ने भी हस्तिनापुर से निकलकर गढ़ गंगा में छठ पूजा की थी। छठ पूजा का सम्बंध हठयोग से भी है। जिसमें बिना भोजन ग्रहण किए हुए लगातार पानी में खड़ा रहना पड़ता है। जिससे शरीर के अशुद्ध जीवाणु परास्त हो जाते हैं। छठ पर्व की परम्परा में वैज्ञानिक और ज्योतिषीय महत्व भी छिपा हुआ है। षष्ठी तिथि एक विशेष खगोलीय अवसर है। जिस समय धरती के दक्षिणी गोलार्ध में सूर्य रहता है और दक्षिणायन के सूर्य की अल्ट्रावॉइलट किरणें धरती पर सामान्य से अधिक मात्रा में एकत्रित हो जाती हैं। इन दूषित किरणों का सीधा प्रभाव जनसाधारण की आंखों, पेट, त्वचा आदि पर पड़ता है। इस पर्व के पालन से सूर्य प्रकाश की इन पराबैंगनी किरणों से जनसाधारण को हानि न पहुंचे। इस अभिप्राय से सूर्य पूजा का गूढ़ रहस्य छिपा हुआ है। इसके साथ ही घर-परिवार की सुख- समृद्धि और आरोग्यता से भी छठ पूजा का व्रत जुड़ा हुआ है। इस व्रत का मुख्य उद्देश्य पति, पत्नी, पुत्र, पौत्र सहित सभी परिजनों के लिए मंगल कामना से भी जुड़ा हुआ है। लोक परम्परा के मुताबिक सूर्य देव और छठी मईया का संबंध भाई-बहन का है। इसलिए छठ के मौके पर सूर्य की आराधना फलदायी मानी गई। छठ पूजा अथवा छठ पर्व कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है। छठ से जुड़ी पौराणिक मान्यताओं और लोक गाथाओं पर गौर करें तो पता चलता है कि भारत के आदिकालीन सूर्यवंशी राजाओं का यह मुख्य पर्व था। छठ के साथ स्कंद पूजा की भी परम्परा जुड़ी है। भगवान शिव के तेज से उत्पन्न बालक स्कंद की छह कृतिकाओं ने स्तनपान करा रक्षा की थी। इसी कारण स्कंद के छह मुख हैं और उन्हें कार्तिकेय नाम से पुकारा जाने लगा। कार्तिक से संबंध होने के कारण षष्ठी देवी को स्कंद की पत्नी देवसेना नाम से भी पूजा जाने लगा। एक मान्यता के अनुसार छठ पर्व की शुरुआत महाभारत काल में सबसे पहले सूर्यपुत्र कर्ण ने सूर्य की पूजा करके की थी। कर्ण भगवान सूर्य के परम भक्त थे और वो रोज घंटों कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देते थे। सूर्य की कृपा से ही वह महान योद्धा बने। आज भी छठ में अर्घ्य दान की यही परंपरा प्रचलित है। छठ पर्व के बारे मे एक कथा और भी है। इस कथा के मुताबिक जब पांडव अपना सारा राजपाट जुए में हार गए तब दौपदी ने छठ व्रत रखा था। इस व्रत से उनकी मनोकामना पूरी हुई थी और पांडवों को अपना राजपाट वापस मिल गया था। महापर्व छठ हिंदू धर्म में एकमात्र ऐसा पर्व है जिसमें ना केवल उदयाचल सूर्य की पूजा की जाती है बल्कि अस्ताचलगामी सूर्य को भी पूजा जाता है।



मान्यता है कि छठ देवी सूर्य देव की बहन हैं और उन्हीं को प्रसन्न करने के लिए भगवान सूर्य की अराधना की जाती है। पर्व का प्रारंभ नहाय-खाय से होता है, जिस दिन व्रती स्नान कर अरवा चावल, चना दाल और कद्दू की सब्जी का भोजन करते हैं। नहाय-खाय के दूसरे दिन यानी कार्तिक शुक्ल पक्ष पंचमी के दिनभर व्रती उपवास कर शाम में रोटी और गुड़ से बनी खीर का प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस पूजा को खरना कहा जाता है। इसके अगले दिन कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि को उपवास रखकर शाम को अस्ताचल गामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। अगले दिन यानी सप्तमी तिथि को सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करके व्रत तोड़ा जाता है। छठ पूजा के व्रत को जो भी रखता है। वह इन दिनों में जल भी नही ग्रहण करता है। इस व्रत को करने से सुख-समृद्धि और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इसमें मुख्य रुप से सूर्य देवता की पूजा की जाती है लेकिन साथ ही सूर्य देव की बहन छठ देवी की भी पूजा की जाती है। जिसके कारण इस पूजा का नाम छठ पूजा पड़ा। इस दिन नदी के तट में पहुंचकर पुरुष और महिलाएं पूजा-पाठ करते है। साथ ही छठ माता की पूजा संतान के लिए कल्याणकारी होती है। **-रमेश सर्राफ धमोरा**

# वैश्विक युद्ध के मुहाने पर बैठी दुनिया

## यूरोप बनाम एशिया

**संजीव ठाकुर**

आज सम्पूर्ण मानवता एक गहन संकट के मुहाने पर खड़ी है। विश्व के कई क्षेत्र बारूद के ढेर पर बैठे हैं, और पृथ्वी मानो तीसरे विश्वयुद्ध की कगार पर झूल रही है। युद्धों की आग ने न केवल सीमाएँ जलायी हैं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं, अर्थव्यवस्थाओं और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को भी राख में बदल दिया है।

ताजा परिदृश्य में इज़राइल और हमास के बीच जारी संघर्ष विराम तो मिला है परंतु इस भयानक युद्ध ने गाज़ा पट्टी को मानवीय त्रासदी का केंद्र बना दिया है।

बच्चे भूख से मर रहे हैं, महिलाओं के पास चिकित्सा और भोजन का अभाव है। अनाज और आटे की भारी कमी ने जीवन को असंभव बना दिया है। अस्पतालों में दवाइयाँ नहीं हैं, और घायल नागरिक खुले आसमान के नीचे तड़प रहे हैं।

लेबनान द्वारा इज़राइल पर हालिया हमले ने स्थिति को और भयावह बना दिया है जिससे अमेरिका के युद्धविराम प्रयासों पर प्रश्नचिह्न लग गया है। यह सब एक बार फिर साबित करता है कि युद्ध किसी राष्ट्र का नहीं, पूरी मानवता का शत्रु है। रूस-यूक्रेन युद्ध तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुका है। हज़ारों सैनिक और नागरिक मारे जा चुके हैं, शहर खंडहर बन चुके हैं। यूक्रेन द्वारा रूस पर 100 से अधिक ड्रोन हमले करने के बाद अब रूस के पास भी गोला-बारूद की कमी की खबरें हैं। रूस ने कई बार परमाणु हथियारों के उपयोग की खुली धमकी दी है जो विश्व के लिए सबसे बड़ा भय है।यह युद्ध अब केवल दो देशों का संघर्ष नहीं, बल्कि वैश्विक शक्तियों का प्रत्यक्ष और परोक्ष मुकाबला बन चुका है।

उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग-उन 2022 के बाद से 100 से अधिक मिसाइल परीक्षण कर चुके हैं, जिनमें कुछ अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया को लक्ष्य बनाकर की गई हैं। उधर चीन और ताइवान के बीच तनाव दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अपनी विस्तारवादी महत्वाकांक्षा को लेकर ताइवान पर हमला करने की तैयारी में हैं, और अमेरिका का परोक्ष समर्थन ताइवान को युद्ध के मैदान में धकेल रहा है। डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य अस्थिर हुआ है।

ट्रंप की व्यावसायिक सोच और हथियार उद्योग से जुड़ा लाभ का समीकरण अमेरिका को कभी भी युद्धविराम की ओर नहीं जाने देगा। दरअसल, अमेरिका, रूस, चीन, उत्तर कोरिया और नाटो देश – सभी अपने-अपने हथियार उद्योग के आर्थिक लाभ में युद्ध को अवसर की तरह देखते हैं। भारत ने सदैव शांति और संयम का मार्ग अपनाया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से आतंकवाद के ठिकानों को नष्ट करने के बाद भारत ने युद्ध की बजाय कूटनीति का रास्ता चुना – यही उसकी राजनैतिक परिपक्वता का प्रमाण है। रूस के साथ पारंपरिक मित्रता और अमेरिका के साथ हाल के वर्षों में सुदृढ़ संबंध भारत को एक संतुलनकारी शक्ति के रूप में स्थापित करते हैं। यही संतुलन आज विश्व शांति की सबसे बड़ी उम्मीद है।रूस-यूक्रेन संघर्ष, इज़राइल-गाज़ा युद्ध, चीन-ताइवान विवाद और उत्तर कोरिया की परमाणु धमकियाँ इन सबने एक परमाणु युद्ध की पृष्ठभूमि बना दी है।यदि यह चिंगारी भड़क उठी तो पाकिस्तान और खाड़ी देश भी इसमें खिंच जाएंगे और तब यह पृथ्वी मानव इतिहास की सबसे बड़ी विनाशक आपदा झेल सकती है। इतिहास गवाह है कि युद्ध ने कभी किसी राष्ट्र को गौरव नहीं दिया – केवल लाशों का अंबार और पीढ़ियों की पीड़ा दी है।आज जब विश्व एक क्लिक में जुड़ा है, तो एक मिसाइल भी पूरे सभ्य संसार को नष्ट कर सकती है। इसलिए आवश्यकता है कि राष्ट्र अपने स्वार्थ, अहंकार और सत्ता की भूख को त्यागें और यह स्वीकार करें कि ल्ययुद्ध किसी की जीत नहीं, सबकी हार है।

## सेहत मंत्र

# भोजन में करीपत्ते के इस्तेमाल से मिलेंगे ये जबरदस्त स्वास्थ्य लाभ

अक्सर घरों में भोजन का स्वाद बढ़ाने के लिए करीपत्ते का इस्तेमाल किया जाता है। दक्षिण भारत में तो इसके बिना भोजन बनाया ही नहीं जाता। करीपत्ते का तड़का किसी भी व्यंजन के स्वाद को कई गुना बढ़ा देता है। लेकिन वास्तव में यह सिर्फ स्वाद के लिए ही नहीं होता, बल्कि इसकी मदद से आपको कई तरह के स्वास्थ्य लाभ भी होते हैं। तो चलिए आज हम आपको करीपत्ते से मिलने वाले कुछ बेहतरीन स्वास्थ्य लाभों के बारे में बता रहे हैं- पोषक तत्वों की भरमार- करीपत्ता देखने में भले ही छोटा सा हो लेकिन इसमें पोषक तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं। इसमें कार्बोहाइड्रेट, ऊर्जा, फाइबर, प्रोटीन, मैग्नेशियम, कैल्शियम, फॉस्फोरस, आयरन व कॉपर आदि मिलते हैं। इसके अतिरिक्त इसके सेवन से आपको विटामिन ए, विटामिन बी, विटामिन सी, विटामिन ई प्राप्त होते हैं। इतना ही नहीं, इसमें कई प्रकार के एंटीऑक्सीडेंट्स, एमिनो एसिड्स, नायसिन व फ्लावोनोइड्स पाए जाते हैं जो हमारे शरीर के लिए बेहद महत्वपूर्ण माने जाते हैं। आंखें बनाए स्वस्थ- करीपत्ता आपकी आंखों के लिए काफी लाभकारी माना जाता है। दरअसल, इसमें विटामिन ए पाया जाता है, जो आपकी आंखों की रोशनी के लिए काफी जरूरी होता है। अगर आपको पर्याप्त मात्रा में विटामिन ए मिलता है, तो आपकी आंखें लंबे समय तक हेल्दी रहती हैं और आपको जल्दी चश्मा नहीं लगता। दस्तों में लाभदायक-करीपत्ता आपके पाचन तंत्र के लिए काफी अच्छा होता है। खासतौर से, दस्त होने पर इसका सेवन अवश्य करना चाहिए। करी पत्तियों में मौजूद कार्बाज़ोल एल्कोलोइड एक एंटी-डायरियल की तरह काम करता है। दस्त होने पर आप करीपत्ते को पीस कर उसे पेस्ट के रूप में सेवन करें या फिर आप इसका रस निकाल कर भी पी सकते हैं। तनाव से मुक्ति- करीपत्ता एंटीऑक्सीडेंट का एक अच्छा स्रोत है। इसमें मौजूद विटामिन ए, विटामिन बी, विटामिन सी और विटामिन ई आपके शरीर में स्ट्रेस के लेवल को कम करके आपको तनावमुक्त रखते हैं। वहीं करी पत्ता में पाया जाने वाला तत्व ल्यूकेमिया, प्रोस्टेट कैंसर तथा कोलोरेक्टल कैंसर से आपका बचाव करता है।

## धर्म मंत्र

# भगवान गणेश हैं वैभवता एवं शुभता देने वाले देव

गणेश भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। वे सुख-समृद्धि, रिद्धि-सिद्धि, वैभव, आनन्द, ज्ञान एवं शुभता के अधिष्ठाता देव हैं। उनका जन्म भाद्रपद शुक्ल की चतुर्थी को हुआ। गणेशजी शिव-पावर्ती के पुत्र के रूप में जन्म थे। उनके जन्म पर सभी देव उन्हें आशीर्वाद देने आए थे। विष्णु ने उन्हें ज्ञान का, ब्रह्मा ने यश और पूजन का, धर्मदेव ने धर्म तथा दया का आशीर्वाद दिया। शिव ने उदारता, बुद्धि, शक्ति एवं आत्म संयम का आशीर्वाद दिया। लक्ष्मी ने कहा कि जहां गणेश रहेंगे, वहां मैं रहूंगी।' सरस्वती ने वाणी, स्मृति एवं वक्तृत्व-शक्ति प्रदान की। सावित्री ने बुद्धि दी। त्रिदेवों ने गणेश को अग्रपूज्य, प्रथम देव एवं रिद्धि-सिद्धि प्रदाता का वर प्रदान किया। इसलिये वे सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदेशिक लोकप्रियता वाले देव है। ऋद्धि-सिद्धि गणेशजी की पत्नियाँ हैं। वे प्रजापति विश्वकर्ता की पुत्रियां हैं। गणेश की पूजा यदि विधिवत की जाए, तो इनकी पतिव्रता पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि भी प्रसन्न होकर घर-परिवार में सुख-शांति-समृद्धि और संतान को निर्मल विद्या-बुद्धि देती है। सिद्धि से 'क्षेम' और ऋद्धि से 'लाभ' नाम के शोभा सम्पन्न दो पुत्र हुए। जहां भगवान गणेश विघ्नहर्ता हैं, मंगलकर्ता हैं तो उनकी पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि यशस्वी, वैभवशाली व प्रतिष्ठित बनाने वाली होती है। वहीं शुभ-लाभ हर सुख-सौभाग्य देने के साथ उसे स्थायी और सुरक्षित रखते हैं। जन-जन के कल्याण, धर्म के सिद्धान्तों को व्यावहारिक रूप प्रदान करने एवं सुख-समृद्धि-निर्विघ्न शासन व्यवस्था स्थापित करने के कारण मानव-जाति सदा उनकी ऋणी रहेगी।

## पर्यटन



# वाराणसी के पास हैं कई खूबसूरत पर्यटन स्थल, वीकेंड ट्रिप के लिए बेस्ट

वाराणसी, उत्तर प्रदेश के सबसे प्राचीन शहरों में से एक है। यह शहर भगवान शिव की नगरी के नाम से मशहूर है। प्राचीन मंदिरों और ऐतिहासिक स्थलों के लिए प्रसिद्ध वाराणसी शहर, भारतीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के बीच एक लोकप्रिय गंतव्य है। वाराणसी के पास कई धार्मिक स्थलों, ट्रेकिंग स्पॉट और वन्यजीव अभयारण्यों हैं जो इस जगह की सुंदरता को प्रदर्शित करते हैं। चंद्रप्रभा वाराणसी से लगभग 70 किमी दूर स्थित है और वाराणसी के पास लोकप्रिय पिकनिक स्थलों में से एक है। यह उत्तर प्रदेश के दक्षिण-पूर्व में एक वन्यजीव अभयारण्य है। यह नौगढ़ और चकिया के बीच स्थित है। यहाँ तक पहुँचने के लिए आप टैक्सी या ऑटो जैसे परिवहन चुन सकते हैं। खासतौर पर वीकेंड में यहाँ बहुत भीड़ होती है। स्थानीय लोगों और पर्यटकों के बीच यह जगह पिकनिक माानने के लिए लोकप्रिय है। वहाँ आते हैं। यहाँ आप तैराकी कर सकते हैं। राजदारी, वाराणसी के पास स्थित लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक है। यह वाराणसी से लगभग 70 किमी दूर है और यहाँ सुंदर झरने हैं जो पर्यटकों को आकर्षित करता है। वीकेंड पर लोग यहाँ परिवार के साथ पिकनिक माानने और झरनों का आनंद लेने के लिए आते हैं। यह जगह प्रकृति प्रेमियों और फोटोग्राफी के शौक़ीन लोगों के बीच बहुत लोकप्रिय है। यहाँ आप सुंदर परिदृश्यों के बीच फोटो खिंचवा सकते हैं। सारनाथ, बौद्ध धर्म में चार सबसे महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों में से है। वाराणसी के उत्तर-पूर्व में स्थित यह भारत के प्रसिद्ध बौद्ध तीर्थ स्थानों में से एक है। यह वह स्थान है जहां गौतम बुद्ध ने सबसे पहले धर्म की शिक्षा दी थी और कोंडाना के ज्ञान के माध्यम से बौद्ध संघ अस्तित्व में आया था। अशोक स्तंभ, मूलगंधा कुटी विहार, पुरातत्व संग्रहालय, चीनी और थाई मंदिर और मठ यहां के आसपास देखने लायक अन्य चीजों के अलावा हैं। विंध्याचल, वाराणसी से 76 किमी की दूरी पर स्थित है। और एक प्रसिद्ध हिंदू तीर्थस्थल है।

# स्मृति दिवस: वास्तविक सच्चे राजनेता थे दादा गजेंद्र : पुनिया

## भावपूर्ण श्रद्धांजलि एमएलसी अंगद बनाएंगे स्मृति द्वार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। दादा गजेन्द्र सिंह का व्यक्तित्व वास्तव में एक सच्चे नेता का था, जो राजनीति से ऊपर उठकर आम जनता के लिए काम करते थे। उनके मार्गदर्शन में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने और लोगों की समस्याओं का समाधान करने में मदद मिली। उनकी आवामी छवि ने उन्हें लोगों के दिलों में एक विशेष स्थान दिलाया। उनकी विरासत आज भी लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जनमानस ने गजेंद्र सिंह के प्रति अपनी श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त की। इस मौके पर लोगों ने उनके जीवन और कार्यों को याद किया और उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। गजेंद्र सिंह के प्रति दिखाई गई श्रद्धा और सम्मान उनके प्रति लोगों के प्यार और सम्मान को दर्शाता है। स्मृति दिवस में पधारे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद डॉ पी.एल पुनिया, पूर्व विधायक स्व. दादा गजेन्द्र सिंह के निवास ग्राम हसनापुर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कही। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मो. मोहसिन ने कहा कि दादा गजेंद्र सिंह के प्रयासों से रामनगर डिग्री कालेज तहसील व संजय सेतु जैसे बड़े निर्माण कांग्रेस ने कराए। दादा गजेन्द्र सिंह कांग्रेस के मार्ग दर्शक थे उनका व्यक्तित्व राजनीतिज्ञ से अधिक आवामी था। मुझे अल्प समय में उनका सानिध्य प्राप्त हुआ, मैने उनसे बहुत कुछ सीखा। उसका लाभ मुझे राजनीतिक जीवन में मिला। आज उन जैसे जनप्रतिनिधियों की कमी है नई पीढ़ी को उनके आदर्शों व विचारों का अनुसरण करना चाहिए।

आज मुझे गर्व है कि हम आज उसी पार्टी का अध्यक्ष हूँ। आयोजन का शुभारंभ विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह ने चित्र पर माल्यार्पण कर किया। अपने संबोधन में विधान परिषद सदस्य अगंद सिंह ने कहा कि पूर्व विधायक स्व.दादा गजेंद्र सिंह स्मृति द्वार के निर्माण की घोषणा की।पूर्व मंत्री हुकम सिंह के पौत्र शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि गजेन्द्र सिंह से संबंध बताने पर मुझे गर्व होता है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम को बृजमोहन वर्मा सिटी इंटर कॉलेज के प्राचार्य विजय प्रताप सिंह ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम के आयोजक वीरेंद्र विक्रम बहादुर सिंह दद्दू शिवकुमार सिंह नेक चन्द्र त्रिपाठी सचिन त्रिपाठी प्रवीण कुमार शिवदर्शन दर्शन वर्मा

अमर सिंह रामनरेश वर्मा श्याम सिंह एडवोकेट विजय प्रताप सिंह पुष्पेन्द्र कुमार सिंह निर्मल वर्मा जितेंद्र श्रीवास्तव जित्तू भैया मालती सिंह रामा सिंह दीक्षा सिंह श्याम बहादुर सिंह किरन सिंह अक्षिता चंदेल उमेश सिंह राजा सिंह व शैलेंद्र बहादुर लल्ला भैया बरेली से पधारी गार्गी सिंह जंगहारे आदि प्रमुख व्यक्तियों ने पुष्प चढा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। संचालन सुप्रसिद्ध पत्रकार मो तारिक खान व अध्यक्षता-श्री पवन कुमार वैश्य ने की। वरिष्ठ अधिवक्ता रणधीर सिंह सुमन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# भागवत कथा में श्री कृष्ण की बाल लीला सुन भक्त हुए भाव विभोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिद्धौर बाराबंकी ग्राम पंचायत कोठी मजरे कुबेरपुरवा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन रविवार को वृंदावन से पधारे कथावाचक अविचल जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की पावन कथा सुनाई। कथा सुनते ही पूरा पंडाल ‍नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की‍ के जयकारों से गूंज उठा।

अविचल जी महाराज ने बताया कि जब भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, तो वसुदेव-देवकी की जंजीरें अपने आप खुल गईं और कारागार के दरवाजे स्वयं खुल गए। पहरेदार गहरी नींद में सो गए। वसुदेव जी बालक श्रीकृष्ण को सिर पर रखकर यमुना नदी पार कर गोकुल पहुंचे और वहां उन्हें नंद-यशोदा के घर पहुंचा दिया। बदले में वहां जन्मी कन्या को लेकर वे पुनः कारागार लौट आए।

जब कंस को यह खबर मिली कि देवकी का आठवां पुत्र पैदा हो चुका है, तो वह क्रोधित होकर कारागार पहुंचा और कन्या को मारने के लिए जैसे ही उसे उठाया, तभी वह कन्या आकाश में चली गई और दिव्य वाणी ने कहा ‍हे कंस! तुझे मारने वाला जन्म ले चुका है।‍ यह सुनकर कंस भयभीत हो उठा।

# रक्षक ही बन गए भक्षक: हरख रेंज में नहीं थम रहा हरे पेड़ों का अवैध कटान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी हरख रेंज में हरे-भरे पेड़ों का अवैध कटान लगातार जारी है। हैरानी की बात यह है कि जिन पर जंगलों की सुरक्षा की जिम्मेदारी है, वही लोग अब कटान को बढ़ावा देने में लगे हैं। क्षेत्रीय वन दरोगा, माली और चौकीदारों की मिलीभगत से हरख रेंज के विभिन्न गांवों में खुलेआम हरे पेड़ काटे जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, मीरा पुर के पीछे छेदा मिया का पुरवा में करीब 5 से 7 आम के पेड़ काटे गए हैं। गहा गांव में अनिल तिवारी के संरक्षण में एक नीम और दो गूलर के पेड़ गिरा दिए गए। रसूलपुर गांव के पीछे ठेकेदार इसरार और अरमान द्वारा अवैध कटान कराया गया है। असौरी गांव में ठेकेदार गुड्डू ने महुआ और नीम के पेड़ों का अवैध कटान करवाया। आइंबा गांव में किसान सीताराम रावत के ठेकेदार ने आधा दर्जन हरे आम के पेड़ काट डाले। मेनहुआ गांव के पास मोतिकपुर में ठेकेदार रासिय ने आम के परमिट पर गूलर के पेड़ गिरा दिए। मोअसंदरा थाना के सामने नहर किनारे, शमसुद्दीन शाह फकीरे की बाग में ठेकेदार खुर्शीद अच्छन और प्रदीप ने पांच हरे खड़े पेड़ों का अवैध कटान किया। इसी तरह सिद्धौर ब्लॉक के नए पुरवा गांव में दो हरे जामुन के पेड़ काटे गए

# भारत सरकार के सचिव ने किया परियोजना का निरीक्षण





कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। ग्राम पंचायत पल्हरी में स्थित 50 लाख की लागत से संचालित मत्स्य परियोजना वृहद रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम का निरीक्षण भारत सरकार के संयुक्त सचिव सागर मेहरा द्वारा किया गया। उन्होंने परियोजना के संचालन पर आने वाली लागत एवं लाभ के विषय में जानकारी प्राप्त की हिमांशु यादव द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा मत्स्य पालन के साथ मुर्गी पालन, पशुपालन, एवं बकरी पालन का वृहद कार्य एक ही स्थल पर किया जा रहा है संयुक्त सचिव द्वारा सभी परियोजनाओं का गहनता से निरीक्षण किया गया, उन्होंने एक ही स्थल पर विभिन्न परियोजनाओं के कुशल संचालन पर अत्यधिक प्रसन्नता व्यक्त की, उन्होंने आह्वान किया कि इसी तरह हमारे सभी मत्स्य कृषक कार्य करेंगे तो अधिक आमदनी के साथ कई व्यक्तियों को रोजगार के साधन भी सुलभ होंगे द्य मत्स्य निदेशक उत्तर प्रदेश एन. एस.रहमानी द्वारा मौके पर प्रदेश में चलाई जा रही विभिन्न परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गईद्य इस अवसर पर संयुक्त निदेशक मत्स्य अनिल कुमार, उपनिदेशक मत्स्य राजेंद्र सिंह बिष्ट, जनपद बाराबंकी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अच्छेलाल निषाद, मत्स्य निरीक्षक हेमंत कुमार एवं मत्स्य अनुसंधान केंद्र के मत्स्य वैज्ञानिक विकास साहू मौजूद रहे।

## भूमि पूजन के साथ गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ, तैयारी पूर्ण

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर के जेब्रा पार्क में 26 से 29 नवम्बर तक होने वाले 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियां शुरू हो गई हैं।आगामी 2 नवम्बर को भूमिपूजन एवं 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन होगा।कार्यक्रम शांतिकुंज के प्रवक्ता श्याम बिहारी द्विवेदी के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूर्ण होगा।इस कार्यक्रम में जिले सहित पड़ोसी जिलों से गायत्री परिवार के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

## मानदेय अभाव कार्यकत्रियों के लाले

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। छः माह से वेतन न मिलने के कारण आंगनबाड़ी कार्यकत्री परेशान है। सरकार के आदेशानुसार जब से आंगनवाड़ी में नई भर्तियां हुई है, आज तक चयनित कार्यकतियों को वेतन नहीं दिया गया है। जिससे आंगनवाड़ी कार्यकत्री परेशान है ।क्योंकि उनसे विभाग द्वारा काम लिया जाता है ।लेकिन उन्हें मानदेय के रूप में जो मिलता है ,वह आज तक नहीं मिला है ।जिन कार्यकतरी का केंद्र दूरी पर है उन्हें किराया देकर केंद्र पर पहुंचना होता है। तथा वितरण वाली सामग्री भी अपने पैसे द्वारा एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाने के लिए वाहन चालक को किराया देना पड़ता है। सभी कार्यत्रियों ने विभाग के अधिकारियों से अनुरोध किया है कि हम लोगों को समय से वेतन दिया जाए। जिससे कार्य करने में कोई बाधा न उत्पन्न हो।

## सेवाभारती छठ पूजा पर लगाएगी नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

सुलतानपुर। सेवा भारती द्वारा छठ पूजा के अवसर पर नि:शुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालुओं को अर्घ्य के लिए कच्चा दूध और नींबू चाय भी वितरित की जाएगी। विभाग महामंत्री डॉ. सुनील त्रिपाठी ने बताया कि शिविर का आयोजन 27 अक्टूबर को शाम 5:30 से 7:00 बजे तक तथा 28 अक्टूबर को सुबह 4:00 से 9:00 बजे तक किया जाएगा। छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर बलवंता मंदिर स्थित आरएसएस कार्यालय में हाल ही में बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता सेवा भारती के जिलाध्यक्ष सुधीर कुमार गोयल ने की। सेवा भारती का उद्देश्य छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य संबंधी सहायता उपलब्ध कराना और अर्घ्य हेतु आवश्यक सामग्री प्रदान कराना है।

# साधन सहकारी समितियां पर डीएपी व खाद न मिलने किसान परेशान

## सरकारी तैयारियों को आईना, किसान महंगे दामों पर खरीद रहे खाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी विकासखंड सिद्धौर क्षेत्र में प्रशासन की 10 साधन सहकारी समितियों पर फिलहाल डीएपी खाद नहीं मिलने से किसान परेशान हैं। खेतों में आलू, सरसों, गेहूं, धनिया, लहसुन और मटर की बुवाई शुरू हो गई है, लेकिन खाद न मिलने से किसानों को समितियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। सिद्धौर ब्लॉक की चांदूपुर, उस्मानपुर, कोठी, बीबियापुर, फिरोजाबाद, सेमरावा, नवाबपुर, कुद कोडरी, छूलापाही और नसीपुर समितियों पर फिलहाल सिर्फ 20-20-13 और टी एस पी नाम की खाद उपलब्ध है, जबकि किसानों को डीएपी की जरूरत है। डीएपी खाद समितियों पर 1350 रुपये प्रति बोरी में मिलती है, लेकिन उपलब्ध न होने के कारण किसान खुले बाजार से मजबूरी में 1700 से 1800 रुपये प्रति बोरी तक खरीद रहे हैं। ए.आर. लोकेश त्रिपाठी ने बताया कि समितियों पर एनपी और फास्फ़ेटिक खाद उपलब्ध है। डीएपी की रेट जल्द आने वाली है, जिसके बाद इसे समितियों पर उपलब्ध करा दिया जाएगा।

# महादेवा तीर्थ में मॉर्फिन की बेधड़क बिक्री, आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## तीर्थ में मांस मदिरा की अवैधानिक बिक्री

## बाबा नाथ छेड़ेंगे अभियान

महादेवा बाराबंकी। भगवान भोलेनाथ की नगरी लोधेश्वर महादेवा तीर्थ नशा तिजारतियों का गढ़ बना है। तीर्थ के विभिन्न स्थानों पर हीरोइन मॉर्फिन की फुटकर बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। नशेड़ी गैर जनपदों से चढ़कर यहां आते हैं और महंगे दामों पर पुड़िया खरीदते हैं। गैर हिंदू स्थलों के आसपास पान की गुमटियों व चाय ब्रेड की दुकानों में भी मार्फीन की पुड़िया खुले आम बिक रही है। मारफीन के आदी युवा अपनी तलब बुझाने के लिए छोटे-छोटे अपराध भी कर रहे हैं। घरों के अलावा वे मंदिरों में भी वारदात करते हैं। नशा के कारोबारी पुलिस के इर्द-गिर्द मंडराते दिखते हैं। सूत्र बताते हैं कि महादेवा के तस्कर नेपाल देश के आसपास भी सप्लाई भेज रहे हैं। महादेवा का एक मुस्लिम युवक डेढ़ किलो मार्फीन/ हीरोइन समेत श्रावस्ती में धारा गया था। युवक चाचा के लिए काम करता है। ‘मंदिर के पास मांस अंडा शराब बिक्री‘ सुप्रसिद्ध उत्तर भारत का शिवतीर्थ महादेवा में मंदिर के सन्निकट मांस व मदिरा की खुली बिक्री हो रही है। अंडा आमलेट की बदबू से श्रद्धालुओं पर बुरा असर पड़ रहा है। गोरखनाथ कुटी के महंत बाबा रामनाथ जी महाराज ने तीर्थ में शराब की बिक्री को लेकर कड़ी आपत्ति जताई है। प्रशासन को लिखित रूप पत्र देकर उन्होंने महादेवा में शराब की बिक्री अवैधानिक करार दिया। मंदिर व तीर्शथ में शराब व मांस बिक्री के लिए उन्होंने अभियान चलाने का मन बनाया है। आबकारी अधिकारी को सख्त हिदायत दी है। कहां है शराब दुकान में महादेव में बंद की जाए अन्यथा वे गोरक्ष पीठाधीश्वर सीएम योगी आदित्यनाथ जी महाराज से भेंट कर अपनी मांग रखेंगे।

## महादेवा में बंदरों का आतंक श्रद्धालुओं की बढी दुश्वारियां

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। श्री लोधेश्वर महादेवा में बंदरों का आतंक मचा है। समाचार विवरण के अनुसार इस समय बंदर यहां जाने वाले श्रद्धालुओं पर अचानक आक्रमण कर देते हैं। बहुत से लोगों को काटा हैं। इसके अलावा उनके पास जो घरेलू सामान होता है ,उसे छीन कर भाग जाते हैं। क्योंकि जब से यहा पर कॉरिडोर का कार्यक्रम शुरू हुआ है, भवन टूटना प्रारंभ हुए तभी से यहां के बंदरों को खाने पीने के लाले लगे हुए हैं। इसलिए यह जिसे देखते हैं ,उसे दौड़कर उस पर हमला कर देते हैं। सबसे अधिक इनका हमला छोटे बच्चों पर होता है। इनके डर से लोग महादेवा आने पर बहुत सतर्क हो जाते हैं ।यहां के निवासियों के घर और दुकान गिरने के बाद लाल मुख वाले बंदरों का आतंक शुरू हो गया है। इसके अलावा रामनगर, बदोसराय, बरोलिया, श्रीकोटवा धाम जैसे स्थानों पर बंदरों का आतंक शुरू है ।सुबह से लेकर रात तक इनका आतंक शुरू रहता है ।स्थानीय लोगों का कहना है कि बंदरों के आतंक से सभी लोग परेशान हैं। इन्हें शासन प्रशासन द्वारा तत्काल पकड़वाना चाहिए ।जिससे इनके आतंक से लोगों को राहत मिल सके।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर पूरनपुर पुलिस ने चलाया पैदल गश्त व पेट्रोलिंग अभियान

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा आमजन में सुरक्षा का वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को पूरनपुर पुलिस ने पैदल गश्त किया पुलिस टीम ने प्रमुख बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, सार्वजनिक स्थलों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस की सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई इस अभियान के तहत पुलिस ने मुख्य मार्गों, बाजारों,व्यस्त चौराहों, मुख्य सड़कों फूट पेट्रोलिंग की अन्य भीड़-भाड़ वाले महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस ने गश्त की, ताकि लोग सुरक्षित महसूस करें और कानून व्यवस्था में कोई विघ्न न आए प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि पुलिस प्रशासन का मुख्य लक्ष्य जनता में सुरक्षा की भावना पैदा करना है। कोतवाल पवन पाण्डेय ने बताया शरारती तत्वों और मनचलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनुशासनहीनता या उत्पात करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा महिलाओं और लड़कियों के साथ छेड़छाड़ या असभ्य व्यवहार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी पाण्डेय ने पुलिस बल को बाजार और सार्वजनिक स्थानों पर नियमित गश्त जारी रखने का निर्देश दिया, ताकि आमजन को सुरक्षा का एहसास हो सके उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस का उद्देश्य दहशत नहीं, बल्कि जनता में विश्वास पैदा करना है अपराधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है थाना प्रभारी पाण्डेय ने शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी से सहयोग की अपील की।

# तालाब के अस्तित्व को बचाने की तैयारी, चकबंदी के पूर्व से लेकर अब तक के दस्तावेजों की होगी पड़ताल!

## चेयरमैन के पत्र पर एसडीएम ने शुरू की जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ बाराबंकी। कस्बा हैदरगढ़ के सुभाष वार्ड स्थित प्राचीन तालाब पर कब्जे की बड़ी साजिश आखिरकार नाकाम हो गई। शुक्रवार की सुबह कुछ लोगों द्वारा डंपरों से मिट्टी डालकर तालाब को पाटने और उसके अस्तित्व को मिटाने की कोशिश शुरू की गई थी, लेकिन नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी को जैसे ही इसकी भनक लगी, उन्होंने तत्काल एसडीएम एवं अधिशासी अधिकारी श्री राजेश विश्वकर्मा को पत्र भेजकर तालाब पर कब्जे की रोकथाम की मांग की। प्रशासन ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्य रुकवा दिया। चेयरमैन की सक्रियता और प्रशासनिक तत्परता से एक बार फिर हैदरगढ़ का यह ऐतिहासिक तालाब बच गया।

इधर, कब्जे की इस साजिश के उजागर होने के बाद प्रशासन ने अब इसकी तह तक जाने की तैयारी शुरू कर दी है। तालाब का पुराना शिजरा और राजस्व अभिलेख निकालकर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। चकबंदी से पूर्व से लेकर अब तक के समूचे रिकॉर्ड खंगाले जाएंगे ताकि यह पता लगाया जा सके कि आखिर कैसे एक सरकारी तालाब, जो खसरे पर दर्ज है, उसके स्वामित्व में निजी नाम दर्ज हो गए। किनके नाम चढ़े, उन्होंने क्या दस्तावेज दिए, क्या तालाब कभी पट्टा हुआ था और यदि हुआ तो पट्टा धारक ने कैसे इसका विक्रय कर दिया इन सभी बिंदुओं पर राजस्व विभाग ने गहन जांच शुरू कर दी है।

नगर में यह तालाब जल संरक्षण का प्रमुख केंद्र माना जाता है, जो बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या से राहत देता है। यही कारण है कि नगर के लोगों में इस प्रकरण को लेकर भारी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि नगर की जीवनरेखा समझे जाने वाले इस तालाब को पाटने का प्रयास जल और जीवन दोनों से खिलवाड़ है। सदैव लबालब रहने वाला यह तालाब न केवल नगर की सुंदरता बढ़ाता है बल्कि भू-जल स्तर बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाता है, ऐसे में इस पर कब्जे की कोशिश करना विकास नहीं बल्कि विनाश की भूमिका है। बताया जा रहा है कि जैसे-जैसे हैदरगढ़ का शहरीकरण बढ़ा है, वैसे-वैसे यहां की जमीनों की कीमतें आसमान छूने लगी हैं। इसी लालच में भूमाफिया गिरोहों की नजर इस बहुमूल्य तालाब की जमीन पर पड़ी और पिछले कई वर्षों से इसके कब्जे की साजिश रची जा रही थी। बीच-बीच में कागज़ी हेरफ़ेर और अभिलेखों में गड़बड़ी कर कब्जे का रास्ता साफ करने के प्रयास किए गए, लेकिन सफलता नहीं मिली। अब जब तालाब पर खुलकर पाटा डालने की कोशिश हुई, तो चेयरमैन की सजगता ने इस खेल पर पानी फ़ेर दिया। तहसील प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकरण की गहन जांच की जा रही है और यदि किसी ने सरकारी भूमि पर कब्जे की कोशिश की या दस्तावेजों में हेरफ़ेर की, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उधर नगर में चर्चाओं का माहौल गर्म है, लोग इसे भूमाफियाओं की एक और नाकाम साजिश बताते हुए प्रशासन की सख्ती की सराहना कर रहे हैं। नगरवासियों का कहना है कि ‍जो तालाब शहर की प्यास बुझाता है, उसे बेचने की सोच भी अपराध से कम नहीं।‍ चेयरमैन आलोक तिवारी के हस्तक्षेप से जहां इस जलाशय का अस्तित्व बच गया, वहीं प्रशासन द्वारा शुरू की गई जांच से भूमाफियाओं के मंसूबों पर हमेशा के लिए पानी फिरना तय माना जा रहा है।

## भारत ने दूसरे दिन 7 स्वर्ण, 8 रजत और 4 कांस्य पदक जीते

एजेंसी



रांची। भारत ने चौथी दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 के दूसरे दिन शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सात स्वर्ण, आठ रजत और चार कांस्य पदक अपने नाम किए। इस के साथ चैंपियनशिप में भारत के पदकों की संख्या 32 हो गई है और पदक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। चैंपियनशिप के दूसरे दिन शनिवार को महिला 100 मीटर बाधा दौड़ (हर्डल्स) में भारत की नंधिनी के ने 13.56 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण, मौमिता मंडल (भारत) ने रजत और विजेवेरा विथा (श्रीलंका) ने कांस्य पदक जीता। पुरुष 110 मीटर बाधा दौड़ में भारत के मानव आर ने 13.78 सेकंड में स्वर्ण, श्रीलंका के रनतुंगे रोशन ने रजत और भारत के कृषिक एम ने कांस्य पदक हासिल किया। महिला 1500 मीटर फाइनल में भारत की संजना सिंह ने 4:25.36 मिनट में दौड़ पूरी कर स्वर्ण पदक जीता । यह उनका इस चैम्पियनशिप का दूसरा स्वर्ण है। श्रीलंका की डब्ल्यू.के.एल. अरच्च निमाली ने रजत और भारत की काजल कंवडे ने कांस्य पदक अपने नाम किया। पुरुष 1500 मीटर फाइनल में भारत के अर्जुन वास्कले ने 3:54.58 मिनट में स्वर्ण पदक जीता। श्रीलंका के गल्लागे रुसीरु चाथ और रोजिदीन मोहामथु ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किए। महिला 400 मीटर फाइनल में भारत की नीरू पाठक ने 53.15 सेकंड समय के साथ स्वर्ण पदक, जबकि साथी खिलाड़ी ओलिंबा स्टेफी ने रजत और श्रीलंका की मेंडिस बलापुवा सयु ने कांस्य पदक प्राप्त किया। महिला डिस्कस थ्रो (चक्का फेंक) में भारत ने दबदबा बनाए रखा। सीमा ने 55.14 मीटर की दूरी फेंककर स्वर्ण जीता, निधि ने रजत और श्रीलंका की असगीरिये गेदारा विनोद ने कांस्य जीता। पुरुष डिस्कस थ्रो में भारत के किरपाल सिंह ने 56.22 मीटर की सर्वश्रेष्ठ दूरी फेंककर स्वर्ण पदक जीता। निर्भय सिंह (भारत) ने रजत और डब्ल्यू.डी.एम. मिलंत संपत (श्रीलंका) ने कांस्य पदक प्राप्त किया। पुरुष ऊंची कूद में श्रीलंका के ए. समरवीरा ने 2.17 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण, भारत के रोहित (2.15 मीटर) ने रजत और आदर्श राम (2.09 मीटर) ने कांस्य पदक जीता। पुरुष 400 मीटर फाइनल में श्रीलंका के हेवा कुमारगे कालिन ने 46.21 सेकंड में स्वर्ण, भारत के मोहम्मद अशफाक ने रजत और श्रीलंका के कुरुविटगे काल्हारा ने कांस्य पदक जीता। पुरुषों की 4 गुणा 100 मीटर रिले में श्रीलंका की टीम ने 39.99 सेकंड का नया मीट रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। भारत (40.65 सेकंड) ने रजत और बंगलादेश (40.94 सेकंड) समय के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया। महिलाओं की 4 गुणा 100 मीटर रिले में भी श्रीलंका ने 44.70 सेकंड में स्वर्ण पदक जीता। भारत (44.93 सेकंड) ने रजत और मालदीव (47.79 सेकंड) ने कांस्य पदक प्राप्त किया। भारत विभिन्न स्पर्धाओं में लगातार शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक तालिका में शीर्ष बना हुआ है जबकि श्रीलंका निकट प्रतिस्पर्धा में दूसरे स्थान पर और नेपाल तीसरे स्थान पर है।

## पंजाब एफसी ने सुपर कप से पहले गोलकीपर अर्शदीप सिंह के साथ किया करार

एजेंसी

मोहाली। पंजाब एफसी ने अपनी गोलकीपिंग लाइनअप को और सशक्त बनाते हुए भारतीय गोलकीपर अर्शदीप सिंह को टीम में शामिल करने की घोषणा की है। महिलपुर (पंजाब) के 28 वर्षीय खिलाड़ी ने क्लब के साथ एक वर्ष का अनुबंध किया है। वे हैदराबाद एफसी (इंडियन सुपर लीग - आईएसएल) से टीम में शामिल हो रहे हैं, और एआईएफएफ सुपर कप 2025 के अपने पहले मैच - गोकुलम केरल एफसी के खिलाफ - से पहले टीम के लिए बड़ी मजबूती माने जा रहे हैं। यह मुकाबला 27 अक्टूबर को खेला जाएगा।

अर्शदीप का करियर पंजाब क्षेत्र की मिट्टी से गहराई से जुड़ा रहा है। उन्होंने अपने फुटबॉल की बुनियादी शिक्षा एआईएफएफ एलीट अकादमी से ली और उसके बाद मिनर्वा पंजाब के साथ अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की। 2016-17 सीजन में सीनियर टीम में प्रमोट किए जाने के बाद, वे 2017-18 सीजन में आई-लीग जीतने वाली ऐतिहासिक टीम का हिस्सा रहे। मिनर्वा के साथ अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने एएफसी चैंपियंस लीग क्वालिफायर और एएफसी कप दोनों में महत्वपूर्ण मैच खेले, जिससे उन्हें अपने करियर की शुरुआती अवस्था में ही अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव प्राप्त हुआ। 2019 में अर्शदीप ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में कदम रखा और तीन अलग-अलग क्लबों के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया ओडिशा एफसीः अर्शदीप ने क्लब के साथ तीन सीजन बिताए। उन्होंने नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ अपना आईएसएल डेब्यू किया और अपने तीन साल के कार्यकाल में 33 मैचों में हिस्सा लिया। एफसी गोवाः 2022-23 सीजन में उन्होंने एफसी गोवा के लिए 17 मैचों में गोलकीपिंग की। हैदराबाद एफसीः 2024-25 सीजन में वे हैदराबाद एफसी की टीम का हिस्सा रहे। उनका पंजाब एफसी से जुड़ना क्लब के लिए एक महत्वपूर्ण और उच्च-प्रोफाइल साइनिंग मानी जा रही है, जो न केवल अनुभव और स्थिरता लाता है बल्कि स्थानीय जुड़ाव को भी मजबूत करता है। पंजाब एफसी के टेक्निकल डायरेक्टर, निकोलाओस टोपोलियाटिस ने कहा, ल्लपंजाब एफसी को अर्शदीप को साइन करने पर गर्व है। वह हमारी गोलकीपिंग यूनिट को मजबूती देंगे और साथ ही एक स्थानीय प्रतिभा के रूप में हमारी प्रणाली में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उन्हें इस क्षेत्र के फुटबॉल कल्चर और उससे जुड़ी अपेक्षाओं की पूरी समझ है। हमें पूरा विश्वास है कि वे मैदान पर और उसके बाहर दोनों जगह टीम के लिए प्रभावशाली भूमिका निभाएंगे। अर्शदीप सिंह ने इस अवसर पर कहा, हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वह अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करे - और मेरे लिए यह सपना पंजाब एफसी के साथ सच हो गया है। मैं होशियारपुर के महिलपुर से हूँ, जहां खेल के प्रति पंजाबियों का जुनून बचपन से ही देखा है। अब जब मैं अपने राज्य के एकमात्र शीर्ष स्तर के क्लब का प्रतिनिधित्व कर रहा हूँ, यह मेरे लिए गर्व का क्षण है। मैं इन रंगों को पूरे गर्व और जोश के साथ पहनूंगा और उम्मीद करता हूँ कि पंजाब के और युवा खिलाड़ी भी बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित हों।

## शाइना और दीक्षा ने स्वर्ण जीते , भारत ने सर्वश्रेष्ठ पदकों के साथ समापन किया

एजेंसी



चेंगदू। शाइना मणिमुथु (अंडर-15) और दीक्षा सुधाकर (अंडर-17) ने रविवार को अपने-अपने आयु वर्ग में स्वर्ण पदक जीते और भारत ने बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप 2025 में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया। अंडर-15 बालिका एकल वर्ग के फाइनल में, शाइना ने जापान की चिहारू तोमिता को 21-14, 22-20 से हराया, जिसके बाद दीक्षा सुधाकर ने अंडर-17 बालिका एकल वर्ग के फाइनल में हमवतन लक्ष्य राजेश को 21-16, 21-9 से हराया। रविवार के नतीजों का मतलब था कि भारतीय दल दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक लेकर स्वदेश लौटेगा। भारत ने पिछली बार 2013 में दो स्वर्ण पदक जीते थे, जब सिरिल वर्मा ने अंडर-15 बालक एकल वर्ग का खिताब जीता था, जबकि चिराग शेट्टी और एमआर अर्जुन ने अंडर-17 बालक युगल वर्ग का खिताब जीता था। रविवार को, शाइना अंडर-15 वर्ग का खिताब जीतने वाली चौथी भारतीय बालिका एकल खिलाड़ी बनीं। उन्होंने शुरुआती गेम में तोमिता पर दबदबा बनाया और फिर दूसरे गेम में आखिरी क्षणों में मिली चुनौती को नाकाम करते हुए मैच 44 मिनट में अपने नाम कर लिया। बाद में, दीक्षा 27 मिनट तक चले अखिल भारतीय फाइनल में दबदबा बनाते हुए अंडर-17 वर्ग का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बालिका एकल खिलाड़ी बनीं। जगशेर सिंह खंगगुरा और जंगजीत सिंह काजला व जननिका रमेश की मिश्रित युगल जोड़ी ने शनिवार को कांस्य पदक जीता था।

## न्यूजीलैंड ने ब्रुक के शतक को बेअसर करते हुए जीता पहला वनडे

एजेंसी




माउंट मॉन्गानुई। हैरी ब्रुक का एक शानदार शतक अनुकूल परिणाम नहीं दे सका क्योंकि डेरिल मिशेल (78*) और माइकल ब्रेसवेल (51) के अर्धशतकों ने न्यूजीलैंड को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त दिला दी। उनके शुरू होने से पहले, जकारी फॉल्क्स (4-41) और जैकब डफी (3-55) ने दमदार गेंदबाजी करके मैच की शुरुआत की, जिससे इंग्लैंड की टीम शुरुआत में ही धराशायी हो गई, लेकिन ब्रूक ने पलटवार किया। मैट हेनरी ने मैच की पहली ही गेंद पर न्यूजीलैंड को बढ़त दिलाई, उन्होंने जेमी स्मिथ के बल्ले और पैड के बीच से गैप को चीरकर उन्हें बोल्ड कर दिया। इसके बाद फॉल्क्स ने बेन डकेट को आउट किया - जिन्होंने राउंड द स्टंप्स से गेंद को तेजी से आगे बढ़ाया और उन्हें आउट कर दिया - और जो रूट को इनस्विंगर पर बोल्ड कर दिया, जिससे मेहमान टीम का स्कोर 5/3 हो गया। जल्द ही यह स्कोर 10/4 और 33/5 हो गया क्योंकि फॉल्क्स और हेनरी ने नई गेंद के साथ अपनी साझेदारी जारी रखते हुए क्रमशः जैकब बेथेल और जोस बटलर को आउट किया। सैम करेन 12वें ओवर में फॉल्क्स के चौथे शिकार बने, जब गेंद विकेट के पीछे लगी। ब्रुक, जिन्होंने कुछ ओवर पहले ही जवाबी हमले की आग भड़कानी शुरू कर दी थी, उनके साथ जेमी ओवरटन ने पारी को संभालने वाली साझेदारी की। ब्रुक ने तमाम उथल-पुथल के बीच भी अपने इरादे मजबूत किए और 16वें ओवर में एक शानदार छक्के की मदद से 36 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। ओवरटन भी जैकब डफी की तरफ दौड़ते हुए अपना बल्ला घुमाने में मशगूल थे। नाथन स्मिथ की बाउंसर पर ओवरटन के हेलमेट पर चोट लगी, लेकिन थोड़े समय के ब्रेक के बाद वे खेलने के लिए तैयार थे। डफी की एक धीमी गेंद पर ओवरटन ने ब्रूक के साथ अपनी साझेदारी को आधे रन तक खींच लिया, लेकिन फिर वह आउट हो गए। उन्होंने गेंद को लेग साइड पर खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद का मुख्य किनारा कवर पर डेरिल मिशेल के पास पहुंच गया और उन्होंने 54 गेंदों पर 46 रन बनाये। डफी ने अगली ही गेंद पर ब्रायडन कार्स को बैकवर्ड पॉइंट पर शून्य पर कैच करा दिया। 143/8 के स्कोर पर इंग्लैंड का अंत नज़दीक लग रहा था, लेकिन ब्रूक का खेल अभी खत्म नहीं हुआ था। उन्होंने आदिल राशिद के साथ मिलकर डफी को एक चौका और एक छक्का लगाया और फिर 11वें नंबर के ल्यूक वुड के साथ 57 रनों की साझेदारी की। यह साझेदारी 32 गेंदों तक चली, जिसमें वुड को सिर्फ चार गेंदों का सामना करना पड़ा। ब्रूक ने स्ट्राइक अच्छी तरह हासिल की और राशिद के आउट होने के समय 73 गेंदों पर 85 रन बनाकर 101 गेंदों पर 135 रन बनाए।

## अदाणी की कंपनियों में नहीं, अमेरिकी बीमा फर्मों में किया है एलआईसी ने ज्यादा निवेश

एजेंसी

नयी दिल्ली। अदाणी समूह की कंपनियों में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का निवेश भले ही सुर्खियों में हो, लेकिन हालिया आंकड़े बताते हैं कि अरबपति गौतम अदाणी द्वारा नियंत्रित इकाइयों में कुछ सबसे बड़े निवेश सरकारी बीमा कंपनी से नहीं, बल्कि प्रमुख अमेरिकी और वैश्विक बीमा कंपनियों से आए हैं। जून, 2025 में, अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा 57 करोड़ अमेरिकी डॉलर (5,000 करोड़ रुपये) के निवेश के एक महीने बाद, अमेरिका स्थित एथेन इंश्योरेंस ने अदाणी के मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में 6,650 करोड़ रुपये (75 करोड़ डॉलर) के ऋण निवेश का नेतृत्व किया, जिसमें कई प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बीमा कंपनियां शामिल हुईं। एथेन की मूल कंपनी- अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट ने 23 जून को एक बयान में कहा कि उसके प्रबंधित फंड, सहयोगी और अन्य दीर्घकालिक निवेशकों ने मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (मायल) के लिए 75 करोड़ डॉलर का 'निवेश ग्रेड रेटेड वित्तपोषण' पूरा कर लिया है। यह अपोलो द्वारा मायल के लिए दूसरा बड़ा वित्तपोषण था। अन्य कोष जुटाने में अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड द्वारा डीबीएस बैंक, डीजेड बैंक, राबोबैंक और बैंक सिनोपैक कंपनी लिमिटेड सहित वैश्विक ऋणदाताओं के एक समूह से लगभग 25 करोड़ डॉलर जुटाना शामिल था। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स की अगस्त की एक रिपोर्ट के अनुसार, समूह ने वर्ष की पहली छमाही में बंदरगाह इकाई (एपीएसईजेड), नवीकरणीय ऊर्ज़ा इकाई (एजीईएल), प्रमुख कंपनी (अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड) और बिजली पारेषण इकाई (अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड) में कुल मिलाकर 10 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की नई ऋण सुविधाओं पर हस्ताक्षर किए।

## वेदांता रिसोर्सेज ने बॉन्ड निर्गम से 50 करोड़ डॉलर जुटाए

एजेंसी

नयी दिल्ली। अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाली वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड (वीआरएल) ने अक्टूबर में बॉन्ड के जरिये 50 करोड़ डॉलर जुटाए हैं और इस राशि का इस्तेमाल निकट अवधि की प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में किया जाएगा। कंपनी ने बॉन्डधारकों को लिखे पत्र में कहा है कि 'उसके ऋण पोर्टफोलियो की औसत परिपक्वता अवधि अब चार साल से ज्यादा है, और उसने अपनी भारित औसत ब्याज लागत को घटाकर एकल अंक में कर दिया है, जो एक मजबूत और ज़्यादा लचीली पूंजी संरचना को दर्शाता है। कंपनी ने कहा कि उसने ''अपने दायित्वों को पूरा करने की रूपरेखा के अनुरूप, 55 करोड़ डॉलर की निजी ऋण सुविधा (पीसीएफ) सहित निकट अवधि के दायित्वों को चुकाने के लिए 50 करोड़ डॉलर का बॉन्ड जारी किया है। इसके साथ ही, समूह के पास अब वित्त वर्ष 2026-27 तक कोई भी महत्वपूर्ण परिपक्वता नहीं है, जिससे एक संतुलित देयता संरचना सुनिश्चित होती है। कंपनी ने आगे कहा कि समूह मजबूत तरलता बनाए रखता है, जिसे परिचालन वाली अनुषंगी कंपनियों से लाभांश प्रवाह और स्वस्थ मुक्त नकदी सृजन का समर्थन प्राप्त है। कंपनी ने अग्रणी वैश्विक और भारतीय बैंकों के एक संघ के साथ 50 करोड़ डॉलर की सावधि ऋण सुविधा के लिए समझौता किया है। कंपनी के पास 68.2 करोड़ डॉलर की अप्रयुक्त शेष राशि के साथ एक दीर्घकालिक ऋण सुविधा है।

वेदांता रिसोर्सेज ने कहा कि परिचालन वाली अनुषंगी कंपनियों से लाभांश प्रवाह और स्वस्थ मुक्त नकदी सृजन मजबूत तरलता को और बढ़ावा देते हैं। परिचालन की दृष्टि से, वेदांता के मुख्य कारोबार- जस्ता, तेल और गैस, एल्युमीनियम और बिजली ऽ मजबूत एबिटा और नकदी प्रवाह प्रदान करते रहे हैं। कंपनी ने बताया कि वैश्विक व्यापार व्यवधानों के बावजूद जिंस कीमतें जुझारू बनी हुई हैं, जिससे लाभप्रदता को समर्थन मिल रहा है। कंपनी ने कहा कि वेदांता लिमिटेड का पांच स्वतंत्र क्षेत्र-विशिष्ट संस्थाओं में चल रहा विभाजन योजना के अनुसार आगे बढ़ रहा है, जिसका उद्देश्य मूल्य संवर्धन, पारदर्शिता बढ़ाना और बेहतर पूंजी आवंटन संभव बनाना है। कंपनी ने वित्तीय अनुशासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि वह सभी ऋण दायित्वों का पालन करना जारी रखेगी और आंतरिक स्रोतों, रणनीतिक पुनर्वित्त और पूंजी अनुकूलन के माध्यम से अपने ऋण कम करने के चक्र को बनाए रखेगी। वेदांता ने पत्र में अनुशासित पूंजी प्रबंधन और दीर्घकालिक मूल्य सृजन पर अपने पर जोर देते हुए कहा, ''आपके निरंतर विश्वास और समर्थन ने इन परिणामों को संभव बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वेदांता रिसोर्सेज ने वित्त वर्ष 2021-22 से अपने ऋण में चार अरब डॉलर से अधिक की कमी की है, जिससे कुल सकल ऋण वित्त वर्ष 2021-22 के 9.1 अरब डॉलर से घटकर जून, 2025 तक 4.8 अरब डॉलर रह गया है।

## एच-1बी वीजा शुल्क वृद्धि का लघु अवधि में कोई प्रभाव नहीं, भविष्य की योजनाएं बदलेंगी : टाटा टेक सीईओ

एजेंसी

नयी दिल्ली। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क में की गई वृद्धि का टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड पर कोई अल्पकालिक प्रभाव नहीं पड़ेगा। हालांकि, कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक वॉरेन हैरिस के अनुसार, इससे भविष्य के लिए संसाधन योजनाओं में बदलाव आएगा। हैरिस ने कहा कि वैश्विक उत्पाद इंजीनियरिंग और डिजिटल सेवा कंपनी अपनी स्टाफिंग संरचना के कारण (जिसके किसी भी देश में लगभग 70 प्रतिशत कर्मचारी उसी राष्ट्रीयता के हैं) वीजा संबंधी समस्याओं से अन्य 'भारत से बाहर के भारतीय प्रतिस्पर्धियों' की तुलना में कम प्रभावित होती है। हैरिस ने कहा, ''हम एक भारत-बाहर की कंपनी नहीं हैं। हम एक वैश्विक कंपनी थे, और हमारे अधिकांश कर्मचारी विभिन्न क्षेत्रों में उन देशों के नागरिक थे। हमारे अमेरिकी परिचालन को अमेरिकी चलाते हैं। हमारे चीन परिचालन को चीनी टीम चलाती है, जबकि हमारे कई भारतीय प्रतिस्पर्धी भारत से बाहर हैं। उनके लिए वीज़ा संबंधी समस्याएँ कहीं अधिक हैं। हैरिस सितंबर में ट्रंप द्वारा घोषित वार्षिक एच-1बी वीजा शुल्क को बढ़ाकर 1,00,000 अमेरिकी डॉलर करने के सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने आगे कहा, ''हम इस चुनौती से वाकिफ हैं। हैरिस ने कहा, ''यह निश्चित रूप से भविष्य के लिए हमारी संसाधन योजनाओं को बदल देगा, लेकिन अमेरिका द्वारा लिए गए एच-1बी निर्णयों का कोई अल्पकालिक प्रभाव नहीं है।'' चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही तक, टाटा टेक्नोलॉजीज के वैश्विक कर्मचारियों की संख्या 12,402 थी। उन्होंने कहा, ''हम 18 अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों में मौजूद हैं। हमने जिस सिद्धांत के आधार पर कंपनी को गढ़ा है, वह यह है कि हम चाहते हैं कि किसी भी देश में लगभग 70 प्रतिशत कर्मचारी उसी राष्ट्रीयता या क्षेत्र से हों।

## शेयर बाजारों पर दिखेगा औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों, तिमाही परिणामों का असर

एजेंसी

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह लगातार चौथी साप्ताहिक तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आंकड़ों और कंपनियों के तिमाही परिणामों पर होगी। अगले सप्ताह 28 अक्टूबर को आईआईपी के आंकड़े आने हैं। वहीं कई दिग्गज कंपनियों के तिमाही परिणामों की घोषणा भी होनी है। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल के तिमाही परिणाम 27 अक्टूबर को जारी होंगे। इसके बाद 29 अक्टूबर को भेल, कोल इंडिया, एलएंडटी और सेल के परिणाम आयेंगे। अगले दिन 30 अक्टूबर को केनरा बैंक, सिप्ला, हुंडई इंडिया, एनटीपीसी और आईटीसी के तिमाही नतीजे जारी होने हैं। एसीसी सीमेंट, बीईएल, भारत पेट्रोलियम, गेल और मारुति सुजुकी के तिमाही नतीजे 31 अक्टूबर को आयेंगे। इसके अलावा निवेशकों की नजर भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता तथा अन्य वैश्विक कारकों पर भी रहेगी। बीते सप्ताह मंगलवार को दिवाली के मौके पर सिर्फ एक घंटे का मुहुर्त कारोबार हुआ जबकि बुधवार को बलिप्रतिपदा के अवसर पर अवकाश रहा। मुहुर्त कारोबार समेत पहले तीन दिन बाजार में तेजी रही जबकि शुक्रवार को गिरावट देखी गयी। इस दौरान, पहली बार बीच कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 85,000 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50



### शेयर समीक्षा

सूचकांक 26,000 अंक के पार पहुंचने में सफल रहा। दोनों सूचकांक गुरुवार को रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुये थे। सेंसेक्स में साप्ताहिक बढ़त 0.31 प्रतिशत की रही और यह शुक्रवार को 84,211.88 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 सूचकांक 0.33 प्रतिशत की साप्ताहिक मजबूती के साथ सप्ताहांत पर 25,795.15 अंक पर बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.41 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.72 प्रतिशत की बढ़त में रहा। सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की 30 में से 17 कंपनियों के शेयरों में तेजी देखी गयी। इंफोसिस का शेयर सबसे अधिक 5.84 प्रतिशत चढ़ा।

बजाज फिनसर्व में 3.69 फीसदी, एक्सिस बैंक में 3.49 और टीसीएस में 3.37 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 2.44 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 2.43, बीईएल का 2.22, बजाज फाइनेंस का 1.79, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 1.75, एलएंडटी का 1.70 और भारतीय स्टेट बैंक का 1.69 प्रतिशत चढ़ गया। टाटा स्टील में 1.31 फीसदी, सनफार्मा में 1.22 फीसदी, आईटीसी में 1.21 फीसदी और टाइटन में 1.08 फीसदी की तेजी रही।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण 1.55 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

नयी दिल्ली। छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों वाले पिछले सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) सामूहिक रूप से 1,55,710.74 करोड़ रुपये बढ़ गया। घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को सबसे ज्यादा लाभ हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 259.69 अंक या 0.30 प्रतिशत चढ़ा। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 85,290.06 अंक के अपने 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर को छू गया। शीर्ष 10 कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को लाभ हुआ। वहीं एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मूल्यांकन में गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 46,687.03 करोड़ रुपये बढ़कर 19,64,170.74 करोड़ रुपये हो गया। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 36,126.6 करोड़ रुपये बढ़कर 11,08,021.21 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 34,938.51 करोड़ रुपये बढ़कर 6,33,712.38 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन 13,892.07 करोड़ रुपये बढ़कर 8,34,817.05 करोड़ रुपये रहा। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 11,947.17 करोड़ रुपये बढ़कर 6,77,846.36 करोड़ रुपये हो गई, जबकि भारती एयरटेल का मूल्यांकन 9,779.11 करोड़ रुपये बढ़कर 11,57,014.19 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एलआईसी ने सप्ताह के दौरान 2,340.25 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे इसका बाजार मूल्यांकन 5,62,513.67 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस रुख के उलट आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 43,744.59 करोड़ रुपये घटकर 9,82,746.76 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 20,523.68 करोड़ रुपये घटकर 5,91,486.10 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 11,983.68 करोड़ रुपये घटकर 15,28,227.10 करोड़ रुपये रह गया।

# 'मोंथा' के मद्देनजर सेना हाई अलर्ट पर

## बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में चक्रवात के तूफान में तब्दील होने की उम्मीद

एजेंसी

नयी दिल्ली। पूर्वी मध्य अरब सागर और दक्षिण पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर विकसित हो रहे चक्रवाती तंत्र के मद्देनजर भारतीय सेना को 'हाई अलर्ट' पर रखा गया है। अगले 48 घंटों में इस चक्रवात के 'मोंथा' के रूप में तब्दील होने की आशंका है।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और संबंधित राज्य सरकारों के समन्वय से स्थिति पर कड़ी नज़र रखी जा रही है। सेना के एक प्रवक्ता ने बताया कि आज तड़के दो सक्रिय मौसम प्रणालियाँ देखी गईं, जिनमें पूर्वी मध्य अरब सागर पर दबाव और दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी पर गहरा दबाव शामिल है। पूर्व मध्य अरब सागर अवदाब वर्तमान में मुंबई से लगभग 700 किमी पश्चिम-दक्षिण पश्चिम, पंजिम (गोवा) से 760 किमी पश्चिम, लक्षद्वीप से 880 किमी उत्तर पश्चिम और मैंगलोर से 960 किमी पश्चिम-उत्तर पूर्व में स्थित है। अगले 24 घंटों के दौरान इसके पूर्व मध्य अरब सागर में पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। इसके अलावा दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी पर बना गहरा दबाव का क्षेत्र पोर्ट ब्लेयर से लगभग 610 किलोमीटर पश्चिम में, चेन्नई से 790 किलोमीटर पूर्व-दक्षिणपूर्व में, विशाखापत्तनम से 850 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपूर्व में और गोपालपुर (ओडिशा) से 950 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपूर्व में स्थित है। अगले 24 घंटों के भीतर इसके दक्षिण-पश्चिम और उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती तूफान में तब्दील होने और 28 अक्टूबर तक उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ते हुए एक गंभीर चक्रवाती तूफान में और मजबूत होने की उम्मीद है। अनुमान है कि यह प्रणाली 28 अक्टूबर की शाम/रात को तटीय आंध्र प्रदेश, विशेष रूप से मछलीपट्टनम और काकीनाडा के बीच के क्षेत्र को एक गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में प्रभावित करेगी। इस दौरान तेज हवाएं 90-100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं। भारतीय सेना ने प्रभावित होने की आशंका वाले सभी क्षेत्रों में अपनी आपदा प्रतिक्रिया टुकड़ियों (डीआरसी) को सक्रिय कर दिया है, ताकि राज्य प्रशासन और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के साथ समन्वय में त्वरित तैनाती सुनिश्चित की जा सके। विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में



समर्पित और आरक्षित टुकड़ियों को तैनात किया गया है, जिनमें कर्नाटक , केरल , आंध्र प्रदेश ,तेलंगाना , तमिलनाडु , लक्षद्वीप और मिनिकॉय द्वीप समूह और पश्चिम बंगाल में शामिल हैं। यह सक्रिय तैनाती प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए सेना की तैयारी को दर्शाती है। एनडीएमए, राज्य आपदा प्राधिकरणों और आईएमडी के साथ सेना के परिचालन और रसद नियंत्रण कक्ष लगातार स्थिति की निरंतर निगरानी कर रहे हैं। आंध्र प्रदेश की गृह मंत्री वी. अनिता ने बताया कि चक्रवात मोंथा के मद्देनजर सरकारी मशीनरी को हाई अलर्ट पर रखा गया है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को ज़रूरत पड़ने पर तुरंत कार्रवाई के लिए तैयार रखा गया है।

गृह मंत्री ने राजधानी विजयवाड़ा में अधिकारियों के साथ बैठक की और चक्रवात के कारण जान-माल के नुकसान को रोकने के लिए उठाए जा रहे कदमों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव क्षेत्र तीव्र होकर एक भीषण चक्रवाती तूफान ''मोंथा'' में बदल गया है और इसके 28 अक्टूबर की शाम या रात को मछलीपट्टनम और काकीनाडा के बीच तट को पार करने की उम्मीद है। तटीय आंध्र प्रदेश के जिलों में 27 और 28 अक्टूबर को भारी बारिश होगी। उन्होंने कहा, ''100 किलोमीटर की रफ़्तार से तेज़ हवाएँ चलेंगी। उन्होंने तटीय आंध्र प्रदेश के ज़िलों के लोगों से घरों के अंदर ही रहने को कहा। राज्य सरकार जान-माल के नुकसान को रोकने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि बड़े-बड़े होर्डिंग्स हटाए जा रहे हैं और मछुआरों को मछली पकड़ने के लिए समुद्र में न जाने की चेतावनी दी गई है। उन्होंने अधिकारियों को चक्रवाती तूफ़ान से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए कदम उठाने के निर्देश दिए। गृहमंत्री ने ज़ोर देकर कहा, ''एनडीआरडी की छह टीमों, एसडीआरएफ की 13 टीमों और एक हेलीकॉप्टर को तैनाती के लिए तैयार रखा गया है तथा ज़रूरत पड़ने पर अन्य टीमें तैनात की जाएँगी। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों, सचिवों, ज़िला कलेक्टरों और सभी विभागों को प्रभावित इलाकों में तुरंत कार्रवाई के लिए तैयार रहने का आदेश दिया है। उन्होंने अधिकारियों से सैटेलाइट फ़ोन का इस्तेमाल करने को कहा है क्योंकि संचार व्यवस्था बाधित होने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आंध्र प्रदेश और यानम के लिए चक्रवात अलर्ट (नारंगी संदेश) जारी किया है, क्योंकि दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने गहरे दबाव क्षेत्र के और तीव्र होने के संकेत मिले हैं। शाम 4 बजे जारी एक विशेष बुलेटिन के अनुसार, यह चक्रवात पिछले छह घंटों के दौरान 5 किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ा और 11.3 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 87.0 डिग्री पूर्वी देशांतर पर केंद्रित था। यह पोर्ट ब्लेयर से लगभग 620 किमी पश्चिम, चेन्नई से 770 किमी पूर्व-दक्षिण-पूर्व, विशाखापत्तनम से 820 किमी दक्षिण-दक्षिण-पूर्व और काकीनाडा से 810 किमी दक्षिण-पूर्व में स्थित है। इसके प्रभाव से, अगले 24 घंटों के दौरान काकीनाडा, कोनासीमा, पश्चिम गोदावरी, प्रकाशम, नेल्लोर, अन्नामय्या, तिरुपति और चित्तूर जिलों में भारी वर्षा होने की संभावना है। इसी अवधि के दौरान उत्तरी और दक्षिणी तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में भी गरज के साथ बिजली गिरने और 35-45 किमी प्रति घंटे से लेकर 55 किमी प्रति घंटे की गति से तेज़ हवाएँ चलने की संभावना है। काकीनाडा, कोनासीमा, पश्चिम गोदावरी, कृष्णा, बापटला, प्रकाशम और नेल्लोर जिलों में अत्यधिक भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है, जबकि अन्य तटीय और रायलसीमा जिलों में सोमवार (कल) को भारी से बहुत भारी वर्षा हो सकती है। मंगलवार को श्रीकाकुलम, विजयनगरम, विशाखापत्तनम, काकीनाडा, पूर्वी और पश्चिमी गोदावरी, एलुरु और कृष्णा जिलों में भी ऐसी ही स्थिति रहने का अनुमान है।

# चुनाव प्रचार में एआई और भ्रामक सामग्री हेतु दिशा निर्देश जारी

एजेंसी

हैदराबाद। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने राजनीतिक अभियानों में, विशेष रूप से आगामी जुबली हिल्स विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव के मद्देनजर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के साथ साथ भ्रामक डिजिटल सामग्री के उपयोग को नियंत्रित करने के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। 24 अक्टूबर को जारी इस परामर्श का उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया की अखंडता की रक्षा करना और भ्रामक या हेरफ़ेर से तैयार डिजिटल सामग्री के प्रसार को रोकना है।

रविवार को एक आधिकारिक बयान में, जिला चुनाव अधिकारी और जीएचएमसी आयुक्त आर वी कर्णन ने सभी राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और प्रचार टीमों को पारदर्शिता बनाए रखने और प्रचार के दौरान गलत सूचना को रोकने के लिए इन मानदंडों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

नए निर्देशों के तहत, प्रचार सामग्री में उपयोग की जाने वाली किसी भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता-जनित या कृत्रिम रूप से परिवर्तित फोटो, वीडियो या ऑडियो पर ''कृत्रिम बुद्धिमत्ता-जनित'', ''डिजिटल रूप से संवर्धित'' या ''कृत्रिम सामग्री'' जैसा स्पष्ट लेबल होना चाहिए। इस घोषणा को स्क्रीन के कम से कम 10 प्रतिशत हिस्से पर प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाना चाहिए और ऑडियो के मामले में, क्लिप की अवधि के पहले 10 प्रतिशत के भीतर इसकी घोषणा की जानी चाहिए।

इसके अलावा, ऐसी सामग्री में मेटाडेटा या कैप्शन के माध्यम से इसके निर्माण के लिए जिम्मेदार संस्था की स्पष्ट रूप से पहचान होनी चाहिए। चुनाव आयोग ने ऐसी किसी भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता-आधारित सामग्री के उत्पादन या वितरण पर प्रतिबंध लगा दिया है जो बिना सहमति के किसी व्यक्ति की पहचान, आवाज़ या रूप-रंग को गलत तरीके से प्रस्तुत करती हो, या जिसका उद्देश्य मतदाताओं को धोखा देना हो। आयोग ने यह भी अनिवार्य किया है कि किसी भी भ्रामक कृत्रिम सामग्री का पता लगने या रिपोर्ट किए जाने पर उसे तीन घंटे के भीतर हटा दिया जाए। राजनीतिक दलों को अपने अभियानों में उपयोग की जाने वाली सभी कृत्रिम बुद्धिमत्ता-जनित सामग्रियों का आंतरिक रिकॉर्ड रखना आवश्यक है। नैतिक और पारदर्शी प्रचार की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुए श्री आर वी कर्णन ने ज़ोर देकर कहा कि ''सभी राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और अभियान प्रतिनिधियों को जुबली हिल्स उपचुनाव में निष्पक्षता और जवाबदेही बनाए रखने के लिए आयोग के दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन करना चाहिए। उन्होंने आगे इस बात पर ज़ोर दिया कि राजनीति में एआई और डिजिटल उपकरणों के इस्तेमाल से ''लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मज़बूत करना चाहिए, न कि उसे कमज़ोर करना चाहिए।

# सोशल मीडिया संस्कृत को दे रहा है नयी प्राणवायु : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर संस्कृत लिखना पढ़ना सिखाया जा रहा है और इसके प्रति युवाओं में दिख रहे उत्साह को देखते हुए कहा जा सकता है कि सोशल मीडिया संस्कृत को नयी प्राणवायु दे रहा है।

श्री मोदी ने रविवार को आकाशवाणी से प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 127वीं कड़ी में कहा ''संस्कृत का नाम सुनते ही हमारे मन मस्तिष्क में आता है -हमारे 'धर्मग्रंथ', 'वेद', 'उपनिषद', 'पुराण', शास्त्र, प्राचीन ज्ञान-विज्ञान, अध्यात्म और दर्शन। लेकिन एक समय, इन सबके साथ-साथ 'संस्कृत' बातचीत की भी भाषा थी। उस युग में अध्ययन और शोध संस्कृत में ही किये जाते थे। नाट्य मंचन भी संस्कृत में होते थे। लेकिन दुर्भाग्य से गुलामी के कालखंड में भी और आजादी के बाद भी संस्कृत लगातार उपेक्षा का शिकार हुई। इस वजह से युवा-पीढ़ियों में संस्कृत के प्रति आकर्षण भी कम होता चला गया। लेकिन साथियो, अब समय बदल रहा है, तो संस्कृत का भी समय बदल रहा है। उन्होने कहा '' संस्कृति और सोशल मीडिया की दुनिया ने संस्कृत को नयी प्राणवायु दे दी है। इन दिनों कई युवा संस्कृत को लेकर बहुत रोचक काम कर रहे हैं। आप सोशल मीडिया पर जाएंगे तो आपको ऐसी कई रील्स दिखेगी जहां कई युवा संस्कृत में और संस्कृत के बारे में बात करते दिखायी देंगे। कई लोग तो अपने सोशल मीडिया चैनल के जरिए संस्कृत सिखाते भी हैं। ऐसे ही एक युवा कंटेंट क्रिएटर हैं ऽ भाई यश सालुंड्के। यश की खास बात ये है कि वो कंटेंट क्रिएटर भी हैं और क्रिकेटर भी हैं। संस्कृत में बात करते हुए क्रिकेट खेलने की उनकी रील लोगों ने खूब पसंद की है।

उन्होंने कहा ''कमला और जान्हवी दो बहनों का काम भी शानदार है। ये दोनों बहनें अध्यात्म, दर्शन और संगीत पर कंटेंट बनाती हैं। इंस्टाग्राम पर एक और युवा का चैनल है 'संस्कृत छात्रोहम्'। इस चैनल को चलाने वाले युवा-साथी संस्कृत से जुड़ी जानकारियाँ तो देते ही हैं, वो संस्कृत में हास-परिहास के वीडियो भी बनाते हैं। युवा संस्कृत में ये वीडियो भी खूब पसंद करते हैं। आप में से कई साथियों ने समष्टि के वीडियोज भी देखे होंगे। समष्टि संस्कृत में अपने गानों को अलग-अलग तरह से प्रस्तुत करती है। एक और युवा हैं 'भावेश भीमनाथनी'। भावेश संस्कृत श्लोकों, आध्यात्मिक दर्शन और सिद्धांतों के बारे में बात करते हैं।

# भारत का पहला अत्यधिक गरीबी मुक्त राज्य बना केरल

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। भारत के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम के तहत केरल पहली नवंबर को देश का पहला 'अत्यधिक गरीबीमुक्त राज्य' बन जाएगा। केरल के स्थापना दिवस के अवसर पर एक नवंबर को मुख्यमंत्री पी. विजयन तिरुवनंतपुरम के सेंट्रल स्टेडियम में इसकी अनौपचारिक घोषणा करेंगे।

राज्य सरकार ने सभी के लिए एक समान कल्याणकारी मॉडल से अलग 64,006 वंचित परिवारों की पहचान की और प्रत्येक परिवार की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उनके अनुकूल योजनाएं तैयार कीं। मुख्यमंत्री एक नवंबर को इसकी घोषणा करेंगे।

इस पहल ने 1,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ उन हजारों लोगों के लिए भोजन, आवास, स्वास्थ्य सेवा, आजीविका और सम्मान सुनिश्चित किया है जो लंबे समय से हाशिए का जीवन जी रहे थे। इस कार्यक्रम के तहत अब 20,648 परिवारों की भोजन तक पहुंच सुनिश्चित हो गई है, जिनमें से 2,210 लोगों को प्रतिदिन ताजा पका हुआ भोजन मिल रहा है। स्वास्थ्य क्षेत्र में 85,721 लोग चिकित्सा सुविधाएं और दवाइयां प्राप्त कर रहे हैं। सरकार ने 5,400 से अधिक नए घरों का निर्माण या निर्माण कार्य शुरू कर दिया है, 5,522 घरों की मरम्मत की है और 2,713 भूमिहीन परिवारों को जमीन वितरित की है। इसके अतिरिक्त 21,263 लोगों को राशन कार्ड, आधार और पेंशन जैसे जरूरी दस्तावेज जारी किए गए हैं, जबकि 4,394 परिवारों को स्थायी आजीविका परियोजनाओं के लिए सहायता मिली है। स्थानीय स्वशासन, कुदुम्बश्री और कई विभागों के समन्वित प्रयासों से कार्यान्वित यह मिशन केरल के सामाजिक न्याय, समानता और समावेशी विकास के मॉडल को दर्शाता है। अधिकारियों ने कहा कि यह पहल 'नव केरलम्' के दृष्टिकोण को मूर्त रूप देती है। एक नया और ऐसा केरल जो करुणा, सम्मान और इस सिद्धांत पर आधारित है कि कोई भी पीछे न छूटे। स्थानीय स्वशासन मंत्री एमबी राजेश ने कहा कि केरल चीन के नक्शेकदम पर चलते हुए अत्यधिक गरीबी उन्मूलन करने वाला पहला भारतीय राज्य बनकर इतिहास रचने के कगार पर है। उन्होंने कहा, ''जिस तरह चीन ने खुद को अत्यधिक गरीबी से मुक्त घोषित किया है, उसी तरह केरल भी भारत में ऐसा ही करने के लिए तैयार है। यह 'नव केरलम्' (नया केरल) बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।'' श्री राजेश ने कहा कि अत्यधिक गरीबी श्रेणी में पहचाने गए 93 प्रतिशत परिवारों को निरंतर कल्याणकारी उपायों के माध्यम से पहले ही इस स्थिति से बाहर निकाला जा चुका है, जबकि शेष परिवारों को अनुकूलित योजनाओं के माध्यम से सहायता प्रदान की जा रही है। राज्य के लोगों के हितों या कल्याण के अलावा केरल ने जलवायु परिवर्तन और वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन सहित उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए नवीन रणनीतियां विकसित की हैं। मंत्री ने केरल के कल्याण-संचालित शासन मॉडल पर बात करते हुए डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम, हाशिए पर पड़े समूहों के लिए शहरी रोजगार गारंटी योजना, रोजगार सुरक्षा कोष, अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों में 100 अतिरिक्त दिनों के गारंटीकृत रोजगार का प्रावधान और राज्यभर में 4.61 लाख परिवारों के लिए आवास जैसी प्रमुख पहलों का उल्लेख किया।

श्री राजेश ने कहा, ''ये उपलब्धियां सामाजिक न्याय, समावेशी विकास और मजबूत जमीनी स्तर के शासन के प्रति केरल की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।'' उन्होंने कहा कि आगामी विकासना सदासु से उभरने वाले विचार परिवर्तनकारी विकास के अगले चरण को आकार देंगे। उल्लेखनीय है कि केरल पिरवी दिवस पर अपनी आधिकारिक घोषणा की तैयारी कर रहा है, ऐसे में राज्य की यह उपलब्धि भारत और दुनिया के लिए एक ऐसा संदेश है कि समावेशी, जन-केंद्रित नीतियां असंभव प्रतीत होने वाले को भी वास्तविकता में बदल सकती हैं।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' में भाग लें देशवासी: मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समस्त देशवासियों से 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम 'रन फॉर यूनिटी' में भाग लेने की अपील की है।

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को आकाशवाणी पर प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात'' की 127 वीं कड़ी में अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक काल में राष्ट्र की सबसे महान विभूतियों में से एक सरदार पटेल की 150वीं जयंती का दिन पूरे देश के लिए एक बहुत विशेष अवसर है। उनके विराट व्यक्तित्व में अनेक गुण एक साथ समाहित थे। श्री मोदी ने कहा '' वह एक अत्यंत प्रतिभाशाली छात्र थे जिन्होंने भारत और ब्रिटेन में अपनी पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन किया। वह अपने समय के सबसे सफल वकीलों में से भी एक थे। श्री पटेल वकालत में और नाम कमा सकते थे, लेकिन महात्मा गांधी से प्रेरित होकर उन्होंने खुद को स्वतंत्रता आंदोलन में पूरी तरह समर्पित कर दिया।''

श्री मोदी ने कहा कि सरदार पटेल के 'खेड़ा सत्याग्रह' से लेकर 'बोरसद सत्याग्रह' तक अनेक आंदोलनों में उनके योगदान को आज भी याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद नगर निगम के प्रमुख के रूप में उनका कार्यकाल भी ऐतिहासिक रहा था। उन्होंने स्वच्छता और सुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उप-प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के रूप में उनके योगदान के लिए हम सभी सदैव उनके ऋणी रहेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत के प्रशासनिक ढांचे की एक मजबूत नींव भी रखी और देश की एकता और अखंडता के लिए उन्होंने अद्वितीय प्रयास किए। मेरा आप सबसे आग्रह है कि 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती देश-भर में होने वाली 'रन फॉर यूनिटी' में आप सभी अपने लोगों के साथ शामिल हों। श्री मोदी ने कहा कि यह एक प्रकार से युवा चेतना का अवसर बनना चाहिए जो देश की एकता को मजबूती देगा। यह उस महान विभूति के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है।

# ब्रिटेन ने भारत की ई-कोर्ट्स परियोजना में दिखाई दिलचस्पी, अगले हफ्ते दिल्ली में होगी बैठक

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत की महत्वाकांक्षी ई-कोर्ट्स परियोजना अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ध्यान खींच रही है। ब्रिटेन ने इस प्रोजेक्ट में खास रुचि दिखाई है और इसी को लेकर ब्रिटेन का एक प्रतिनिधिमंडल 6 नवंबर को नई दिल्ली पहुंचेगा। यह टीम केंद्रीय कानून मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और सुप्रीम कोर्ट की ई-कमेटी के सदस्यों से मुलाकात करेगी। ई-कोर्ट्स प्रोजेक्ट का मकसद देश की अदालतों को पूरी तरह डिजिटल बनाना है। इसके तहत केस फाइलिंग, रिकॉर्ड मैनेजमेंट, सुनवाई, आदेश और फैसले-सब कुछ ऑनलाइन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह प्रोजेक्ट फिलहाल तीसरे चरण में चल रहा है।

भारत की अदालतों में लंबित मामलों की बड़ी संख्या को देखते हुए डिजिटल सिस्टम को समय की जरूरत माना जा रहा है। ई-कोर्ट्स प्रोजेक्ट से कोर्ट रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित रहेंगे। इसके साथ ही पेपर का इस्तेमाल कम होगा, पर्यावरण के अनुकूल प्रक्रिया होगी। वहीं वर्चुअल सुनवाई से समय और यात्रा खर्च बचेगा। इसके साथ ही कोर्ट फीस, जुर्माना आदि की ऑनलाइन भुगतान सुविधा होगी और न्यायिक प्रक्रिया पारदर्शी और तेज होगी।

ब्रिटेन प्रतिनिधिमंडल का यह दौरा न्यायिक क्षेत्र में तकनीकी सहयोग को बढ़ाने का एक अवसर माना जा रहा है। माना जा रहा है कि दोनों देश न्याय व्यवस्था में डिजिटल सुधार के अनुभव साझा कर सकते हैं और भविष्य में संयुक्त प्रोजेक्ट्स पर भी काम हो सकता है।

# पेज एक का शेष

### भगवद्गीता आधुनिक...

अवसर पर जोर देकर कहा कि भगवद गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि आधुनिक जीवन के लिए नैतिक और आध्यात्मिक मार्गदर्शन भी है।

### उप्र में लोक आराधना...

की गई हैं। वहीं, लखनऊ और वाराणसी में सोमवार और मंगलवार को ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा। सोमवार को दोपहर 12 बजे से रात 1 बजे तक तथा मंगलवार तड़के 3 बजे से पूजा के समापन तक यातायात व्यवस्था में बदलाव रहेगा। कई जिलों में विद्यालयों में सोमवार को अर्ध अवकाश और मंगलवार को पूर्ण अवकाश घोषित किया गया है।

### 'आसियान भारत...

कि आसियान कम्युनिटी विज़न 2045' और'विकसित भारत 2047' का लक्ष्य पूरी मानवता के लिए एक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करेगा।आप सभी के साथ भारत कंधे से कंधा मिलाकर इस दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने अपने वक्तव्य के शुरू में तिमोर लेस्ते का नया सदस्य के रूप में स्वागत किया और थाईलैंड की महारानी के निधन पर शोक संवदेना व्यक्त की। उन्होंने कहा , '' मुझे एक बार फिर अपने आसियान परिवार में शामिल होने का मौका मिला है। मैं आसियान समिट के सफल आयोजन के लिए प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को बधाई देता हूं। मैं तिमोर-लेस्ते का आसियान के सबसे नए सदस्य के रूप में स्वागत करता हूं। मैं थाईलैंड की महारानी मां के निधन पर शोक व्यक्त करता हूं। उल्लेखनीय है कि श्री मोदी देश में अपने व्यस्त कार्यक्रमों के चलते इस सम्मेलन में भाग लेने नहीं जा सके और विदेश मंत्री डा एस जयशंकर इस सम्मेलन में श्री मोदी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर और...

जलाए गए जहां कभी माओवादी आतंक का अंधेरा छाया रहता था। लोग उस माओवादी आतंक का जड़ से खात्मा चाहते हैं जिसने उनके बच्चों का भविष्य संकट में डाल दिया था। मोदी ने कोमरम भीम के साहस की भी सराहना की, जिन्होंने हैदराबाद के निजाम के अत्याचारों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी और क्षेत्र में किसानों की फसलों को जब्त करने के लिए उनके द्वारा भेजे गए एक अधिकारी को मार डाला था। उन्होंने कहा, ''साथियो, उस दौर में जब निजाम के खिलाफ एक शब्द बोलना भी गुनाह था। उस नौजवान ने सिद्दीकी नाम के निजाम के एक अधिकारी को खुली चुनौती दे दी थी। निजाम ने सिद्दीकी को किसानों की फसलें जब्त करने के लिए भेजा था। लेकिन अत्याचार के खिलाफ इस संघर्ष में उस नौजवान ने सिद्दीकी को मौत के घाट उतार दिया। मोदी ने कहा कि भीम गिरफ्तारी से बच निकलने में भी कामयाब रहे और निजाम की अत्याचारी पुलिस से बचते हुए सैकड़ों किलोमीटर दूर असम जा पहुंचे। उन्होंने कहा कि कोमरम भीम की आयु बहुत लंबी नहीं रही, वे महज 40 वर्ष ही जीवित रहे लेकिन अपने जीवन-काल में उन्होंने अनगिनत लोगों, विशेषकर आदिवासी समाज के हृदय में अमिट छाप छोड़ी। प्रधानमंत्री ने कहा कि 15 नवंबर को राष्ट्र भगवान बिरसा मुंडा की जयंती (जनजातीय गौरव दिवस) मनाएगा। उन्होंने कहा, ''भगवान बिरसा मुंडा जी और कोमरम भीम जी की तरह ही हमारे आदिवासी समुदायों में कई और विभूतियां हुई हैं। मेरा आग्रह है कि आप उनके बारे में अवश्य पढ़ें।

### बेमौसम बारिश ...

हल्की बारिश की संभावना है। दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में बना गहन अवदाब तेजी से प्रबल होकर गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल रहा है। इसके असर से 29 से 31 अक्तूबर के बीच पूर्वांचल के कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना बन रही है।

### 21 नक्सलियों ने ...

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि केशकाल इलाके के कुछ नक्सलियों ने आत्मसमर्पण नहीं किया है, लेकिन जल्द ही वे भी आत्मसमर्पण कर लेंगे। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुंदरराज पाटलिंगम ने कहा कि आज इन 21 नक्सलियों के आत्मसमर्पण करने के बाद माड़ डिवीजन, इंद्रावती एरिया कमेटी, उत्तर बस्तर डिवीजन लगभग पूरी तरह से नक्सल मुक्त हो गया है। पिछले 10 दिन में बस्तर में ही 231 नक्सलियों ने हथियार के साथ हिंसा का रास्ता छोड़ दिया है। पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के गढ़िचरौली में नक्सली लीडर भूपति समेत 61 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ा और हथियार डाल दिए। इस तरह पिछले 15 दिनों के अंदर इन दोनों जगहों पर कुल 292 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

### बीमार लोगों को इलाज....

संख्या में लोगों को रोजगार भी मिलेगा। यशोदा मेडिसिटी में विश्व स्तर के कैंसर रोग के इलाज की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि विगत 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश में 42 मेडिकल कॉलेज बनाए गए हैं। दो एम्स बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि सुपर स्पेशलिटी के कई नए संस्थान उत्तर प्रदेश में स्थापित हुए हैं, जिनके माध्यम से उत्तर प्रदेश के 25 करोड़ नागरिकों को बेहतरीन स्वस्थ सेवा उपलब्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के प्रयास से हेल्थ केयर में एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के तहत निजी क्षेत्र के अस्पताल काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि धर्म के जितने भी साधन है, जीवन के जितने भी उद्देश्य हैं, एक स्वस्थ्य शरीर से ही संपन्न हो सकते हैं। स्वस्थ्य शरीर के लिए स्वास्थ्य की बेहतरीन सुविधाएं आवश्यक है। यशोदा मेडिसिटी ऐसे सभी लोगों के लिए वरदान साबित होगाए जो लोग बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधा के लिए भटकते थे। उन्होंने कहा कि यशोदा मेडिसिटी के चेयरमैन डॉक्टर पीएन अरोड़ा का व्यवहार हर किसी को अपनी तरफ आकर्षित करता है। उन्होंने कहा कि चाहे किसी के पास पैसा हो या ना हो पीएन अरोड़ा हर किसी का उपचार करते हैं। मंच पर पहुंचने से पहओ राष्ट्रपति मुर्मु ने अस्पताल परिसर का भ्रमण कर आधुनिक उपकरण और बेहतर इलाज के बारे में जाना। मंच पर यशोदा अस्पताल के प्रबंधन की ओर से डॉक्टर पीएन अरोड़ा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके बाद अस्पताल के चेयरमैन ने अस्पताल के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह विश्व का बेहतर मेडिसिटी अस्पताल है, यशोदा मेडिसिटी अस्पताल एक हजार दिन में बनकर तैयार हुआ है। अस्पताल प्रबंधन की ओर से अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में बताया गया। राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर कमांडों और सुरक्षाबलों ने कल शाम को ही अज्ञपताल परिसर में डेरा डाल दिया था। इसके अलावा दो हजार से अधिक जवान कार्यक्रम स्थल से लेकर रूट पर सुरक्षा व्यवस्था में लगाए गए है। सुबह से पुलिस ओर प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का कई बार जायजा लिया और सुरक्षा समेत तमाम इंतजामों की समीक्षा की गई। सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त के तहत ट्रांस हिंडन जोन को नो-ड्रोन जोन घोषित किया गया था। वहीं कार्यक्रम को लेकर सुबह से कई स्थानों पर यातायात डायवर्ट किया गया।

# मनसा देवी मंदिर पहाड़ी के संरक्षण व पैदल मार्ग के निर्माण को मिली भारत सरकार की स्वीकृति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों से राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की 85 वीं बैठक में राजाजी नेशनल पार्क रिजर्व वन क्षेत्र में कार्यों के लिए अनुमति प्रदान कर दी गई है। स्वीकृति में मनसा देवी मंदिर के पैदल मार्ग का निर्माण तथा पहाड़ी का संरक्षण भी शामिल है।

गौरतलब है कि वर्षा एवं भू-स्खलन के कारण मनसा देवी पैदल मार्ग कई स्थानों से क्षतिग्रस्त हो गया था। साथ ही पहाड़ी से भीमगोडा क्षेत्र में कई बार भूस्खलन हुआ था। मनसा देवी मंदिर जिस पहाड़ी पर स्थित है, वह संरक्षित वन क्षेत्र राजाजी राष्ट्रीय पार्क का हिस्सा है। अतः मनसा देवी पैदल मार्ग को दुरस्त करने के लिए जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड से अनुमति के लिए शासन को पत्र प्रेषित किया था। अनुमति प्राप्त होने के बाद जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कार्यदायीं संस्था सिंचाई विभाग को निर्देश दिए है कि मनसा देवी पैदल सड़क मार्ग का जो भी पुर्ननिर्माण एवं मरम्मत कार्य किया जाना है उस कार्य को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किया जाए, ताकि मनसा देवी के दर्शन करने आने वाले श्रृद्धालुओं को आवागमन करने में कोइ भी असुविधा ना हो। जिलाधिकारी ने कहा कि मनसा देवी हरिद्वार की पहचान है इसलिए मां मनसा देवी क्षेत्र को सुरक्षित रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। अधिशासी अभियंता सिंचाई खण्ड ओमजी गुप्ता ने बताया कि मनसा देवी पैदल क्षतिग्रस्त मार्ग के पुर्ननिर्माण और मरम्मत कार्यो के लिए भारत सरकार से 156.48 लाख की धनराशि स्वीकृत की गयी है। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में मंसा देवी क्षतिग्रस्त पैदल मार्ग को एवं पहाड़ी के संरक्षण एवं कटाव को रोकने के उद्देश्य से हिल ट्रीटमेंट निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है।

# कतर एयरवेज़ अमृतसर से दोहा होते हुए टोरंटो के लिए रोज़ाना उड़ान संचालित करेगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमृतसर। पंजाब और कनाडा में रहने वाले पंजाबी समुदाय के लिए टोरंटो की हवाई यात्रा अब और भी आसान हो गई है। विश्व प्रसिद्ध कतर एयरवेज़ ने 26 अक्टूबर से अपनी दोहा-टोरंटो उड़ानें रोज़ाना कर दी हैं, जिससे श्री गुरु रामदास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे अमृतसर से दोहा होते हुए कनाडा के लिए उड़ानों की संख्या में और वृद्धि हुई है। फ्लाई अमृतसर इनिशिएटिव के वैश्विक संयोजक समीप सिंह गुमटाला और संयोजक (उत्तरी अमेरिका) अनंतदीप सिंह ढिल्लों ने रविवार को यहां दिए एक संयुक्त बयान में कहा कि दोहा-टोरंटो उड़ानों की संख्या में वृद्धि से अक्टूबर की शुरुआत में मिलान के रास्ते नियोस एयर की अमृतसर-टोरंटो सेवा के निलंबन के बाद यात्रियों को कुछ राहत मिलेगी। टोरंटो के लिए दैनिक उड़ानों के अलावा, कतर एयरवेज़ अमृतसर को मॉन्ट्रियल, कनाडा के लिए दैनिक उड़ानों से भी जोड़ता है। टोरंटो और मॉन्ट्रियल के यात्री एयर कनाडा या वेस्टजेट के माध्यम से कैलगरी, एडमोंटन और वैंकूवर जैसे अन्य कनाडाई शहरों के लिए भी उड़ान भर सकते हैं। कतर एयरवेज़ ने दिसंबर 2024 में प्रति सप्ताह तीन उड़ानों के साथ अपना दोहा-टोरंटो मार्ग शुरू किया, जिससे जून 2025 तक उड़ानों की संख्या बढ़कर पाँच हो जाएगी। गुमटाला ने कहा, ''कतर एयरवेज़ की दैनिक अमृतसर-दोहा उड़ानें पहले से ही पंजाबियों को अमेरिका, कनाडा, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया के कई शहरों से जोड़ती हैं। दैनिक दोहा-टोरंटो उड़ानों के विस्तार से यात्रियों को, खासकर आगामी शीतकालीन छुट्टियों के दौरान, अधिक विकल्प मिलेंगे और इससे उन्हें दिल्ली हवाई अड्डे पर भीड़भाड़, लंबी कतारों, इमिग्रेशन और सामान की दोबारा जाँच और जमा करने की परेशानियों से राहत मिलेगी।'' गुमटाला ने कहा कि यात्रियों और कतर की भारी माँग के बावजूद, कतर एयरवेज़ भारत-कतर द्विपक्षीय हवाई सेवा समझौते के तहत अमृतसर के लिए यात्रियों या उड़ानों की संख्या नहीं बढ़ा सकता। हवाई समझौतों के तहत, कतर अमृतसर से प्रति सप्ताह अधिकतम 1,259 यात्रियों को ही ले जा सकता है। इस वजह से, पंजाबियों की प्राथमिकता और भारी माँग के कारण कतर की अमृतसर की उड़ानें अक्सर दिल्ली से ज़्यादा महंगी होती हैं। अमृतसर से हवाई संपर्क बढ़ाने की चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए, ढिल्लों ने आगे कहा, ''कतर एयरवेज़ जैसी एयरलाइंस अमृतसर से हवाई संपर्क बढ़ाने के लिए तैयार हैं, लेकिन भारत की एयर इंडिया और इंडिगो एयरलाइंस अमृतसर से टोरंटो, वैंकूवर, मिलान और रोम जैसे बड़ी पंजाबी आबादी वाले प्रमुख अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए सीधी उड़ानें शुरू नहीं कर रही हैं। भारत सरकार को अमृतसर और पंजाब की सहायता के लिए एक अधिक खुली और क्षेत्रीय रूप से संतुलित विमानन नीति अपनानी चाहिए।

# कपिल मिश्रा ने सचदेवा के साथ कई छठ घाटों का किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के कला, संस्कृति और भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने रविवार को वसुदेव घाट सहित कई छठ घाटों का निरीक्षण किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा अशोक नगर, कोंडली और त्रिलोक पुरी के छठ घाटों के निरीक्षण के दौरान कपिल मिश्रा के साथ मौजूद रहे। मंत्री कपिल मिश्रा ने बताया कि कुछ घंटों में और तेजी से घाटों का समतलीकरण व निर्माण किया जा रहा है, सभी प्रशासनिक अमले रातदिन छठी मैय्या के उपासकों की सेवा में लगे हैं। कोंडली, त्रिलोकपुरी में जनता ने मांग रखी कि छठ पूजन के लिए अतिरिक्त घाटों का निर्माण किया जाए। उनकी मांग के मुताबिक अधिकारियों को कार्य पूरा करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। कपिल मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में सरकार व संगठन दोनों साथ में मिलकर छठ महापर्व की व्यवस्था को सुनिश्चित करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल तक यमुना में 5 किलोमीटर लंबा और 10 फुट ऊंचा झाग था लेकिन आज जमीन आसमान का अंतर है। उन्होंने कहा कि पिछले 7 सालों से पूर्वांचल के लोगों को घाटों पर पूजा नहीं करने दी गई, इन्होंने पूर्वांचल समाज के लोगों को जानकर प्रताड़ित किया था। यह उनका दर्द है कि वे जो 11 साल में नहीं कर पाए हैं, वह 7 महीनों में हो रहा है। पिछली सरकार में अरविंद केजरीवाल ने यमुना पर छठ पूजा बंद करके रखी थी और पूर्वांचलियों के ऊपर झूठे मुकदमे लगाए। कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली में पहली बार 1300 से ज्यादा घाटों पर छठ पूजा का आयोजन किया जा रहा है, जो पिछली सरकार 11 साल में नहीं कर पाई वो हमारी सरकार ने चंद महीनों में कर दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में करीब 1300 छठ घाट का निर्माण हो रहा है, किसी भी छठव्रती को कोई असुविधा नहीं होने दी जाएगी।

# छठ महापर्व का दूसरा दिन, श्रद्धा और भक्ति के साथ 'खरना' करेंगी व्रती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। लोक आस्था के महापर्व छठ का दूसरा दिन 'खरना' आज पूरे श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। छठ व्रत के चार दिवसीय अनुष्ठान में खरना का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। नहाय-खाय के बाद यह दूसरा दिन व्रतियों के लिए अत्यंत कठिन तपस्या का प्रतीक होता है, क्योंकि इस दिन व्रती निर्जला उपवास रखते हैं और सूर्यास्त के बाद पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण करते हैं।

सुबह से ही व्रती महिलाएँ घरों की साफ-सफाई कर पूजा की तैयारियों में जुटी रहीं। शाम के समय सूर्यास्त के बाद विधि-विधान से खरना पूजा की जाती है। व्रतियों द्वारा गुड़, दूध और चावल से बनी खीर, गेहूं की रोटी और केले का प्रसाद बनाया जाता है। प्रसाद को मिट्टी या कांसे के बर्तनों में रखकर सूर्य देव और छठी मईया को अर्पित किया जाता है। पूजा के उपरांत व्रती प्रसाद ग्रहण कर उपवास तोड़ते हैं और फिर यही प्रसाद परिवारजनों तथा आस-पड़ोस के लोगों के बीच वितरित किया जाता है। खरना के साथ छठ महापर्व का मुख्य अनुष्ठान आरंभ हो जाता है, जो अगले दो दिनों तक चलता है। तीसरे दिन संध्या अर्घ्य के अवसर पर श्रद्धालु डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं, जबकि चौथे दिन उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ यह महापर्व सम्पन्न होता है। यह पर्व न केवल सूर्य उपासना का प्रतीक है, बल्कि शुद्धता, संयम और सामाजिक एकता का भी संदेश देता है। वातावरण पूरी तरह छठमय हो उठा है। घरों और घाटों पर छठ गीतों की मधुर गूंज सुनाई दे रही है। व्रती महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में पूजा की तैयारी कर रही हैं, वहीं घाटों पर सफाई और सजावट का कार्य भी अंतिम चरण में है। लोग अपने परिजनों के साथ घाटों की ओर प्रस्थान करने की तैयारी में जुटे हैं। छठ पर्व की विशेषता इसका अनुशासन, स्वच्छता और सामूहिकता है। व्रती महिलाएं पूरे परिवार और समाज के कल्याण की कामना करते हुए सूर्य देव और छठी मईया की आराधना करती हैं। खरना के इस पवित्र दिन के साथ ही वातावरण में भक्ति, आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।

## पंजाब सीमा पर पिस्तौल ड्रोन और हेरोइन बरामद

जालंधर। हथियारों और नशीले पदार्थों की सीमा पार से तस्करी पर कड़ी कार्रवाई करते हुए, सतर्क बीएसएफ जवानों ने फिरोजपुर और अमृतसर सीमा पर कई घटनाओं में दो पिस्तौल, दो ड्रोन और हेरोइन जब्त की।

बीएसएफ के प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि शनिवार को बीएसएफ की खुफिया शाखा की सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए ड्यूटी पर तैनात सतर्क बीएसएफ जवानों ने अमृतसर के दाओके गाँव से सटे एक इलाके से एक डीजेआई एयर 3एस ड्रोन टूटी हुई हालत में बरामद किया। शाम को एक अन्य मामले में बीएसएफ जवानों ने अमृतसर के कहनगढ़ गाँव के पास एक खेत से एक और डीजेआई माविक तीन क्लासिक ड्रोन, जिसमें एक पिस्तौल और मेगाज़ीन था, को निष्क्रिय करके बरामद किया। विशिष्ट सूचना के आधार पर, सतर्क बीएसएफ जवानों ने फिरोजपुर सीमा पर तलाशी अभियान चलाया और बहादुरके गाँव के पास एक खेत से एक पिस्तौल, 01 मैगज़ीन और 02 कारतूस बरामद किए।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को सुना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम केदारनाथ साहनी ऑडिटोरियम नई दिल्ली में आमजन एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं के साथ सुनीं। यह जानकारी मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया एक्स अकाउंट पर साझा की। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि मन की बात कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री ने महापर्व छठ पूजा की शुभकामनाओं से की तथा 'लौह पुरुष' सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर को आयोजित होने वाले रन फॉर यूनिटी में देशवासियों की सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। साथ ही प्रधानमंत्री ने आगामी 7 नवंबर को वंदे मातरम् के 150वें वर्ष प्रवेश उत्सव के अवसर पर नागरिकों से अपने मूल्यवान सुझाव '卐वंदे मातरम् 150' के माध्यम से साझा करने का आग्रह किया। सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने वाले विभिन्न प्रेरक प्रयासों का उल्लेख करते हुए उनकी सराहना भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन संवाद पर आधारित 'मन की बात' कार्यक्रम सामाजिक उपलब्धियों और जन-भागीदारी की प्रेरक कहानियों का एक महत्वपूर्ण मंच है। यह कार्यक्रम राष्ट्र को जोड़ने, प्रेरित करने और सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में सामूहिक प्रयास को प्रोत्साहित करने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है।

# कटिहार में तेजस्वी यादव का भाजपा और जदयू पर हमला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कटिहार। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव रविवार को कटिहार जिले के प्राणपुर विधानसभा अंतर्गत आजामनगर में आयोजित जनसभा में भाजपा और जदयू पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार पलटी मारकर भाजपा में चले गए हैं और भाजपा को बिहार में जगह देने का काम किया है। तेजस्वी यादव ने वक्फ बोर्ड संशोधन बिल का विरोध करते हुए कहा कि यह बिल मुसलमानों के खिलाफ है और बिहार में उनकी सरकार बनने पर इसे कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा मुसलमानों को परेशान करने के लिए इस तरह के बिल लेकर आ रही है। तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार पर नकलची होने का आरोप लगाया और कहा कि वे हमारी योजनाओं की नकल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने पेंशन बढ़ाने की बात कही तो नितीश कुमार ने हड़बड़ी में पेंशन राशि बढ़ाकर 11 सौ रूपये कर दी। तेजस्वी यादव ने कहा कि भले ही मेरी उम्र कच्ची है, लेकिन जुबान पक्की है। जो कहा वो किया, जो कह रहे हैं वो करेंगे। आप तय कीजिए परिवार में सरकारी नौकरी चाहिए या केवल 10 हजार रूपये चाहिए। तेजस्वी यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वे केवल दंगा-फसाद करवाते हैं और हिंदू-मुस्लिमों को लड़वाते हैं।

## दिनदहाड़े रॉड से हमला करने वाला आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली,। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने सरिता विहार में दिनदहाड़े लोहे की रॉड से हमला करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित की पहचान अली गांव, सरिता विहार निवासी मोहित उर्फ पोली (31) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपित फरार होने की फिराक में आनंद विहार बस अड्डे से पकड़ा गया। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने रविवार को बताया कि 24 अक्टूबर को अली गांव निवासी रघुराज सिंह ने शिकायत दी थी कि दोपहर करीब 12 बजे जब वह अपनी कार से लाजपत नगर की ओर जा रहे थे, तभी अशोक नेताजी मार्केट, अली एक्सटेंशन के पास दो युवक मोटरसाइकिल पर आए और उनकी गाड़ी रोक ली। उनमें से एक युवक ने रॉड से कार के शीशे पर हमला कर दिया। जब रघुराज सिंह नीचे उतरे, तो आरोपित ने रॉड से उनके घुटने पर वार किया, जिससे वह गिर पड़े। इस बीच एक महिला और एक रिक्शा चालक ने बीच-बचाव किया। जिसके बाद आरोपित और उसका साथी वहां से फरार हो गए। पुलिस उपायुक्त के अनुसार पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मुकदमा दर्ज किया। उक्त मामले का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस के अलावा क्राइम ब्रांच को जांच में लगाया गया।

# छठ महापर्व : खरना खीर खाकर शुरू होगा 36 घंटे का निर्जला उपवास

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हरिद्वार। भगवान भास्कर की आराधना के महापर्व छठ पूजा के लिए रविवार को खरना पूजन के साथ 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जाएगा। सोमवार की शाम अस्ताचलगामी सूर्य और मंगलवार को सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। छठ महापर्व को लेकर लोगों में खासा उल्लास है। तीर्थनगरी हरिद्वार के समस्त गंगा घाटों पर छठ पूजा तैयारियों व साफ सफाई को अंतिम रुप दिया जा रहा है। आचार्य पंडित उद्धव मिश्रा ने बताया कि शनिवार को शोभन, रवि एवं सिद्ध योग के उत्तम संयोग में नहाय-खाय के साथ शुरू हुए छठ पर्व के अंतर्गत रविवार को रवियोग व सर्वार्थ सिद्धि योग में व्रती खरना का प्रसाद ग्रहण करेंगी। उन्होंने कहा कि सोमवार को पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र के साथ सुकर्मा योग में अस्ताचलगामी सूर्य को एवं मंगलवार को त्रिपुष्कर एवं रवियोग का मंगलकारी संयोग में व्रती उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद चार दिवसीय महापर्व का समापन पारण के साथ करेंगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार छठ व्रत करने की परंपरा ऋग्वैदिक काल से चली आ रही है। आचार्य भोगेंद्र झा ने कहा कि छठ महापर्व के दौरान व्रती पर छठी मैया की कृपा बरसती है। छठ महापर्व खासकर शरीर, मन तथा आत्मा की शुद्धि का पर्व है। वैदिक मान्यताओं के अनुसार नहाय-खाय से छठ के पारण सप्तमी तिथि तक भक्तों पर छठी मैया की विशेष कृपा बरसती है। प्रत्यक्ष देवता सूर्य को पीतल या तांबे के पात्र से अर्घ्य देने से आरोग्यता का वरदान मिलता है। सूर्य की किरणों में कई रोगों को नष्ट करने की क्षमता होती है। वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेत्री रंजीता झा ने कहा कि छठ महापर्व के पहले दिन में नहाय-खाय में लौकी की सब्जी, अरवा चावल, चने की दाल, आंवला की चासनी के सेवन का खास महत्व है। खरना के प्रसाद में ईख के कच्चे रस, गुड़ के सेवन से त्वचा रोग, आंख की पीड़ा समाप्त हो जाते है। इसके प्रसाद से तेजस्विता, निरोगिता व बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए छठ पर्व जरूरी है। मौसम में फास्फोरस की कमी होने के कारण शरीर में रोग (कफ, सर्दी, जुकाम) के लक्षण परिलक्षित होने लगते हैं। प्रकृति में फास्फोरस सबसे ज्यादा गुड़ में पाया जाता है। जिस दिन से छठ शुरू होता है उसी दिन से गुड़ वाले पदार्थ का सेवन शुरू हो जााता है।तीर्थनगरी में घर से लेकर घाट तक सजकर तैयार है। रंगीन रोशनी से घाट जगमगा रहे हैं और छठ गीतों से माहौल भक्तिमय बना हुआ है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063